# विधानसभा लोकतंत्र का पवित्र मंदिर, दर्शक दीर्घा इसका पहला प्रभाव: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया विधानसभा की नवीनीकृत दर्शक दीर्घा का उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा की नवीनीकृत दर्शक दीर्घा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने इसे समस्त विधानसभा सदस्यों और प्रदेश की 25 करोड़ जनता को समर्पित करते हुए कहा कि विधानसभा प्रदेश के समस्त नागरिकों के लिए लोकतंत्र का आधार है। यह लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। इस पवित्र मंदिर में जब कोई आए तो उसका पहला प्रभाव यहां की दर्शक दीर्घा के माध्यम से ही पड़े। यह सिर्फ सत्ता पक्ष ही नहीं, बल्कि विपक्ष के लिए भी प्रसन्नता का क्षण होना चाहिए, क्योंकि आप सभी की संस्तुति पर ही दर्शक दीर्घा के सुंदरीकरण का यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

दर्शक दीर्घा के उद्घाटन पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री समेत मंच पर उपस्थित सभी मंत्रियों एवं नेता विपक्ष को मूल संविधान की एक-एक प्रति भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का भी विमोचन किया। इन पुस्तकों में देश की आजादी से लेकर अब तक मुख्यमंत्री और नेता विपक्ष की संपूर्ण जानकारी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में विधायिका का महत्वपूर्ण स्थान है। विधायिका एक प्रकार से मार्गदर्शिका है। सभी माननीय सदस्य न केवल विधायिका से जुड़ते हैं, बल्कि यह उन्हें विकास की, जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने का भी एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष का भी अभिनंदन करूंगा, जिन्होंने पौने तीन वर्ष के इस कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की विधानसभा को न केवल लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ के रूप में, बल्कि आधुनिकता के साथ जोड़ने का भी काम किया है। ये गौरव, देश की सबसे बड़ी विधानसभा को जाता है, जिसने ई-विधान लागू किया है। आज आप देख सकते हैं कि आपके सामने ई-विधान किस रूप से



सफलतापूर्वक लागू हो सकता है। उत्तर प्रदेश विधानसभा पेपरलेस होकर इसका उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। यह सिर्फ विधानसभा के लिए नहीं, बल्कि हम सबके लिए और 25 करोड़ की आबादी के लिए भी गौरवपूर्ण क्षण था। इसके साथ ही विधानसभा के गलियारे का किस रूप में सुंदरीकरण किया जाना चाहिए, यह भी आपने देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा संचालन के जो नियम 1952 में पहली विधानसभा गठन के तत्काल बाद लागू हुए थे, वे जैसे के तैसे पड़े थे। समय के अनुरूप मांग के आलोक में उसमें आवश्यक संसोधन नहीं हो पाए थे। यह कार्य भी इस दौरान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। प्रश्नकाल में हम देखते हैं कि केवल दो सदस्य ही नहीं, बल्कि 20-20 प्रश्नों का उत्तर मंत्रियों से पूछ सकते हैं और उनका जवाब भी यहां पर हाथों-हाथ उन्हें प्राप्त होता है। यही सही लोकतंत्र है कि जब एक माननीय सदस्य संबंधित विभाग के मंत्री से संबंधित प्रश्नों का जवाब लेकर लोकहित से जुड़े हुए मुद्दों को रखने का माध्यम बनता है। यह तब हो पाया जब हम लोगों ने विधानसभा संचालन के नियमों में संशोधन कर यथासमय में उसे लागू भी किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में अपनी रुचि के अनुसार विषयों को रखने का मुद्दा हो या फिर एक दिन केवल महिला सदस्यों को चर्चा करने देने का निर्णय रहा हो, ये सब इस सदन ने देखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1952 से लेकर अब तक कब-कब कौन नेता सदन और नेता प्रतिपक्ष रहा, उससे संबंधित एक प्रकाशन विधानसभा के शोध ग्रंथालय के माध्यम से प्रकाशित हुआ है। मुख्यमंत्री के रूप में किन-किन महानुभावों ने सदन की गरिमा को बढ़ाया है, इसके विकास के लिए किन मुद्दों को उन्होंने छुआ है और कैसे विकास को एक निरंतरता देने में योगदान किया है, यह जानना महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र और विधायिका में काम का आधार सत्ता और विपक्ष दोनों हैं, यही लोकतंत्र के दो पहिए हैं। दोनों जब मिलकर कार्य करते हैं तो एक सशक्त लोकतंत्र को जन्म देते हैं। उसका सशक्त माध्यम संवाद है, चर्चा परिचर्चा है। हमारा मुद्दों पर एक दूसरे से मतभेद हो सकता है, लेकिन संवाद बाधित नहीं हो सकता है, बल्कि हम संवाद से उस समस्या के समाधान का रास्ता निकालेंगे। चाहूंगा कि आपमें से हर सदस्य को इसे अपने पास रखना चाहिए, नॉलेज के लिए भी और आने वाली पीढ़ी को विरासत में देने के लिए भी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शीतकालीन सत्र के पहले अध्यक्ष ने एक सौगात और दी है। यह वर्ष भारत के संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरा करने की ओर बढ़ रहा है। 26 जनवरी 2025 को भारत के संविधान को 75 वर्ष पूरे होंगे और मैं आग्रह करूंगा कि सभी सदस्यों को बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की अध्यक्षता में बनी संविधान की ड्राफ्टिंग समिति की एक-एक मूल प्रति उपलब्ध कराई जाए। आप इसको पढ़िए, इसका एक-एक पेज वास्तव में भारत की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है, भारत का दर्शन कराता है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना एवं नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडे मंच पर उपस्थित रहे।

### सीएम योगी के निर्देश पर हुआ दर्शक दीर्घा का सुंदरीकरण

विधानसभा की दर्शक दीर्घा के सुंदरीकरण पर प्रकाश डालते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि पूरी दुनिया में जब भी कोई सरकारी डेलीगेशन जाते हैं तो वहां की पार्लियामेंट और असेंबली को जरूर देखने जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार चर्चा की थी कि अगर पूरे देश और दुनिया की पार्लियामेंट और असेंबली को देखा जा सकता है तो उत्तर प्रदेश की विधानसभा का स्वरूप भी ऐसा होना चाहिए कि दुनिया भर से लोग देखने आएं। उन्होंने बताया कि दर्शक दीर्घा में संविधान के मूल स्वरूप के पन्नों के आर्ट्स लगाए गए हैं, ताकि जो लोग आएं, उन्हें पता चले कि हमारे देश के संविधान का कितना महत्व है।

# प्रधानमंत्री का जिस दिन आदेश होगा, तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा: आशीष पटेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने अपने विभाग में पदोन्नति में कथित अनियमितता के मामले को लेकर अपनी 'राजनीतिक हत्या' की साजिश का आरोप लगाया है और कहा है कि प्रधानमंत्री का जिस दिन आदेश होगा वह तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।

प्राविधिक शिक्षा विभाग में 100 से अधिक व्याख्याताओं को नियम के खिलाफ पदोन्नत करने से आरक्षित वर्ग के वंचित रह जाने के आरोपों के बीच रविवार देर रात सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आशीष पटेल ने यह प्रतिक्रिया दी। सोमवार से शुरू हो रहे राज्य विधानमंडल सत्र के बीच राजग के घटक दल के कोटे से आने वाले मंत्री के इस कदम से राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के पति आशीष पटेल ने रविवार देर रात 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''मीडिया और सोशल मीडिया पर मेरी 'राजनीतिक हत्या' की साजिश के तहत तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। मेरे मंत्रित्व काल में प्राविधिक शिक्षा विभाग में वंचित वर्ग से आने वाले कर्मियों के हितों की रक्षा को लेकर उठाए गए कदमों का पूरे उत्तर प्रदेश को पता है। पटेल ने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, ''सबको पता है कि इसके पीछे कौन है। आगे और भी ऐसे आरोप लगेंगे। ऐसे मिथ्या आरोपों से डरने वाले कोई और होंगे। अपना दल (एस) वंचितों के हक की लड़ाई से पीछे नहीं हटने वाला। अपने अगले पोस्ट में प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने कहा, ''एक बात और, सामाजिक न्याय की जंग के लिए अपना दल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व व माननीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के सानिध्य में 2014 में राजग का अंग बना था। प्रधानमंत्री का जिस दिन आदेश होगा, मैं तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा। अनुप्रिया पटेल की बड़ी बहन और अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व समाजवादी पार्टी (सपा) की विधायक पल्लवी पटेल ने प्राविधिक शिक्षा विभाग में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं।

# कांग्रेस ने विधानसभा में उठाया संभल और बहराइच में हुई हिंसा का मुद्दा

## आराधना मिश्रा मोना ने कहा, प्रदेश में सांप्रदायिक हिंसा में लगातार हो रही वृद्धि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। विधानसभा के शीत सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने संभल और बहराइच में हुई हिंसा का मुद्दा उठाया। साथ ही, प्रदेश में बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा पर चिंता जाहिर करते हुए सदन में चर्चा कराए जाने की मांग की। कांग्रेस ने सरकार पर हिंसा न रोक पाने और भाजपा की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए जवाब देने से बचने का आरोप लगाया।

कांग्रेस विधान मंडल दल नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधानसभा में नियम 311 के तहत प्रदेश में हो रही सांप्रदायिक हिंसा में वृद्धि और प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर चर्चा कराने की मांग की और पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार को प्रदेश में अपराध और सांप्रदायिक हिंसा को रोक पाने और अपनी जिम्मेदारियों से भागने का दोषी बताया। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सांप्रदायिक हिंसा में लगातार वृद्धि होती



चली जा रही है, जिससे कहीं ना कहीं प्रदेश के जनमानस में जीवन की सुरक्षा को लेकर भी काफी भय और चिंता व्याप्त हो गई है। आराधना मिश्रा ने कहा कि 13 अक्टूबर 2024 की शाम बहराइच के महसी तहसील के महाराजगंज कस्बे में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान हंगामा होने से गोली चलने से रामगोपाल मिश्रा नाम की युवक की मौत हो गई, इसके पीछे वही लोग शामिल हैं जो धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर राजनीति करते हैं। इस घटना में काफी लोग घायल भी हुए। इसके बाद 24 नवंबर 2024 को प्रदेश के जनपद संभल में सर्वेक्षण प्रक्रिया के दौरान तनावपूर्ण स्थितियां बनने से हुई फायरिंग और पत्थरबाजी की हिंसक घटना से चार लोगों की मौत हो गई और 30 पुलिसकर्मी घायल हो गए। इतने गंभीर विषयों जिससे प्रदेश का जनमानस प्रभावित हो रहा है भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार चर्चा कराने से और जवाब देने से बच रही है इससे स्पष्ट होता है कि सरकार की असफलता है। वहां पर भाजपा के वर्तमान विधायक ने अपने जिला अध्यक्ष पर एफआईआर कराई, इससे पता चलता है कि भाजपा के तार इन घटनाओं से जुड़े हैं। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि इस तरीके की घटनाएं पूरे प्रदेश में लोगों के मन में भय और चिंता के साथ असुरक्षा की भावना पैदा कर रही है, जिससे लोगों में रोष और आक्रोश भी बढ़ रहा है। इसके अलावा, उन्होंने सदन में आग लगने से झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई बच्चों की मौतों पर भी चर्चा कराने की मांग की।

### इंदिरा गांधी ने 1971 में पाकिस्तान को परास्त कर बंग्लादेश बनाया : डॉ दिनेश सोनी

**करछना प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी करछना में 16 दिसंबर को विजय दिवस के शुभ अवसर पर एक बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज यमुनापार के जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि भारत की गौरवशाली जीत पाकिस्तान के खिलाफ हुई थी जिसमें 1971के युद्ध में भारत की विजय प्राप्त हुई थी। सेना के साहस शौर्य, समर्पण और अदम्य बीरता के साथ भारत ने विजय हांसिल किया।आज ही के दिन 16 दिसंबर 1971 को प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी के कुशल नेतृत्व में साहस के साथ वीर जवानों के पराक्रम ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। जिससे पाकिस्तान को टुकड़ों में कर नया देश बंग्लादेश बनाया। ऐसे वीर पराक्रम के लिए सेना के वीर जवानों के गौरव को नमन।नमन करने वालों में सर्वश्री जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह,पी0सी0सी0 सदस्य जिला उपाध्यक्ष डॉ0 दिनेश कुमार सोनी, ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, नागेश पाण्डेय,विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट, आशीष मिश्रा, सरोज मिश्रा,राजकुमार पटेल दरोगा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### आजमगढ़ में 'नेताजी' को सेल्यूट मारने के आरोप में उपनिरीक्षक निलंबित

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में प्रोटोकॉल का उल्लघन कर नेता को सेल्यूट करने के आरोप में सोमवार को पवई थाने में तैनात एक पुलिस उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। 'सेल्यूट' वाला वीडियो वायरल होने के बाद आजमगढ़ के पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के आदेश पर आज यह कार्रवाई हुई । उप निरीक्षक गोपाल मौर्य पवई थाने पर तैनात थे। थाना क्षेत्र के सरायपुर गांव में समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी गगन यादव एक पीड़ित परिवार से मिलने आये थे । गाड़ी से उतरते ही उनको सब इंस्पेक्टर गोपाल मौर्य ने सेल्यूट किया और उनसे हाथ मिलाया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि पवई थाना क्षेत्र के सरायपुर गांव में कुछ दिन पूर्व हत्या हो गई थी। उसी पीड़ित परिवार से मिलने के लिए सपा नेता व अखिलेश यादव के करीबियों में गिने जाने वाले गगन यादव आए हुए थे। सुरक्षा–व्यवस्था को कायम रखने के लिए पवई थाना प्रभारी ने सब इंस्पेक्टर गोपाल मौर्य व दो सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई थी। चिराग जैन ने बताया कि सब इंस्पेक्टर द्वारा गगन यादव को सेल्यूट किया गया जो उनके कर्तव्य और प्रोटोकॉल के नियम के अनुरूप नहीं है। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस सूचना का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से सब इंस्पेक्टर गोपाल मौर्य को निलंबित किया गया। उनके विरुद्ध जांच की जा रही है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे। उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

### मनचले शोहदों से परेशान छात्राओं के मामले में जिलाधिकारी हुए सख्त

**मुरादाबाद।** मनचले शोहदों से परेशान उच्च प्राथमिक विद्यालय भोला सिंह की मिलक की छात्राओं के मामले में जिलाधिकारी अनुज सिंह की सख्ती के बाद शिक्षा विभाग ने स्कूल की मरम्मत का काम छह माह नहीं बल्कि तीन माह में ही पूरा करने का निर्णय लिया है। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह ने सोमवार को यह बताया कि जिलाधिकरी के निर्देश पर उच्च प्राथमिक विद्यालय मिलक भोला सिंह के भवन का निर्माण कार्य तीन महीने के भीतर होगा। टेक्निकल टीम ने मुआयना कर लिया है। जल्द इसका निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा। जल्द से जल्द व्यवस्थाएं पूरी कर नए सत्र से बेटियों की कक्षाएं संचालित करा दी जाएगी। उच्च प्राथमिक विद्यालय भोला सिंह की मिलक का भवन जर्जर होने के कारण मल्टी सेक्टोरियल कंपोजिट विद्यालय सोनकपुर में शिफ्ट कर दिया गया था। यहां आने–जाने में बेटियों को शोहदे परेशान कर रहे थे। कई बेटियों ने स्कूल जाना बंद कर दिया था तो कुछ ने नाम कटाकर दूसरी जगह दाखिला ले लिया। जब मामला संज्ञान में आया तो शिक्षा विभाग की नींद खुली, आनन–फानन एक कमेटी बनाकर टीम को विद्यालय भेजा गया। अधिकारियों से सजी इस टीम ने दोनों विद्यालयों के रास्ते से लेकर विद्यालय भवन तक की स्थिति देखी। जर्जर हो चुके भोला सिंह की मिलक स्थित विद्यालय के मरम्मतीकरण के लिए छह माह का समय दिया गया था। मामले में जिलाधिकारी सख्त हुए और अविलंब स्कूल मरमम्त निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अब छह माह नहीं तीन माह में ही बेसिक शिक्षा विभाग इस विद्यालय का निर्माण पूरा कराएगा। ये कार्य होते ही सोनकपुर विद्यालय में चल रहे भोला सिंह की मिलक स्कूल के बच्चे अपने पुराने भवन में वापस आ जाएंगे। सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक ने बताया कि भोला सिंह की मिलक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जल्द ही भवन में संचालित होगा। टेक्निकल टीम ने जर्जर भवन की स्थिति का आंकलन किया है। छत बनाई जानी है। जिलाधिकारी द्वारा इसको लेकर निर्देशित किया व हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। संबंधित को आदेशित कर दिया गया है कि मरम्मतीकरण का कार्य जल्द पूरा कराएं।

### थॉयराइड शरीर में आयोडीन की अधिकता या कमी से : सतीश राय

**प्रयागराज।** थॉयराइड एक गम्भीर बीमारी है, जो आगे चलकर शरीर में बड़ी बीमारियों के उत्पन्न होने का कारण बनती है। थॉयराइड शरीर में आयोडीन की अधिकता या कमी के कारण होती है। इधर कुछ वर्षों में थायराइड की समस्या तेजी से बढ़ी है। भारत में हर 10 में से एक व्यक्ति को थॉयराइड है। शरीर में टी एस एच कम होने पर हाइपर थायरायडिज्म और ज्यादा होने पर हाइपो थायरायडिज्म कहते हैं। यह बातें एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान रेकी सेंटर पर जाने–माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने लोगों से कही। उन्होंने कहा कि 'नींद अच्छा तो दिन अच्छा' यह कहावत बहुत प्रचलित है। आज युवा पीढ़ी के सामने भरपूर नींद एक चुनौती है। इस चुनौती से बचना है तो रोज की दिनचर्या और भोजन वैसा ही होना चाहिए जैसा हमारी दादी मां के जमाने में होता था। बीमारियों का कारण आरामदायक जीवन, असंतुलित खान–पान, अनियमित दिनचर्या, देर रात तक जागना, कम सोना या अत्यधिक टेंशन शरीर को कमजोर बनाता है। जिस कारण बीमारियां धीरे–धीरे शरीर पर असर डालती हैं जो आगे चलकर हृदय रोग, शुगर, बीपी, कैंसर एवं थॉयराइड जैसी बीमारियों का कारण बनती है। खूब हंसना और प्रसन्न रहना सरल इलाजसतीश राय ने कहा बिना विशेषज्ञ सलाह के खाने में लम्बे समय तक सेंधा नमक का प्रयोग करने से शरीर में आयोडीन की कमी हो सकती है। वैसे सेंधा नमक कुदरती है, यह कई बीमारियों को रोकने में कारगर है। यह वजन कम करता है आयुर्वेद में इसका वर्णन भी है। इसमें कुदरती आयोडीन होता है। जबकि साधारण नमक में ऊपर से आयोडीन मिलाया जाता है। ब्लड जांच रिपोर्ट में थॉयराइड (टी एस एच) बढ़ा हो तो उनके शरीर में आयोडीन की कमी है। सेंधा नमक छोड़कर उन्हें आयोडीन नमक का सेवन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त हाइपो थायराइड का सबसे सरल उपचार है सुबह शाम तेज कदमों से टहलना, व्यायाम करना जिसमें पसीना निकले, तनाव मुक्त रहे, खूब हंसे और प्रसन्न रहें।

# एनएचआई की भूमि पर चल रही थी अवैध मिट्टी पटाई, एनएचआई ने रोका, पुलिस में शिकायत

## पेड़ भी उखाड़े , एनएचआई के अधिकारियों ने दर्ज कराई नाराजगी



सैनिक ढाबा के सामने गंगागंज के एनएचआई की भूमि पर अवैध तरीके से मिट्टी पटाई का कार्य चल रहा था पटाई के दौरान हाइवे के किनारे रोपित किए गए पेड़ भी तोड़ दिए गए नोटिस देने के साथ साथ इस संदर्भ में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है ।

**वीरभान सिंह**
**सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर**
**एनएचआई ( डीबीएल)**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर गंगागंज सैनिक ढाबा के सामने एनएचआई की भूमि पर अवैध तरीके से मिट्टी पटाई करने के साथ साथ वहां रोपित पौधों को तोड़ने का कार्य किया गया जिसके संदर्भ में एनएचआई ( दिलीप बिल्डकॉन ) सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ठाकुर वीरभान सिंह के निर्देश पर रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर आदित्य चतुर्वेदी द्वारा अवैध मिट्टी पटान के कार्य को रुकवाते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना गोसाईगंज में पत्राचार किया । जानकारी के अनुसार लखनऊ जनपद के गंगागंज स्थित सैनिक ढाबे के ठीक सामने फूल चंद्र वर्मा द्वारा अवैध तरीके से एनएचआई की जमीन पर न केवल अवैध तरीके से मिट्टी पटाई करवाई जा रही थी बल्कि वहां रोपित किए गए पेड़ भी तोड़ दिए गए जिसके बाद सीनियर मैनेजर वीर भान सिंह द्वारा इस कृत्य पर कड़ी नाराजगी दर्ज कराई गई साथ ही थाना गोसाईगंज में पत्राचार कर शिकायत दर्ज कराई गई ।

# चिंता इस बात की है कि सनातन सिकुड़ रहा है:नरेन्द्रानंद

प्रयागराज। श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि सनातनियों को चिंता होनी चाहिए कि सनातन को कैसे बचाना और कैसे मजबूत करना है। स्वामी नरेंद्रानंद ने संगम तट पर कहा कि सनातन सबसे पुराना है लेकिन चिंता इस बात की है यह सिकुड़ रहा है, जिसका आने वाले समय में बहुत ही दुष्परिणाम भुगतना होगा। ऐसे में सनातन को बचाने के लिए प्रत्येक हिंदू को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हिंदुओं का परिवार छोटा हो रहा है वह कहीं न कहीं चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेला क्षेत्र मंथन का स्थल है। यहां संत और भक्त एक साथ तपस्या करते हैं। आज विश्व में सबसे ज्यादा अशांत और असुरक्षा का माहौल है। ऐसे में विश्व शांति, विश्व कल्याण और लोगों की उन्नति के लिए महाकुंभ में विशाल यज्ञ और अनुष्ठान किया जाएगा। इस भव्य आयोजन के लिए बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से आचार्य और विद्वान शामिल होंगे। स्वामी नरेंद्रानंद ने कहा कि महाकुंभ के भव्य, दिव्य आयोजन के लिए केन्द्र और राज्य सरकार सराहनीय कार्य कर रही है।

## सांसद में गूंजा जैन समुदाय भगवान नेमिनाथ मुद्दा

# जैन समुदाय की आस्था पर प्रहार, बोर्ड की स्थापना हो : सांसद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने लोकसभा में जैन समुदाय के आस्था पर प्रहार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जैन समुदाय अति अल्पसंख्यक हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दिया उनकी आस्था पर लगातार प्रहार किया जा रहा है उन्होंने कहा कि गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक जो जैन धर्म के 22 तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान की मोक्ष स्थली हैं 13 जुलाई को मोक्ष कल्याणक दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाने की परम्परा हैं जिसे बल पूर्वक रोका गया यह आस्था पर प्रहार हैं।उन्होंने कहा कि दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष जंबू प्रसाद जैन व सुदीप जैन के साथ आये प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पांचवीं टोंक पहाड़ी के द्वार पर जैन यात्रियों को चिंहित कर उनकी आतंकियों जैसी तलाशी ली गई कि कहीं वो अपने साथ चावल, बादाम पूजा सामाग्री व लाडू तो नहीं ले जा रहे हैं और उन्हें भगवान नेमिनाथ के जयकारे से भी रोका गया साथ में उनके साथ मारपीट गालीगलौज तक किया यह जैन धर्म के मौलिक अधिकारों का हनन हैं।

सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के 17फरवरी 2005 के आदेशों का अनुपालन कराया जाय जिसमें तत्काल प्रभाव से जैन समुदाय के धर्म तीर्थ और संस्कृति को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए जैन बोर्ड की स्थापना की जाय।

# भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोरांव ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव (प्रयागराज)। भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोरांव के प्रबंधक विवेक कुमार चौधरी द्वारा विकास खंड कोरांव के ग्राम सभा चांदी आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प कार्य पूर्ण कराया गया।

शाखा प्रबंधक विवेक कुमार चौधरी ने बताया की भारतीय स्टेट बैंक समाज उत्थान हेतु अपने सी एस आर फंड का उपयोग करता है उसी क्रम सोमवार को ग्रामसभा चांदी के आंगनबाड़ी केंद्र के परिसर का रंग रोगन का कार्य कराया गया साथ ही बच्चों के लिए कुर्सी मेज की व्यवस्था की गई साथ ही वाटर प्यूरीफायर व सोलर लाइट की व्यवस्था कराई गयी। इसके साथ ही बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक मनोरंजक पुस्तके व आधुनिक रोबोटिक खिलौने ( विजबोट) उपलब्ध कराया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री श्रीमती मीरा कुमारी जी को आधुनिक खिलौने द्वारा



शिक्षा पद्धति में सुधार हेतु प्रशिक्षित किया गया। यह सभी कार्य भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोरांव व फ्यूचर स्किल एजुकेशन फाउंडेशन के सहायता से पूर्ण हुआ । कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक विवेक कुमार चौधरी के साथ उनके सहयोगी स्टाफ आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय चांदी के अध्यापक कृष्णकांत कामिल व सभी अध्यापक के साथ ग्राम प्रधान चांदी विशाल श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी - एआई और रोबोटिक्स इंजीनियर व ऋषभ बालियान प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर मौजूद रहे।

# डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने किया नई चौकी अवध बस अड्डे का लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ सोमवार।थाना क्षेत्र विस्तृत होने के कारण कई बार ज़रूरतमंद को पुलिस सहायता समय पर नही मिल पाती है ऐसी ही कुछ समस्याओं से आम जनता को निजात दिलाने के लिए डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने नई चौकी अवध बस अड्डे का लोकार्पण किया है इस मौके पर एडीसीपी पंकज सिंह एसीपी विभूतिथखंड इंस्पेक्टर सुनील सिंह चौकी प्रभारी परवेज समेत विभूतिखंड थाने का स्टाफ भी मौजूद रहा। डी सी पी पूर्वी शशाक सिंह ने बताया कि इस पुलिस चौकी से राहगीरों साहित तमाम आमजनता लाभान्वित होगी यहाँ सी सी टीवी से मार्ग पर भी नज़र रखी जायेगी ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटित हों।

# निगोहां हत्याकांड : बेटे ने प्रेमिका के साथ मिलकर पिता को उतारा था मौत के घाट

**पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए, आरोपियों को पहुंचाया सलाखों के पीछे**

**जमीन के लिए सगे बेटे ने दिया था घटना को अंजाम**

**निगोहां थाना क्षेत्र के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा, लखनऊ। निगोहा के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव में 44 वर्षीय किसान रामू की हत्या उनके बेटे धर्मेश ने अपनी प्रेमिका संगीता के साथ मिलकर की थी । इसके बाद शव को खेत में बोरवेल के 30 फीट गहरे गड्ढे में फेंक दिया था , पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था जिसमें जला कर मारने व सिर समेत शरीर में कई निशान थे। मृतक की पुत्री रामावती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी थी।

निगोहा थाना क्षेत्र के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव में बीते 13 दिसंबर को बोरवेल के 30 फीट गहरे गड्ढे में किसान रामू रावत (44) का शव मिला था , पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि उसके सगे बेटे धर्मेश(24) ने संपत्ति के लिए अपनी प्रेमिका संगीता(39) के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतारा था। बताया जा रहा है कि



किसान रामू बीती 12 दिसंबर की रात वह घर से खाना लेकर खेतों की रखवाली के लिए गया था , उसी रात को उसके बेटे ने अपने पिता से मिलवाने के लिए अपनी प्रेमिका को लेकर खेतों में आया था। सोमवार को डीसीपी केसव कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि मामले में तीन टीमों का गठन किया गया था , मृतक के बेटे धर्मेश ने अपनी प्रेमिका संगीता से कहा था कि उसके हिस्से में ढाई बीघा जमीन आएगी उसमें से उसे आधा बीघा उसके नाम करवा देगा , इसी प्रलोभन से वह आई थी गठित टीमो की कड़ाई से पूछताछ में पता चला कि धर्मेश व उसके पिता के बीच कई सालों से संबंध ठीक नहीं थे , इसी बीच धर्मेश के संबंध मुहारी खुर्द निवासी संगीता प्रेम प्रसंग चल रहा था, पिता की संपत्ति के लालच में आकर आरोपी ने अपने पिता से अपनी प्रेमिका के बीच नजदीकियां बनवाई । बताया कि बीते 12 दिसंबर की रात धर्मेश व उसकी प्रेमिका संगीता मोटरसाइकिल से खेतों में पहुंची थी तभी धर्मेश अपने पिता से जमीन लिखवाने की बात कही थी रामू के मना करने पर आरोपी बेटा व प्रेमिका के बीच हाथापाई होने लगी । इसी बीच रामू को दोनों आरोपितों ने सिर में वार करते हुए ट्यूबवेल के गड्ढे में धकेल दिया , और ऊपर से गड्ढे में पुवाल डालकर आग लगा दी । डीसीपी केशव कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का पुरस्कार दिया गया है।

# महिंगवा थानांतर्गत मृतक के हत्यारों की गिरफ़्तारी को लेकर शव रखकर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी, लखनऊ । लखनऊ कमिश्नरेट के महिंगवा थानांतर्गत सोंनवा गांव में 30नवंबर 2024 को सुबह सरकारी ज़मीन के कब्जे को लेकर हुए मारपीट में घायल युवक गंगा सागर(50)वर्ष पुत्र बिंद्रा प्रसाद की लगभग पंद्रह दिन बाद ईलाज के दौरान रविवार देर रात मौत हो गई।वहीं युवक की मौत के बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया।गंगा सागर का शव पोस्टमार्टम के बाद सोमवार दोपहर जब सोनवा पहुंचा तो उनके परिजनों ने शव को शववाहन से नही उतारा और पुलिस से आरोपी ग्राम प्रधान अशोक गिरी तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा प्रधान द्वारा सरकारी ज़मीन को तत्काल कब्ज़ा मुक्त कराने को लेकर हंगामा काटने लगे,वहीं मौक़े पर मौजूद थानाध्यक्ष महिंगवा शिवमंगल सिंह ने काफ़ी समझाने का प्रयास किया लेकिन उनके परिजन नही माने,वही हंगामा बढ़ता देख मौक़े पर कई थानों की



पुलिस मौक़े पर बुलानी पड़ी,हंगामा की जानकारी पर सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी ऋषभ रूणवाल और उपजिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी भी मौक़े पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को जल्द से जल्द आरोपी ग्राम प्रधान तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा सरकारी भूमि पर प्रधान द्वारा किए गए कब्ज़ा को कब्जामुक्त कराने का आश्वासन दिया लेकिन परिजन नही माने और देर शाम तक मृतक के शव का पंचनामा नही किया गया था उनकी मांग थी कि जब तक ग्राम प्रधान अशोक कुमार गिरी और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त जब तक नही कराया जायेगा तब मृतक का अंतिम संस्कार नही करेंगे।वहीं मृतक गंगा सागर के परिजनों ने हल्का प्रभारी राहुल तिवारी पर आरोप लगाते हुए बताया की इन्होंने ही ग्राम प्रधान अशोक कुमार गिरी को नोटों की चमक के आगे संरक्षण दे रखा था,जिसकारण इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया।,हालाकि देर रात तक मृतक का अंतिम संस्कार नही हुआ था और गांव में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था।

# वरिष्ठ रंगकर्मी भारत भूषण शर्मा बने उप्र संगीत नाटक अकादमी के सदस्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मेरठ के वरिष्ठ रंगकर्मी भारत भूषण शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की सामान्य परिषद में सदस्य नियुक्त किया है। सोमवार को 7 अन्य सदस्यों के साथ भारत भूषण शर्मा ने लखनऊ में पदभार ग्रहण किया। भारत भूषण शर्मा विगत 50 वर्षों से रंगमंच से जुड़े हुए हैं। वह वर्तमान में स्वांगशाला एक्टिंग अकादमी के निर्देशक होने के साथ यूनाइटेड प्रोग्रेसिव थियेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष, संस्कार भारती मेरठ प्रांत के संयोजक नाट्य भी हैं। रंगकर्मी होने के साथ भारत



भूषण शर्मा कवि और लेखक भी हैं। शीघ्र ही उनका काव्य संकलन 'मेरे गीत कुंवारे लौट चले' प्रकाशित होने वाला है। भारत भूषण शर्मा ने 100 से अधिक नाटकों में अभिनय और उनका निर्देशन किया है। वह अनेक टेलीविजन धारावाहिकों में अभिनय कर चुके हैं। सामाजिक न्याय मंत्रालय में उप निदेशक पद से सेवानिवृत्त भारत भूषण शर्मा को प्रतिष्ठित पंचानन पाठक स्मृति सम्मान, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, प्राइड ऑफ मेरठ समेत कई प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद भारत भूषण शर्मा और अन्य सदस्यों से उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने भेंट की। मंत्री जयवीर सिंह ने सभी के साथ अगले वर्ष जनवरी से आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ प्रयागराज को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान उप्र संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर जयंत खोत भी मौजूद रहे।

## हरदोइया बाजार के लिए निकली किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी दर्ज

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीते शनिवार को एक 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में हरदोइया बाजार से लापता हो गई , पीड़ित मां ने सोमवार को गुमशुदगी दर्ज कराई है । नगराम क्षेत्र हरदोइया निवासी विद्यावती ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिक बेटी बीते शनिवार को दोपहर 3 बजे बाजार से कुछ सामान लेने गई थी । संभावित जगहों पर तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं चल सका , पीड़ित मा की तहरीर पर नगराम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है । नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मिली तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

## फ्रांस के राजदूत थियरी माथू ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। फ्रांस के राजदूत डॉ. थियरी माथू ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश में डिफेंस, फार्मा व एजुकेशन सेक्टर में एमओयू एवं निवेश को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने फ्रांसीसी कंपनियों को एनसीआर और बुंदेलखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। फ्रांस के राजदूत ने उत्तर प्रदेश और फ्रांस के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की इच्छा जताई। देश के सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उप्र के 60 प्रतिशत युवा शक्ति को लेकर विदेशी प्रतिनिधिमंडल निवेश के लिए उत्साहित है। प्रतिनिधिमंडल ने आईटी कॉरिडोर, स्मार्ट सिटीज व सांस्कृतिक उन्नयन को लेकर भी उत्तर प्रदेश के साथ काम करने को लेकर रुचि दिखाई है।

## उत्तर प्रदेश पुलिस की लाठियां खाने पर मजबूर है नौजवान : नेता प्रतिपक्ष

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में तेजी बढ़ रही बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों के लिए बेहाल नौजवानों को पेपर लीक का दंश झेलना पड़ रहा है। सड़क पर प्रदर्शन के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस की लाठियां नौजवान खाने पर मजबूर है। गांव गांव में सड़क एवं नल से जल होने का केवल दावा किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल किसानों के हितों की केवल बात करने और फसलों की एमएसपी के वायदे करती है। किसानों पर प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने एकत्रित हुए समाजवादी पार्टी के विधायकों एवं विधान परिषद सदस्यों ने हाथों में आरोपों की तख्तियां लेकर नारेबाजी की।

# डर गये हैं मुख्यमंत्री, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने दिया है आदेश : अजय राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश की जनता योगी सरकार के कुशासन से त्राहि त्राहि कर रही है। जनता से जुड़े हर मुद्दे पर पूरी तरह से विफल हो चुकी योगी सरकार कंग्रेस के विधान सभा घेराव के कार्यक्रम से डर गई है। ये बातें कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को आदेश दिया है कि जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करे कि कुछ भी करना पड़े पर कोई कंग्रेस का कार्यकर्ता घर से निकल कर लखनऊ नहीं पहुंच पाए। जिन जिलों से कंग्रेसी कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे वहां के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। इस निर्देश के कारण जिलों में पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं को धमकी देना और आतंकित करना शुरू कर दिया है।

प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ वो दिन भूल गए जब इसी पुलिस के भय के कारण वह संसद में फूट-फूट कर से रोए थे और तब सभी ने उनका साथ दिया था। आज मुख्यमंत्री के पद पर बैठ कर वो




उसी पुलिस के बल पर राजनीतिक कार्यकर्ताओं को आतंकित कर रहे है, हजारों मुकदमे लगा रहे है तथा लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलते हुए धारना प्रदर्शन ,आंदोलन और घेराव रोक रहे है।उन्होंने कहा कि भाजपा भूल गई है कि पहली बार वो आंदोलनों के दम पर ही सत्ता में आई थी और ये भी भूल रही है कि 2027 में फिर सत्ता में नहीं रहेगी तब वो आज जो कर रही है वही सब और वही पुलिस के तरीके उसके सामने होंगे। मेरी चेतावनी है कि मेरे किसी कार्यकर्ता को न रोका जाए। हम गांधीवादी दल है और आंदोलन की मर्यादा जानते है। भारत में अभी पूरी तरह फासीवाद नहीं आया है बल्कि लोकतंत्र है इसलिए लोकतंत्र की हत्या का कोई प्रयास कंग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। जब हम अंग्रेजों से नहीं डरे तो अंग्रेजों के मुखबिरों और दलालों से क्या डरेंगे। अजय राय ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि कुछ भी करो पर लखनऊ पहुंचो। विधानसभा घेर कर सरकार को आईना दिखाना है कि उसका जंगल राज अब बर्दाश्त नहीं है।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को भी चेतावनी दिया है कि वो अपनी मर्यादा में रहे और सरकार के दबाव में लोकतंत्र की हत्या न करे। शांति से आंदोलन करना राजनीति दल का अधिकार है और ये सत्ता तथा कंग्रेस की लड़ाई है ,इसको कंग्रेस और पुलिस की लड़ाई न बनाए वरना याद रखे कि 2027 में हम सत्ता में आ रहे है और कार्यकर्ताओं पर जुल्म करने वाले एक एक अधिकारी का नाम नोट कर के रखेंगे और तब हिसाब करेंगे। उन्होंने कहा कि पतन इससे ज्यादा क्या होगा।

# सुमित शर्मा ने की धुआंधार बल्लेबाजी लाइफ केयर ने जीता मैच




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बी.बी. गुप्ता मेमोरियल ट्राफी के लीग मैच में लाइफ केयर क्रिकेट क्लब ने दयानंद यंग मेंस एसोसिएशन को छह विकेट से मात दे दी। इस मैच में लाइफ केयर के बल्लेबाज सुमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 57 रन बनाये। दयानंद यंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 133 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज इशान गुप्ता मात्र आठ रन बनाकर आउट हो गये। वहीं विदित जोशी ने अपनी टीम में सर्वाधिक दो चौका और दो छक्का की मदद से 51 रन बनाये। लक्ष्य तिवारी ने 21 रन का योगदान दिया। वहीं अभिजय सिंह ने 18 रन बनाये। वहीं लाइफ केयर ने चार विकेट गंवाकर 134 रन बना लिये और मैच को छह विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सुमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से 56 बाल पर 57 रन बनाये। वहीं गौरव यादव ने 15 रन का योगदान दिया, जबकि अरबाज ने 14 रन बनाये।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर प्रदेश के सभी विद्यालयों में एक सप्ताह तक चलेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस (25 दिसंबर) के उपलक्ष्य में 18 दिसंबर से 25 दिसंबर तक प्रदेश के सभी विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किये जाएंगे। यह आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने दिये हैं। इन निर्देशों के तहत विद्यार्थियों में अटल के जीवन मूल्यों, उनके योगदान और सुशासन की भावना को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मुख्य रूप से निबंध लेखन, एकल काव्य पाठ, भाषण प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय 'अटल जी और सुशासन' होगा, जिसमें कक्षा 8 से



12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त, 'भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन और उनकी कविताओं' पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं के लिए जिलाधिकारी संबंधित जिलों में विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय के उपयुक्त स्थलों का चयन करेंगे। प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5,000 रूपए, 3,000 रूपए और 2,000 रूपए की पुरस्कार राशि निबंध प्रतियोगिता में, तथा 10,000 रूपए, 5,000 रूपए और 2,500 रूपए की पुरस्कार राशि काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रदान की जाएगी। इन पुरस्कारों के साथ प्रमाण-पत्र भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जनपदों में मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके अलावा, जिला विद्यालय निरीक्षक और उच्च शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी प्रतियोगिताओं में छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इन जनपद स्तरीय तीनों प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच संपन्न होगा। 25 दिसंबर को आयोजित मुख्य कार्यक्रमों में इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जिला स्तर पर आयोजित समारोहों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। इसी दिन लखनऊ स्थित लोक भवन के सभागार में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसका सजीव प्रसारण प्रदेश के अन्य जिलों में किया जाएगा।

इसके साथ ही, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में 25 दिसंबर की शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लखनऊ जनपद के काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा, 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में 'भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी' पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा।

# विधानसभा सत्र : यूपी विधानसभा में नवीनीकृत दर्शक दीर्घा का हुआ उद्घाटन

**संविधान लागू होने के 75वें वर्ष के अवसर पर सभी सदस्यों को संविधान की एक–एक मूल प्रति की प्रति भेंट की गयी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री योगी ने विधानसभा मण्डप की नवीनीकृत दर्शक दीर्घाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने संविधान की मूल प्रति की एक-एक प्रति मुख्यमंत्री समेत अन्य नेताओं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को भेंट की।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष महाना ने सभी नेताओं को दो अन्य पुस्तकें भी भेंट की। एक पुस्तक में यूपी के सभी मुख्यमंत्रियों और दूसरी पुस्तक नेता प्रतिपक्ष के बारे में है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लोकतंत्र में विधायिका का एक विशेष महत्व है। यह एक मार्ग दर्शिका है। यहां सभी लोग एकत्र होते है। प्रदेश के विकास पर चर्चा की जाती है। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने पौने तीन साल के कार्यकाल के दौरान लोकतांत्रिक रूप से मजबूत करने के साथ ही आधुनिकता से जोड़ने का कार्य किया है। यूपी विधानसभा पेपरलेस हो गयी है। यह गौरवपूर्ण क्षण है। विधानसभा के गलियारों का सौंदर्यीकरण किया गया है, हम सबने देखा है।

मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी ने कहा कि प्रश्नकाल में दो नहीं बल्कि 20-20 सदस्य अपना सवाल मंत्रियों से पूछ सकते हैं। यही सच्चा लोकतंत्र है। यह तब हो सका जब विधानसभा के नियमों से जरूरत के हिसाब से संशोधन किया गया। महिला सदस्यों के लिए एक दिन का पूरा समय दिया जाना हो, दर्शक दीर्घा के नवीनीकरण का मुद्दा हो, सब पर कार्य किया है।

योगी ने कहा कि 1952 से अबतक के मुख्यमंत्रियों के नेता सदन के रूप में कार्य से अवगत कराने का कार्य इस पुस्तक के माध्यम से किया गया। नेता प्रतिपक्ष के बारे में भी इसी प्रकार की पुस्तक का प्रकाशन आज हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सदस्यों को इन पुस्तकों को पढ़ना चाहिए। ताकि वे जान सकें कि अबतक के किन-किन महानुभावों ने नेता सदन और नेता प्रतिपक्ष के रूप योगदान दिया है। संविधान लागू होने के 26 जनवरी 2025 को 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान की एक - एक मूल प्रति सभी सदस्यों को दिया गया है। यह सराहनीय कार्य है।

# मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में मेधावियों समेत अन्य छात्राओं को मिला पुरस्कार


कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के थाना रामपुर कलां इलाके के सैर गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सैर कंपोजिट विकास खंड पहला जनपद सीतापुर के विद्यालय प्रांगण में सोमवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिषभ जैन सचिव नवीन गल्ला मंडी महमूदाबाद , विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र यादव प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख पहला व अनुज कुमार जैन , प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार सिंह संस्था प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। और वहीं उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार सिंह व सहयोग छात्र शिक्षा समिति के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज पासवान , सह कोषाध्यक्ष ओमकार सिंह यादव आदि के द्वारा मुख्य अतिथि सचिव रिषभ जैन , विशिष्ट अतिथि उपेन्द्र यादव , अनुज जैन आदि को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। साथ ही उक्त विद्यालय स्टॉप समेत कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को चंद्रमौली आश्रम रमनगरा मजरे कोरार से सहयोग छात्र शिक्षा समिति को प्रदान की गई श्रीराम चरित्र मानस व श्रीमद भागवत कथा एवं सुंदर काण्ड प्रदान कर सभी को सम्मानित किया गया। इसके बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय सैर कंपोजिट की छात्रा कुमकुम, फरहद , मानसी के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात स्वागत गीत यास्मीन , फरहद , दिव्यांशी , कुमकुम, रोशन जहां , गुड़िया के द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही तेरी उंगली पकड़ के चला गीत यास्मीन , फरहद , दिव्यांशी , कुमकुम, रोशन जहां , गुड़िया, जानवी, अजबा, श्रेया , शिवांकी, दिव्या , नैंसी , पारूल , कुलसुम आदि छात्राओं के द्वारा भी गीत प्रस्तुत किया गया। और वहीं दिल है छोटा सा छोटी सी आशा गीत को छात्रा रोहिनी, आंशी , जेबा, वैशाली , रजिनी ने गीत प्रस्तुत कर सभी का मनमोहा । साथ ही उक्त कार्यक्रम में थाना रामपुर कलां से आई महिला आरक्षी अंबिका सिंह व आरक्षी भविष्य राणा समेत अन्य पुलिस बल के द्वारा महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने तेरी उंगली पकड़ कर चला गीत प्रस्तुत करने वाली सभी छात्राओं को पांच सौ रुपए का नगद पुरस्कार देते हुए सभी छात्राओं को धन्यवाद देकर बधाई दी।

# खबर कवर करने गए पत्रकार से की गई मारपीट के साथ लूट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन(सीतापुर) । क्षेत्र में स्थित विद्युत उपकेंद्र सांडा पर तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली व बिजली चोरी सहित अन्य कृत्यों के विषय में साक्ष्य इकट्ठे कर रहे हिंदी मीडिया के पत्रकार से खिन्न विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने साजिश रचते हुए पत्रकार के निवास ग्राम की बिजली अकारण ही काट दी।बिजली आपूर्ति बाधित दिवस के कई दिनों बाद अकारण बिजली काटे जाने के विषय में पॉवर हाउस पर जाकर कारण जानने का जब प्रयास किया गया ,नशे में धुत बैठे कर्मचारियों ने पत्रकार द्वारा परिचय दिए जाने के उपरांत भी की अभद्रता के साथ परिसर के बाहर रोड पर नशे में धुत कर्मचारियों ने पत्रकार के साथ मारपीट करते हुए रिपोर्टिंग माइक,कुछ नकदी सहित आई डी कार्ड व 18 ग्राम सोने की चेन छीनते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए विभाग के खिलाफ खबरें लिखने को लेकर जान से मारने की धमकी दी।

**मुख्यमंत्री से लगाई गई न्याय दिलाए जाने की गुहार,क्या उत्तर प्रदेश सुशासन में भी अब स्वतंत्र लेखनी पर लगेगी लगाम**

### आखिर क्या था पूरा मामला

क्षेत्रीय पत्रकार द्वारा आउटसोर्स कर्मचरियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से अवैध वसूली व बिजली चोरी करवाने के अनेक साक्ष्य संग्रहित किए जा रहे थे जिसमें सांडा निवासी वयोवृद्ध पूर्व प्रधान के द्वारा एक बिजली कर्मी कैलाश गुप्ता के द्वारा वर्षों पूर्व 5 हजार रुपए रिश्वत लेने के साथ पीड़ित पत्रकार से भी बिजली बिल शून्य करवाने हेतु 48 हजार रुपए लिए जाने के साथ एक उपभोक्ता से 55 हजार रुपए,एक उपभोक्ता से 35 सौ रुपए लेने व कई ग्राम पंचायतों में पैसे लेकर पम्पिंग सेट चलवाए जाने के साथ सैकड़ों कटिया डलवा बिजली चोरी के साक्ष्य संकलित किए गए थे,जिसकी खबर पा विद्युत कर्मचारियों ने साजिश रच उसे ठिकाने लगाने का कुत्सित प्रयास किया परिणामतः उसके साथ मारपीट के साथ लूटपाट की घटना कारित की गई। विद्युत उपकेंद्र सांडा के आउटसोर्स कर्मियों की लूट खसोट में विभागीय उच्चाधिकारियों की मिलीभगत भी प्रदर्शित हो रही जो स्वतंत्र लेखनी को दबाने को अंजाम दे रहा।

# सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक तम्बौर ने किया बंगाली क्लीनिक को सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सीतापुर जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर सीएचसी अधीक्षक तंबौर ने सघन निरीक्षण करके तंबौर कस्बे के अवैध रूप से चल रहे एक क्लीनिक को जांचोपरांत सीज करने की कार्रवाई की।प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.हरि पाल सिंह के निर्देशन मे सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तम्बौर अधीक्षक ने सघन जांच करते हुए कस्बे में चल रहे फर्जी क्लीनिक को सीज कर कार्रवाई की।आप को बताते चलें कि कस्बा तंबौर में काफ़ी दिनो से चल रहे अवैधरूप से बंगाली डॉक्टर का क्लीनिक चल रहा था। डाक्टर क्लीनिक के साथ मे लैब भी चला रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर प्रभारी मनोज कुमार ने चेक करके उसे सीज कर दिया। बंगाली डाक्टर का नाम शीबा विशवास है, जो विगत कई वर्षो से कस्तूरबा गाँधी विद्यालय के गेट के सामने खोल रखा था।

# मनरेगा में चल रहा फ़ेवर 5 बजते ही बढ़ जाते हैं लेवर फस्ट मीटिंग अटेंडेंस 100 की शाम होते ही हो गए 179

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहटा, सीतापुर । इन दिनों ब्लॉक बेहटा में मनरेगा का भ्रष्टाचार जनपद में सुर्खियां बटोर रहा हैं जहा पर एक दिन दस पांच लेवर लगाकर एक ही जगह पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति दर्शाना कोई ताज्जुब की बात नहीं है होना भी नहीं चाहिए क्योंकि जहां पर रेस जीतने की बाजी सी लगी हो वहां पर पीछे रहना भी आत्मग्लानि की भावना उत्पन्न करता है अर्थात जहां पर लगभग पंचायतों में यही सिस्टम चलता हो भला वहां पीछे रहने की कौन सोचेगा कुछ ऐसा ही रहस्य 15 दिसम्बर को ब्लॉक की पंचायत हजतपुर में देखने को मिला जहां पर 1,बड़े तालाब से गोवर्धन के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य 2, मेन रोड से आरिफ के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य एवं श्यामू के खेत से राम के खेत तक मिट्टी पटाई के नाम पर 12 बजकर 44 मिनट पर 100 श्रमिकों की उपस्थिति दर्शाई गई जबकि शाम होते ही कुछ अन्य जगहों सहित 179 लोगों की उपस्थिति दर्शा दी गई सूत्रों के अनुसार इन जगहों पर बहुत दिन पहले कम हुआ था मौके पर पहुंची पत्रकार टीम के द्वारा काम होता नहीं पाया गया जो बहुत ही निंदनीय व घृणित कार्य है जो महात्मा गांधी मनरेगा गारंटी योजना को दफनाने का कार्य किया जा रहा हैं आखिर संबंधित जिम्मेदारों को कहां से मिल रहा है संरक्षण जो बिना भौतिक सत्यापन के कर रहे हैं एम,भी और हो रहा है फर्जी भुगतान देश के प्रधानमंत्री आत्म निर्भर भारत बनाने का निर्माण कर रहे है वही पर उन्हीं के विभाग के जिम्मेदार आत्म निर्बल भारत बनाने की कल्पना कर सरकारी धन का बंदरबाट करने में मगशुल दिख रहे हैं।

**कई दिनों से चल रहा काम कागज पर भरे जा रहे नाम**

**जिम्मेदार मौन, उत्तरदाई कौन**

## सिर पर टावर, लेकिन नेटवर्क के लिए तड़प रहे ग्रामीण

मछरेहटा-सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । आज इस आधुनिकता के युग मे जहां सब कुछ मशीनीकृत हो रहा है और बड़ी तेजी के साथ भारत संचार के क्षेत्र काफी विकास कर रहा है, सोशल नेटवर्किंग अपने चरम पर है लेकिन ग्रामीण स्तर पर कोई भी दावा खरा नही साबित हो पा रहा है ,नेटवर्किंग की ऐसी ही समस्या ब्लाक मछरेहटा के ग्राम पंचायत पेरियाकोडर की है जहां के लोग आज भी मोबाइल मे नेटवर्क को लेकर काफी परेशान रहते है। पेरियाकोडर और भर्राडीह गाँव ब्लाक के चंद दूरी पर है और मछरेहटा मे बी एस एन एल , एयरटेल, जीओ, वोडाफोन के टावर लगे हुए लेकिन वहीं उक्त ग्राम के ग्रामीणों शोभित दीक्षित, सुमित दीक्षित, मोहित दीक्षित, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, अम्बरीष श्रीवास्तव , अंशु बाजपेई दीपक बाजपेई, अवधेश शुक्ला शोनू राजवंशी और ग्राम प्रधान आशाराम आदि लोगो ने बताया कि ''हम लोगो के सामने मोबाइल मे नेटवर्क की बहुत बड़ी समस्या है किसी भी कम्पनी का सिम हो मोबाइल मे नेटवर्क नही रहते बात करनी हो तो गाँव के बाहर जाना पड़ता है जो आपातकाल के लिए सोचनीय है।

## पंच दिवसीय श्रीमद भागवत कथा एवं विराट संत सम्मेलन का किया गया आयोजन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की विकास खंड मछरेहटा के अंतर्गत ग्राम बेनीगंज मे पंच दिवसीय श्रीमद भागवत कथा एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन कर विशाल भंडारे के साथ समापन किया गया। यह पंच दिवसीय श्रीमद भागवत कथा भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा से सभी ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से कथा व्यास संत श्री श्री 1008श्री त्यागी जी महाराज के मुखारविंद से धर्मानुरागी कथा प्रेमियों को कथा का रसपान कराया गया। दोपहर बेला में श्री शिव पुराण व रात्रि बेला में श्री मदभागवत कथा का रसपान कराया गया।अमृतमयी भागवत कथा को सुनकर सभी श्रद्धालु भक्त परम आनंदित हुए । सुन्दर-सुन्दर झांकियो का आयोजन किया गया। जिसके समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कथा ब्यास पंडित राकेश, परीक्षित हरिनाम यादव ,प्रमोद यादव, दिग्विजय यादव,अश्विनी यादव, भानू यादव, राजेश यादव,सुबेदार यादव, खुशीराम यादव, रामसेवक यादव, रामू यादव, देवेंद्र यादव,राजकुमार यादव, सतीश यादव,डाक्टर अम्बुज यादव, रणजीत यादव,अरुण, यादव,सुनील ,कमलेश यादव,आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 10 वर्षीय मासूम की मौत

लहरपुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । 10 वर्षीय मासूम की मौत के चर्चित मामले में जिले से आई जांच टीम के सामने आखिर सीएचसी अधीक्षक अरविंद बाजपेई की कारगुजारियों का सच सामने आ ही गया बताते चलें कि 5 सप्ताह पूर्व स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम शेरपुर सरावा निवासी समीर उर्फ मुलायम पुत्र मुजबेर उम्र 10 वर्ष की स्थानीय कस्बे के लाइफ केयर क्लिनिक मैं इलाज के दौरान मौत हो गई थी इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया था और स्थानिय कोतवाली लहरपुर में एक शिकायती प्रार्थना पत्र भी दिया था लेकिन स्थानीय सीएससी अधीक्षक अरविंद वाजपेई की खाऊ कमाऊ नीति के चलते पीड़ित को कोई न्याय नहीं मिल सका जिससे परेशान पीड़ित ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई थी जिलाधिकारी द्वारा मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिले के आला अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे जिसके बाद नोटल अधिकारी मनोज देशमड़ी ने लाइफ केयर क्लिनिक पहुंचकर मौजूद ड्रा नजमुद्दीन से जाँच और इलाज संबंधी प्रपत्र देखने की मांग की जिस पर नजमुद्दीन ना तो ओपीडी रजिस्टर दिखा सके और ना ही उनके पास इलाज संबंधी कोई और प्रपत्र मौजूद मिले पीड़ित की शिकायत के संबंध मेंज़ब नोडल अधिकारी ने उनसे बात की तो नजमुद्दीन ने बताया कि बच्चों के इलाज का जो परछा है वह सीएससी अधीक्षक के पास मौजूद है दिलचस्प पहलू यह है कि जब नोडल अधिकारी ने उनसे संचालन रोके जाने के बावजूद बिना आदेश अस्पताल का संचालन किए जाने का कारण पूछा तो उसने बेबाकी से कहा कि सीएससी अधीक्षक अरविंद वाजपेई ने दूसरे ही दिन उसे अस्पताल की चाबी सौंपकर पुनः संचालन शुरू करने को कहा था उन्होंने कहा था तुम्हारे खिलाफ कोई मामला ही नहीं बनता है इस पर जल्लाये नोडल अधिकारी ने अस्पताल व उसके आसपास फैले मेडिकल कचरे के बारे में सवाल पूछा तो ड्रा0 नजमुद्दीन कोई जवाब नहीं दे सके नोडल अधिकारी , यह एक जांच का विषय बना हुआ है

## खनन माफियाओं ने अधिवक्ता के खेत से रात के अंधेरे में चुराई सैकड़ों ट्राली मिट्टी

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव तकिया दीनारपुर में बीती रात अवैध खनन गिरोह के सदस्यों ने अधिवक्ता रोहित सिंह के खेत से करीब 150 ट्राली मिट्टी चोरी कर ली। मिट्टी चोरी का कृत्य चोरों ने रात 11 बजे से सुबह तक जारी रखा। घटना की सूचना गाँव के किसी व्यक्ति ने खेत मालिक दी और उसने वीडियो भी बनाया। सूचना पर तुरंत खेत मालिक पहुंचे और विरोध किया। जिस पर मिट्टी चोर अधिवक्ता से झगड़ा करने लगे। मिट्टी चोरी गाँव का शिक्षामित्र राकेश सिंह करवा रहा था। वह इस कृत्य में लंबे समय से संलिप्त है। मामले को लेकर डीएम,एसडीएम,तहसीलदार व कोतवाली प्रभारी को लिखित शिकायत की गई है। पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में लगातार कई दिनों से अवैध खनन जारी है।खनन माफियाओ का खनन करते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।लगातार मिट्टी चोर राजस्व को नुकसान पहुंच रहे हैं।

## सारस पक्षी के गणना का दो दिवसीय अभियान शुरू

सुलतानपुर। डीएफओ अमित सिंह की मौजूदगी में सारस पक्षी गणना अभियान का शुभारंभ हुआ। गणना के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को सारस के संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन में महत्व से परिचित कराया जाएगा ।

# परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रवाना हुआ सारथी वाहन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमवा हुसैनपुर ब्लॉक बलहा में परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए अधीक्षक निखिल सिंह द्वारा सारथी वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से परिवार नियोजन के प्रति सभी को जागरूक किया जा रहा है, विभिन्न विज्ञापन आदि के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाई जा रही है क्योंकि जागरूकता से ही जनसंख्या पर नियंत्रण पाया जा सकता है। आज सारथी वाहन को रवाना किया गया है जो विभिन्न चौराहों पर लोगों को जागरूक करेंगे। इस मौके पर आर. आई. नोडल डॉ अमान शाहिद, बीपीसीएम पंचम यादव, धर्मेन्द्र चौहान, अजीत वर्मा, अमित राय, ब्लॉक प्रतिनिधि यूनिसेफ राजेन्द पाल मौजूद रहे।

# NH-30 की दुर्दशा से परेशान ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मत की मांग, दी भूख हड़ताल की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। लहरपुर मार्ग को जोड़ने वाली NH-30 की बराभारी नहर से खैराबाद बाईपास तक की सड़क पिछले 15 वर्षों से मरम्मत के अभाव में बदहाल सड़क को लेकर भीम आर्मी के लोग ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की जर्जर हालत के कारण आवागमन बाधित हो गया है, जिससे उनके दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयां आ रही हैं। असोडर से खैराबाद जाने वाली सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। खराब सड़क के कारण मरीजों और गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल ले जाना लगभग असंभव हो गया है, जिससे कई बार अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं।स्कूली बच्चों को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खराब सड़क के चलते बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते, जबकि कुछ ने पढ़ाई छोड़ दी है। बारिश के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और गड्ढों में अंतर करना मुश्किल हो जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं सड़क की खराब हालत का असर सामाजिक जीवन पर भी दिख रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार विवाह तय होने के बाद, खराब सड़क के कारण शादियां तक टूट जाती हैं। इससे गांव के लोग खुद को शर्मिंदा महसूस करते हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो भीम आर्मी और समस्त ग्रामवासी भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि बीते 15 वर्षों से प्रशासन ने इस मार्ग पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे हालात अब और गंभीर हो गए हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन की उदासीनता के कारण क्षेत्र की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।अब देखना यह होगा कि ग्रामीणों की इस चेतावनी के बाद प्रशासन उनकी मांगों पर क्या कदम उठाता है।

# चकबंदी कार्यों में तेजी लाई जाए : डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी कार्यों में तेजी लाई जाए तथा चकबंदी संबंधी समस्त कार्यों को समय से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं होनी चाहिए तथा इसके अंतर्गत जो भी नक्शा या चक बनाए जाये, उसमें सभी किसानों का ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है वहां पर भूमि विवादों का चिन्हांकन कर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण चकबंदी व पुलिस विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया जाए। भूमि विवाद के गंभीर प्रकरणों को भली भांति अवलोकन कर उनका प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न होने पाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजस्व गांव में विभिन्न भूमि विवादों का निस्तारण राजस्व विभाग द्वारा किया जाता है, उसी प्रकार चकबंदी गांव में चकबंदी विभाग द्वारा भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण किया जाए, इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी के संबंध में विभिन्न माध्यमों यथा संपूर्ण समाधान दिवस, जनसुनवाई, आईजीआरएस तथा अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली भूमि विवाद संबंधित शिकायतों का मौके पर जाकर तत्परता से निस्तारण किया जाय। अतिक्रमण संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी के लम्बित प्रकरणों का तत्परता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी कार्यों के अंतर्गत धारा 52, 23, 20 एवं 27 के जो लक्ष्य प्राप्त हुए हैं अथवा जो कार्य होने हैं उन्हें समयबद्ध ढंग से किया जाये तथा चकबंदी कार्यों के अंतर्गत चकरोड, नाली एवं अन्य भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कमलेश मौर्य मृदु को मंगलम धरोहर सम्मान से किया गया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य 'मृदु' को ''मंगलम धरोहर सम्मान'' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मंगलम डिजिटल संस्था द्वारा मंगलम साहित्य महोत्सव के अवसर पर प्रदान किया गया। एस आर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट्शन्स के विक्रम साराभाई सभागार में आयोजित समारोह में सदस्य विधानपरिषद पवनसिंह चौहान ने स्माइलमैन सर्वेश अस्थाना, ओज कवि रजनीश मिश्र , संस्थाध्यक्ष शेखर त्रिपाठी, हास्य कवि संदीप अनुरागी की उपस्थिति में श्री मृदु को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही सीतापुर के वरिष्ठ ओज कवि रजनीश मिश्र व डा प्रवीण श्रीवास्तव प्रेम सहित एक दर्जन से अधिक साहित्य कारों को सम्मानित किया गया। रजनीश मिश्र की काव्य पुस्तक अंगारों पर देश का विमोचन भी संपन्न हुआ।समारोह में व्यंग्यकार मुकुल महान, ओज कवि विख्यात मिश्र व प्रख्यात मिश्र, डा प्रवीण श्रीवास्तव प्रेम, श्रीमती सुधा मिश्रा, श्रीमती वर्षा श्रीवास्तव, श्रीमती वंदना विशेष की उपस्थिति उल्लेखनीय है। इस एकदिवसीय साहित्य महोत्सव में देश भर से आये हुए 200 से अधिक कवियों ने काव्य पाठ किया। इसी क्रम में वरिष्ठ कवि ज्ञानप्रकाश आकुल, कमल आग्नेय व सर्वेश अस्थाना के मार्गदर्शन में छंद गीत व प्रस्तुति की कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया जिससे नवोदित कवियों को दिशा मिल सके। सम्मान समारोह का संचालन ओज कवि कमल आग्नेय ने किया। संस्थापक अध्यक्ष शेखर त्रिपाठी ने उपस्थित जनों का स्वागत किया तथा महामंत्री दिव्या मीरा ने आभार व्यक्त किया।

न्यू फातिमा के सील के बाद संचालकों पर मुकदमा दर्ज करने का मामला

# पुलिस ने नहीं दर्ज किया अवैध हास्पिटल संचालकों पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बीते दिनो पढने वाले छात्रों द्वारा अवैध रूप से संचालित किये जा रहे न्यू फातिमा हास्पिटल को सील किये जाने के बाद कसया पुलिस द्वारा अब तक मुकदमा दर्ज नही किया गया है जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षक की ओर से दस दिन पूर्व न्यू फातिमा हास्पिटल के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कसया पुलिस को पत्र भेजा चुका है। ऐसे सवाल यह उठता है कि अब तक मुकदमा दर्ज न होने के पीछे खेला कौन कर रहा है सीएचसी केन्द्र या फिर कसया पुलिस?

बतादे कि अबैध रुप से संचालित किये जा रहे हास्पिटल को सील करने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने उन युवको के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। नतीजतन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया के प्रभारी निरीक्षक ने न्यू फातिमा के नाम से अवैध हास्पिटल संचालित कर रहे चार युवको के खिलाफ 4 दिसम्बर को मुकदमा दर्ज करने के लिए कसया थाने को विभागीय पत्र भेजा था किन्तु अफसोस सीएचसी निरीक्षक द्वारा दस दिन पूर्व भेजे गये विभागीय पत्र पर कसया पुलिस ने अब तक अवैध हास्पिटल संचालन करने वाले युवको के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नही किया है। ऐसे मे सवाल यह उठता कि जब सरकारी अफसर के तहरीर पर कसया पुलिस मुकदमा दर्ज करने में इतना हिलाहवाली कर रही है तो आम आदमी के तहरीर को कितना तवज्जो देती होगी? ऐसे मे कसया पुलिस से न्याय की उम्मीद करना बेमानी होगी। कहना ना होगा कि कसया नगर के बैरिया चौराहा (कसाडा चौक) पर अवैध व बिना प्रशिक्षित डाक्टर द्वारा न्यू फातिमा के नाम से अवैध हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा था। इसकी लगातार मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ अवधेश कुशवाहा व सीएचसी अधीक्षक मार्कडेय चतुर्वेदी बीते मंगलवार की शाम टीम के साथ न्यू फातिमा हास्पिटल पहुचे जहां पढाई करने वाले छात्र 17 वर्षीय सन्नी पुत्र तूफानी चौधरी दुर्गेश, 26 वर्षीय दुर्गेश पुत्र नरेश, 20 वर्षीय इमरान पुत्र मंसूर आलम एंव 26 वर्षीय इरफान पुत्र वादिज अली बिना रजिस्टेशन, बिना किसी प्रशिक्षित चिकित्सक और बिना किसी नियम के अवैध तरीक से न्यू फातिमा हास्पिटल को संचालित कर रहे थे। जांच टीम ने हास्पिटल संचालन से संबंधित कागजात की मांग की तो किसी ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। जांच के दौरान आप्रेशन थियेटर पूरी तरह अवैध व मानक के विपरीत पाया गाया। आप्रेशन थियेटर में एक टेबल, एक बडा आक्सीजन सिलेंडर, चार ड्रम, एक एक्जामिनेशन टेबल, एक ओटी लैंप व आप्रेशन से संबंधित औजार उपलब्ध था। हास्पिटल के वार्ड मे छह बेड, दो ब्रेंच, एक मेज तथा दो प्लास्टिक की कुर्सियां और एक रैक मे दवा रखी गयी थी। इसके अलावा चेम्बर मे मेज, रिवाल्विंग चेयर, एक परीक्षण मेज और दो प्लास्टिक की कुर्सियां पायी गयी। इतना नही हास्पिटल के साथ संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर का कोई भी बैध कागजात संचालक द्वारा प्रस्तुत नही किया गया। इसके बाद जांच टीम ने अवैध रुप से संचालित न्यू फातिमा हास्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील करते हुए मौके पर आठ विन्दओ पर जांच आख्या तैयार किया। अपनी आख्या में जांच टीम ने रिपोर्ट दर्ज किया कि न्यू फातिमा हास्पिटल का कोई भी रजिस्टेशन नही है।

**स्वास्थ्य विभाग के उठाये गये सख्त कदम पर कसया पुलिस ने फ़ेरा पानी**

**कार्रवाई के लिए सीएचसी अधीक्षक ने कसया थाने को भेजा है विभागीय पत्र**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कसया के अधीक्षक डॉ. मार्कण्डेय चतुर्वेदी द्वारा थानाध्यक्ष कसया को भेजे गये विभागीय पत्र के पत्राक-अस्पताल/अवैध संचालन / सूचना/2024-25/259 दिनाक-4 दिसम्बर-24 मे कहा गया है कि सनी चौधरी, अदेन आलम, दुर्गेश, इरफान द्वारा कसाडा चौक कसया में न्यू फातिमा अस्पताल के नाम से एक अवैध अस्पताल संचालित करता हुआ पाया गया। जिस समय स्वास्थय विभाग की टीम मौके पर पहुंची उस समय अस्पताल में 6 मरीज भर्ती किये गये थे, अस्पताल मे एक अवैध आपरेशन थियेटर भी इनके द्वारा स्थापित किया गया है, जिससे आम जनमानस के स्वास्थय के साथ खिलवा किया गया जा रहा है तथा कोइ भी अप्रिय घटना घट सकती थी। संचालन स्कूल कालेज मे पढने वाले बच्चे कर रहे थे, जिनके पास स्वास्थ्य विभाग की कोई शिक्षण या प्रशिक्षण प्राप्त नही है। स्वास्थय विभाग द्वारा उक्त प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक ने इन युवको के खिलाफ थानाध्यक्ष से कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया अधीक्षक डॉ. मार्कण्डेय चतुर्वेदी के पत्र के संबंध मे मीडिया ने जब कसया थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय से बात किया तो उन्होंने कहा कि इस तरह के किसी पत्र की जानकारी उन्हें नही है। अगर कोई सरकारी पत्र आया होता तो बिना उनके संज्ञान में कोई वह पत्र भी नही लेता, जबकि सीएचसी निरीक्षक द्वारा दिनांक 4 दिसम्बर-24 को जारी किये गये विभागीय पत्र पत्राक-अस्पताल/अवैध संचालन / सूचना/2024-25/259 पर कसया थाना का बकायदे मुहर लगा है और हस्ताक्षर सहित 5 दिसंबर का तारीख अंकित है।

# बच्चे हमारे देश के भविष्य और अमूल्य हैं : अभिलाषा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**निःसंतान दम्पत्तियों के आंगन का सूनापन दूर करने का पूरा प्रयास : डॉ वंदना बंसल**

**अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की 25वीं वर्षगांठ**

प्रयागराज। जीवन ज्योति अस्पताल की इकाई अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित एक होटल में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और ये बच्चे तो बहुत अमूल्य हैं। सामान्य बच्चों से कहीं अधिक सफल होंगे ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने डॉ वंदना बंसल को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की निदेशक वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ वंदना बंसल ने बताया कि अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर का लोकार्पण 18 सितम्बर, 1999 में उस समय उत्तर प्रदेश के राज्यपाल सूरजभान एवं भारत मानव संसाधन विकास, विज्ञान तकनीकी एवं समुद्र विज्ञान मंत्री भारत सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि निःसंतान दम्पत्तियों के आंगन का सूनापन दूर करने के टेस्ट ट्यूब ब्यूटी सेंटर के रूप में मेरा प्रयास है। आज यहां एकत्र हुए के सहयोग से पैदा हुए बच्चों और उनके प्रसन्नचित्त माता-पिता को देखकर अपार प्रसन्नता हो रही है।

डॉ शांति चौधरी ने कहा कि डॉ वन्दना बंसल अर्पित टेस्ट ट्यूब बेबी के माध्यम से निःसंतान दम्पत्तियों के जीवन में खुशी भरने का सराहनीय कार्य कर रही हैं, जो उनकी लगन एवं उनके समर्पण का परिणाम है। कार्यक्रम में सतना, मिर्ज़ापुर, प्रतापगढ़, भदोही वह अन्य जनपदों से आईवीएफ बच्चे अपने अभिभावकों के साथ आए और उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर डॉ साक्षी बंसल, आन्या, डॉ आर के शर्मा, डॉ आलोक खरे, डॉ अंजुला सहाय, डॉ वर्मा, ममता, सौगात बोस समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# जस्टिस शेखर यादव के समर्थन में आया हाई कोर्ट बार एसोसिएशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने विहिप की लीगल सेल के कार्यक्रम में न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के भाषण को तोड़ मरोड़कर सोशल मीडिया में फैलाने की निंदा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई आपात बैठक में प्रस्ताव पास कर कहा गया कि न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने एक व्याख्यान दिया था जिसे कुछ लोगों ने तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया पर पेश किया।

उक्त व्याख्यान को इस तरीके से पेश करने वाले सभी लोगों की हाई कोर्ट बार एसोसिएशन घोर निंदा करता है। यह भी कहा गया कि पुरानी परम्परा के अनुसार किसी अधिवक्ता द्वारा हाई कोर्ट बार के लाइब्रेरी हाल में सेमिनार आयोजित करने के लिए लिखित पत्र दिया जाता है, तो उसपर लाइब्रेरी हाल उन्हें सेमिनार करने को बार द्वारा दिया जाता है। गत आठ दिसम्बर को उक्त हाल विश्व हिन्दू परिषद के लीगल सेल को दिया गया था। न्यू पदाधिकारी कक्ष में हुई बैठक का संचालन संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित श्रीवास्तव ने किया।

बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्र, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी व नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव अभिजीत पांडेय, पुनीत शुक्ल व आंचल ओझा, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह, गवर्निंग काउंसिल सदस्य उदिशा त्रिपाठी, मनीषा सिंह, किरन सिंह, अवधेश मिश्र, अभिषेक तिवारी, सच्चिदानंद यादव, दिनेश यादव, राजेश शुक्ल, सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव एवं ब्रजेश सिंह सेंगर उपस्थित रहे। दिग्भ्रमित ताकतें न्यायपालिका और न्यायाधीशों की स्वतंत्रता को भी कुत्सित राजनीति का शिकार बनाना चाहती हैं: अमरेंद्र नाथ सिंहयूपी बार काउंसिल एवं हाई कोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि कुछ दिग्भ्रमित ताकतें न्यायपालिका और न्यायाधीशों की स्वतंत्रता को भी कुत्सित राजनीति का शिकार बनाना चाहती हैं। न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा अधिवक्ताओं के कार्यक्रम में व्यक्त किए गए विचारों को निहित राजनीतिक स्वार्थ में तोड़-मरोड़कर प्रचारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश विगत 40 वर्षों से आतंकवाद से पीड़ित रहा और अब सरकार ने उस पर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से आतंकवाद व उसके समर्थकों पर अंकुश ही नहीं लगाया है, बल्कि उसका सफाया करने का भी काम किया है और यही मंतव्य न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा दिया गया।

# त्याग और समर्पण का मूर्ति होता है ब्राह्मण : सुनील पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज सरकारी उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है आर्थिक रूप से बेहद कमजोर ब्राह्मण भी सरकारी अभिलेखों में संपन्न बताया जा रहा है। ब्राह्मण उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ती जा रहीं है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्राह्मण सिर्फ सम्मान का भूखा होता है जहां उसे सम्मान मिलता है वहीं समर्पण भी करता है।

उक्त बातें रविवार को दुदही विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत दशहवा के हनुमान चौक स्थित मातेश्वरी गुलायची देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जनपदीय इकाई कुशीनगर के कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित दीपक त्रिवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि संगठन के सदस्यता विस्तार पर पदाधिकारी गण विशेष ध्यान दें। अवध प्रान्त का मुखिया होने के नाते मैं हर समय आपके साथ सहयोग के लिए तैयार रहूंगा।प्रदेश महासचिव महंत राज द्विवेदी ने उपस्थित विप्रजनों से एक जुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि ब्राह्मण हित संगठन के लिए सर्वोपरि है। विशिष्ट अतिथि व प्रदेश महासचिव सुनील पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश कार्यकारणी में जाने के पहले मै गोरखपुर मंडल का अध्यक्ष रहते हुए कुशीनगर के बहुसंख्य ब्राह्मणों के बारे में जनता हु।इस जनपद से पुराना लगाव होने के नाते मैं आपके लिए सदैव समर्पित रहूंगा। संबोधन और माल्यार्पण करने वालों में प्रमुख रूप मंडल प्रभारी अरविन्द पाण्डेय, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार दुबे, संरक्षक राम जी पाण्डेय,जिला उपाध्यक्ष धनंजय मणि महाबली, राजेंद्र मिश्र, डॉ आदित्य द्विवेदी,प्रकाम्य चतुर्वेदी, मुकुल मिश्र,राजकुमार चौबे,अमित पांडे, धर्मेंद्र पाण्डेय, मनिंद्र दुबे, संजय तिवारी, जगतानंद शुक्ल, अरविन्द शुक्ल, विकास पाण्डेय समेत सभी पदाधिकारी शामिल रहे।कार्यक्रम का संचालन कामाख्या नारायण मिश्र एवं अध्यक्षता राजेद्रपति त्रिपाठी ने किया।इस दौरान परिषद के सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ज्ञापन देने जा रहे पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह गिरफ्तार, धरने पर बैठे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**किसानों पर लाठी चार्ज कराने वाले अधिकारियों पर हो कार्यवाही: पूर्व मंत्री**





कुशीनगर। ढ़ाढ़ा में बिरला ग्रुप की न्यू इंडिया शुगर मिल द्वारा किसानों की अधिग्रहित भूमि के मामले में ज्ञापन देने जा रहे समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह को प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया।

सोमवार को किसानों की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री श्री सिंह मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देने के लिए निकल रहे थे कि उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरोध में वह अपने घर के सामने अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए।

हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र के ढ़ाढ़ा में बिरला ग्रुप की न्यू इंडिया शुगर मिल का एथेनॉल प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के मामले में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में धरना दिया। प्रशासन ने कहा कि निषेधज्ञा लागू है। श्री सिंह ने कहा कि नाचने गाने वालों के लिए कोई धारा नहीं लागू है। धरती का सीना चिकरकर अन्न उगाने वाले किसानों के हक की बात करना गलत है। मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि क्या विपक्ष में रहकर किसानों की बात करना गलत है। मुख्यमंत्री किसानों पर लाठीचार्ज करने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी करवाई करें।

बाद में मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी हाटा ने उनका 5 सूत्रीय ज्ञापन लिया। श्री सिंह ने कहा कि एथनाल फैक्ट्री के विरोध में नहीं है लेकिन किसानों की सहमति से जमीन लिया जाय। हरपुर गांव की नगरीय जमीन का मुआवजा शहरी क्षेत्र के तरह दिया जाय। किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। जमींन देकर भूमिहीन हुए किसानों को नौकरी दिया जाय। एक दिसम्बर को किसानों पर लाठी चार्ज कराने वाले हुक्मरानों पर कड़ी करवाई की जाय और जांच कमेटी बनाकर दोषियो पर मुकदमा दर्ज किया जाय।

विदित हो कि वर्ष 2008 में सरकार ने 19.5 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित किया था। 88 किसानों ने अधिग्रहण भूमि का मुआवजा ले लिया। लेकिन 86 किसानों ने अपनी भूमि नहीं दी और मुआवजा भी नहीं लिया। इस जमींन के लिए प्रशासन व मिल प्रयासरत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सपा शुकरुल्लाह अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, हाटा के पूर्व प्रत्याशी रणविजय सिंह मोहन, वीरेंद्र सिंह सैंथवार, परवेज असलम, हरिलाल यादव, हरिलाल प्रजापति, शैलेंद्र प्रताप सिंह, हरिराम सिंह, जवाहरलाल गौतम, ब्लाक प्रमुख रामकोला दिग्विजयसिंह लक्ष्मण, ब्लाक प्रमुख अमरजीत यादव आदि मौजूद रहे।

## संगीत के सच्चे साधक थे उस्ताद हुसैन : कृष्णानंद त्रिपाठी

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्यायनगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य संगीत विद्यालय में भारत के प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक संगीत प्रेमियों व छात्र – छत्राओं ने शोक व्यक्त किया। सोमवार को आयोजित शोज सभा में प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुई संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री 2002 में पद्मभूषण 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था! ऐसा तबला वादक भारत ने आज खो दिया जो भारत के लिए अपूरणीय क्षति हुई ! इस सूचना को पाकर सभी संगीत प्रेमी बहुत व्यथित हैं वे संगीत के सच्चे साधक थे। उन्हें आजीवन याद किया जाएगा। इस मौके पर सभी ने मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर संस्था के छात्र नरेंद्र शर्मा गीता वर्मा, काशवी, नीतू कृष्णा, राजा आदि बच्चे उपस्थित रहे।

## पुराने वादों का निस्तारण शीघ्र होगा : जिला जज

**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को नवागत जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा का अभिनंदन समारोह हुआ। इस मौके पर जिला जज ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए पुराने वादों का निस्तारण शीघ्र कराया जाएगा। इसमें अधिवक्ताओं के सहयोग की भी आवश्यकता होगी। नवागत जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने आगे कहा कि हमारा दायित्व है कि वादकारियों को उचित और सहज ढंग से न्याय मिले। पुराने वादों का शीघ्र निस्तारण करना भी जरूरी है। जिला जज ने कहा कि कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल पाल सिंह ने आश्वासन दिया है कि पुराने वादों का निस्तारण कराने में अधिवक्ता सहयोग करेंगे। डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता ने बार के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल पाल सिंह और संचालन ध्रुव कुमार सक्सेना ने किया।

## रेलमंत्री 21 दिसंबर को मुरादाबाद के नलिन लोचन गुप्ता को देंगे नेशनल रेलवे अवार्ड

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद महानगर के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र ग्लैक्सी अपार्टमेंट निवासी नलिन लोचन गुप्ता ने एक बार फिर शहर का नाम रोशन किया। उन्होंने रेल सेवा के लिए प्रतिष्ठित अवार्ड नेशनल रेलवे अवार्ड 2024 प्राप्त किया है। आगामी 21 दिसंबर को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दिल्ली के प्रगति मैदान में नलिन लोचन गुप्ता को सम्मानित करेंगे। नलिन वर्तमान पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल में सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनयर (ट्रेक्शन) के पद पर तैनात हैं। महानगर के केसीएम स्कूल से प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने वाले नलिन लोचन गुप्ता ने कानपुर आईआईटी से एमटेक किया और फिर संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय इंजिनयरिंग सेवा में 2015 में चयनित हुए थे। नलिन लोचन गुप्ता वर्तमान पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल में सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनयर(ट्रेक्शन) में तैनात हैं। उनके चयन से परिवार में ख़ुशी की लहर है। सहकर्मी और रेल अधिकारियों ने भी उन्हें बधाई दी है और भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। इसके पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी में बजरंग बली का भी दर्शन पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचने पर पुजारी ने रामनामा पहनाकर स्वागत किया। हनुमानगढ़ी मंदिर में महंत ज्ञानदास के शिष्य पुजारी हेमंत दास ने उन्हें हनुमान जी का चित्र भेंट किया।

## गलत रिपोर्ट पर लेखपाल निलंबित, जिलाधिकारी ने कराई जमीन की पैमाइश

मीरजापुर। कोन विकास खंड के ग्राम मझिगवा में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने दो पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहे जमीनी विवाद के निस्तारण के लिए खुद मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाइश कराई। तहसील प्रशासन की टीम के साथ निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नक्शे के अनुसार जमीन का मुआयना किया। पूर्व में गलत पैमाइश रिपोर्ट देने पर तैनात लेखपाल मनोज यादव को निलंबित करने और नायब तहसीलदार को शो-काज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही मौके पर मौजूद राजस्व कानूनगो को कड़ी फटकार लगाते हुए 15 दिन के भीतर जमीन की स्थिति, सड़क, रेलवे की जमीन, नाली, चकरोड आदि की स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने विवादित स्थल और फोर लेन सड़क के बीच की जमीन की पैमाइश अपनी उपस्थिति में कराई।

# दबंगों से पीड़ित दम्पति ने बच्चों के संग विधायक निवास दारुल सफा में दिया धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पीड़ित चन्द्रभान के मुताबिक दबंगो ने जमीन तो लिखवा ली लेकिन उसके रुपये नही दिए और जो चेक दिए वो भी बाउंस हो गई। इस बात की शिकायत प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करने के बाद वहां से भी लिखित आदेश हुआ लेकिन आगरा के अधिकारियों ने उसकी भी अनदेखी कर दी। इतना ही नही अब आरोपी कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ितों ने सीएम योगी से अपील की है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए।

विधानसभा की कार्रवाई के दौरान आगरा से लखनऊ पहुचें एक परिवार ने सीएम योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार विधानभवन के बाहर धरने की कोशिश में था हालांकि काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती के चलते विधायक निवास दारुल सफा में धरने पर बैठ गया। जनपद आगरा के सदर तहसील पोखरियापुरा कुन्डौल निवासी चन्द्रभान को जब खुद के गृह जनपद में अधिकारियों से न्याय नही मिला तो किसी की कहने पर न्याय की आस में लखनऊ पहुँच गए। इरादा था कि विधानसभा की कार्रवाई के दौरान बाहर धरना देकर सरकार तक अपनी बात पहुचायेंगे लेकिन पुलिस व्यावस्था मजबूत होने के चलते विधायक निवास दारुलसफा परिसर में धरने पर बैठ गए। पीड़ित चन्द्रभान के मुताबिक दबंगो ने जमीन तो लिखवा ली लेकिन उसके रुपये नही दिए और जो चेक दिए वो भी बाउंस हो गई। इस बात की शिकायत प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करने के बाद वहां से भी लिखित आदेश हुआ लेकिन आगरा के अधिकारियों ने उसकी भी अनदेखी कर दी। इतना ही नही अब आरोपी कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ितों ने सीएम योगी से अपील की है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए। दरअसल चन्द्रभान ने कुछ वर्ष पहले आगरा निवासी अनिल कुमार शर्मा और प्रवेंद्र कुमार को अपनी जमीन बेची थी। आरोप है कि जमीन लेने के बाद भी आरोपियों ने पीड़ित को पैसे नही दिए। जबकि आरोपियों ने जो चेक दी थी वो भी बाउंस हो गई। इस मामले के पूरे सबूत चन्द्रभान के पास मौजूद भी है। पीड़ित की पत्नी बसंती ने बताया कि जब तक उसे न्याय नही मिलेगा यही धरने पर बैठी रहेगी। पीड़ितों के मुताबिक वो हर अधिकारी के चौखट पर गए लेकिन दबंगो के रसूख के चलते कही कोई सुनवाई नही हुई। पीड़ित के बच्ची काकुल ने भी रोते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# हरी खाद की बुआई से किसानों को मिलेगी फसलों की अच्छी पैदावार : डॉ.जितेंद्र सिंह

एजेंसी

फतेहपुर। जिले में सोमवार को मलवां विकास खंड के मौहार गाँव में ईश एग्रीटेक द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत जैविक कृषि मेला आयोजित कर किसानों को जागरूक किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव के कृषि वैज्ञानिक डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि हरी खाद के बुआई से किसानों को जहां फसलों की अच्छी पैदावार मिलेगी, वहीं चारे के किल्लत में यह पशुओं के लिए अच्छी पौष्टिक चारा भी साबित होगा। उन्होंने बताया कि खेत में हरी खाद का इस्तेमाल करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और फसलों का उत्पादन भी बढ़ता है। हरी खाद फायदे यह है की मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की संख्या और क्रियाशीलता बढ़ती है। इससे मिट्टी में नमी, आर्गेनिक कार्बन और नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है। हरी खाद से मिट्टी की संरचना में सुधार होता है और मिट्टी में जैविक गतिविधि बढ़ती है। मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है। हरी खाद से मिट्टी में अम्लीयता और क्षारीयता में कमी आती है। मिट्टी जनित रोगों में कमी आती है। हरी खाद से रासायनिक उर्वरकों की निर्भरता कम होती है। हरी खाद से खरपतवारों को नियंत्रित किया जा सकता है। हरी खाद के लिए सनई, ढैंचा की किसान बुवाई करें और फिर खेत में पलट दे। उन्होंने बताया कि यूरिया, डीएपी के कारण हमारी मिट्टी बीमार हो गई है। 80? गेहूँ धान करने वाले किसान के खेत की मिट्टी भी 80% ही बीमार हो गई है। उन्होंने बताया कि मलवां विकास खंड क्षेत्र में जीवाश्म कार्बन का स्तर निचले स्तर में पहुँच गया है जो चिंता की बात है। वैज्ञानिक डा.साधना वैश्य ने खाद्य प्रसंस्करण के बारे में जानकारी देते हुए टमाटर के स्टोरेज पर जोर दिया। आंवला के आचार मुरब्बे की जानकारी दी। कीट नियंत्रण के लिए फ़ेरोमेन ट्रैप, ग्लू ट्रैप लगाने की जानकारी देते हुए बताया कि मादा की गंध से कीट इस ट्रैप मे आकर फंसकर मर जाते है जिससे कीट नियंत्रित होता है।

# एसपी विनीत जायसवाल ने सुनी जनता की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल के ने प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय में सोमवार को जनता दर्शन में जनसुनवाई कर जनमानस की जनसमस्याओं कों सुना तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पुलिस कार्यालय गोंडा में जन सुनवाई की गई इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों,जनसम्मान कि समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा उनकी समस्याओं के समय बद्ध गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिसमे पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के संबंध में मौके पर जाकर तत्काल निष्पक्ष एवं न्यायों चित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा शिकायत कर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में फीड बैक लिए जाने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी थानों को सूचित किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क कों और अधिक प्रभाव शाली बनाया ताकि पीड़ित शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से इतनी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता ना पड़े.साथ ही सभी थाना प्रभारियों निरीक्षक को यह निर्देश दिए गए हैं कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# पुलिस लिखाक़र गाड़ी पर बीच सड़क बैठा रहे सवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । नगर पालिका परिषद क्षेत्र में गुरु नानक चौराहे पर सुबह होते ही एर्टिगा गाड़ियों पर पुलिस लिखाक़र रोड़बेज बस वालो के गाड़ी को आगे बीच सड़क पर ख़डी करके लखनऊ की सवारियां बैठे हैं।जिससे कि सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और हमेशा हादसे का डर बना रहता है।इसके चलते जाम की भी स्थिति बनी रहती है।इसके बावजूद जिम्मेदार अफसर और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं रहे हैं।इससे लोगों में रोष पनप रहा है।

**गुरु नानक चौराहे पर अवैध टैक्सी वालों का कब्जा**

गुरु नानक चौराहे पर सड़क के पर अवैध प्राइवेट टैक्सी वालों का कब्जा रहता है जिससे कि आने जाने वाले रास्ते पर काफी दिक्कत होती है।प्राइवेट टैक्सी वालो का संचा

लन कई मार्गों के लिए होता है।इन प्राइवेट टैक्सियों को खड़ा करने के लिए कोई भी जगह नहीं है।ऐसे में शहर के मुख्य चौराहों पर बीच सड़क पर पुलिस लिख कर दबंगई के बल पर गोंडा से लखनऊ के लिए सांवरिया भरते हैं और फिर उनसे दुगना किराया वसूला जाता है वही सूत्र बता रहे है कि हर महीने नगर पुलिस और ट्रैफिक पुलिस को महीना दिया जाता है और इस महीने के व सूली का पैसा ट्रैफिक के उच्च अधिकारियों को भी जाता है।वही देवीपाटन पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित पाठक ने सख्त आदेश दिया था कि सड़क पर रोडवेज बस के पास कोई अवैध टैक्सी स्टैंड नहीं चलेगा उनके आदेश पर आरटीओ ट्रैफिक पुलिस ने कार्यवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की थी और फिर सड़क पर प्राइवेट टैक्सी वालों का जमवाड़ा लगने लगा है।

**मेन सड़क से लेकर फुटपाथ तक हो रही पार्किंग**

फुटपाथ के अलावा मेन सड़क भी पार्किंग के लिए इस्तेमाल हो रही है।चालक अपने वाहनों को फुटपाथ किनारे लाइन से खड़ा कर देते हैं।यह वहां पूरे दिन सड़क किनारे खड़े रहते हैं जोकि हादसों का सबब बन रहे हैं।वही आए दिन हादसों के बाद भी पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी ओवरलोडिंग रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।प्रभावी कार्रवाई न होने से इन्हें बढ़ावा मिल रहा है।शहर में सैकड़ों ई-रिक्शा, ऑटो और टैक्सियों का संचालन हो रहा है।डग्गामार वाहनों और रिक्शा चालकों की मनमानी को पुलिस नजर अंदाज कर रही है।

# रात में खेतों की पहरेदारी कर रहे किसान फसल बचाएं या फिर जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फसल रखवाली के लिए कड़ाके की ठंड में रात काटने को मजबूर किसान

गोण्डा । एक कहावत है कि अगर न हो किसान तो खेतों में कौन फसल उपजाएगा फिर सोचो बिना फसल के कैसे भारत देश महान कहलाएगा।यह कहावत इन दिनों सच देखने को मिल रही है।यहां पड़ भीषण ठंड की परवाह किए किसान परिवार जनों के साथ खुले आसमान में फसलों की रखवाली कर रहा है।किसानों की फसल बर्बाद कर रहे छुट्टा जानवर रातों की नींद और दिन का चैन छीन रहे हैं।इनके आतंक से किसान परेशान हैं।हालात ये हैं कि किसानों को कड़ाके की ठंड और घनघोर अंधेरी रात में खून-पसीने की कमाई को छुट्टा जानवरो से बचाने को खेत में पहरा देना पड़ रहा है।शीत लहर के प्रकोप के बीच कड़ाके की ठंड में रातभर जागकर किसान फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं।हाथ में लाठी व टार्च लेकर खेत पर डेरा जमाए इन किसानों की रात दर्दभरी है। अलाव सर्द रातें कट रही हैं।किसान रात में फसलों की पहरेदारी करने को मजबूर हैं औरवे झुंड में घुसे छुट्टा पशुओं को खेत से निकालते हैं लेकिन थोड़ी देर बाद फिर लौट आते हैं।समझ में नहीं आता कि क्या करें जिम्मेदर

**गांवों में रात दस बजे के बाद पहरा देते मिले किसान**

गांवों में छुट्टा पशुओं की भरमार है।इन गांवों में किसान अपनी गेहूं आलु सरसों आदि की फसलों को बचाने के लिए पूरी-पूरी रात जागकर खेतों में पहरा दे रहे थे।किसान एक हाथ में टॉर्च दूसरे में डंडा लेकर खेत में चौकन्ने रहते है।इस मौसम में 24 घंटे फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है।हर समय खेतों पर घर का कोई न कोई सदस्य जरूर रहता है।वहीं प्रशासन किसानों की इस समस्याओं को जानकर भी अनजान बना रहता है और रात में पहरा दे रहे इन किसानों की सुध न शासन ले रहा है न ही क्षेत्रीय प्रतिनिधि सांसद विधायक जो इन छुट्टा पशुओं से निजात दिला सच या फिर कोई इंतजाम कर सके।जिससे किसान इस सर्द मौसम में घर पर रह कर परिवार चेन की नींद ले सकें।कोई इंतजाम नहीं करते इन छुट्टा पशुओं का ये पीड़ा गोण्डा जिले के किसानों की है।

# मुस्लिम विकास समिति एवं लदनिया बंजारा समाज ने नानपारा जिला बनाने एवं सहादत स्कूल में स्टेडियम बनाने की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत बंजारन टाड़ा पर मुस्लिम लदनिया बंजारा उत्थान समिति एवं मुस्लिम विकास समिति की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई, बैठक उपरांत भारतीय मुस्लिम विकास समिति एवं बंजारा लदनिया समाज द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलन स्वरूप प्राप्त उपलब्धियों को लेकर संयुक्त प्रेस वार्ता हुई जिसमें सै0अब्दुल वली संस्थापक अध्यक्ष भारतीय मुस्लिम विकास समिति एवं बंजारा समाज संस्थापक अध्यक्ष कमाल अहमद ने मीडिया को बताया कि नानपारा को जिला बनाने, सआदत स्कूल को स्टेडियम बनाने, नवोदय विद्यालय की स्थापना, इमामगंज रोड से लेकर बाईपास चौराहे तक मिहीपुरवा रोड सब्जी मंडी से लेकर मन्नत मैरिज हॉल तक रोड क निर्माण जो बहुत ज्यादा जर्जर अवस्था में है था, इस्लामनगर बंजारन टाड़ा में एक महिला इंटर कॉलेज की स्थापना आदि को लेकर बीते वर्ष 2023 में जो ज्ञापन राज्यपाल को भेजा गया था उसको गंभीरता से लेते हुए मौजूदा सरकार ने इमामगंज चौराहे से लेकर बाईपास चौराहे तक रोड का निर्माण, पूर्व मे रोड सब्जी मंडी से लेकर मन्नत मैरिज हॉल तक रोड का निर्माण, बंजारा समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल कर कर लिया, बंजारा समाज के बंजारन टाड़ा में 80 आवास बंजारा समाज के नाम से स्वीकृत हुए जो संगठन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। जो मांगे पूरी नहीं हुई है उसके लिए संगठन संघर्षील प्रयासरत रहेगा और बंजारा समाज के लिए अलग बोर्ड स्थापित जब तक नहीं हो जाता है तब तक संघर्ष जारी रहेगा। इस प्रोग्राम में दूरदराज़ से आए हुए तमाम बंजारा समाज के लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाल अहमद भारतीय मुस्लिम विकास समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सै0 अब्दुल वली, बलरामपुर से आए मौलाना हसन, मंडल अध्यक्ष रफीक, जनपद बहराइच जिला अध्यक्ष बंजारा समाज सलीम प्रदेश उपाध्यक्ष सिकंदर, शफी बाबा पुस्तक और यूथ दिन में नदीम सद्दाम और उनके अन्य लोग शामिल रहे। इस दौरान सरोज सोनकर, नानपारा देहात प्रधान के तहसील अध्यक्ष राहत, फजल, नफीस अहमद आदि मौजूद रहे। सभी ने संकल्प लेते हुए संगठन पर जोर देते हुए कहा कि जब तक नानपारा जिला और नवोदय विद्यालय, सआदत स्कूल में स्टेडियम की स्थापना नहीं होती है तब तक मुस्लिम विकास समिति एवं मुस्लिम लदनिया बंजारा उत्थान समिति अपनी आवाज उठाता रहेगा।

# खरगूपुर पुलिस ने अतिक्रमण पर चलाया डंडा तो साफ हुई सड़कें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले अवैध अतिक्रमण के खिलाफ डीआईजी का फरमान असर दिखाने लगा है।डीआईजी के आदेश पर जिले भर की पुलिस सक्रिय हो गयी है।15 दिसम्बर सोम वार को खरगूपुर पुलिस ने कस्बे में अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटवाया।साथ ही चेतावनी दी कि अगर किसी ने सड़क के पटरियों पर अवैध रूप से दुकान लगायी तो संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जायेगी।देवी पाटन मंडल के डीआईजी अमित पाठक ने चार्ज संभालते ही अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिले के सभी थानों के पुलिसकर्मियों को सड़क किनारे किये गए अतिक्रमण को हटाने का फरमान जारी किया था।13 दिसम्बर को डीआईजी ने इटियाथोक थाने का निरीक्षण किया था।निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे जबरदस्त अतिक्रमण देखने को मिला था।इस पर नारा जगी व्यक्त करते हुए उन्होने जिले के सभी थानों को सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया है।डीआईजी के फरमान पर सोमवार 15 दिसम्बर को पुलिस ने कस्बे का भ्रमण कर अतिक्रमण हटवाया और पटरी दुकानदारों को हिदायत दी कि आगे से वह अपनी दुकानों को पटरी छोड़कर लगाएं।खरगूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने खरगुपुर बजार में सड़क की दोनों पटरियों से अतिक्रमण से खाली कराया।खरगुपुर थाना प्रभारी निरी क्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सभी दुकानदारों को अपनी सीमा के भीतर दुकान लगाने के लिए निर्देशित किया गया है।साथ ही हिदायत दी गयी है कि अगर किसी ने सड़क की पटरी पर दुकान लगायी तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# किसानों को दिलाई भुकीये भानु गुट की सदस्यता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच । जरवल ब्लॉक के बिरहिमपुर बेल्होरा में भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के दिशा निर्देश पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हसनैन खान के नेतृत्व में गोडानिया कार्यालय पर सैकड़ो किसानो को भारतीय भानु गुट की दिलाई सदस्यता। सभी किसानों को माल्यार्पण कर के स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष धरम चन्द्र महेश ,शिवभूषण सिंह, तोहिद आलम खान पूर्व प्रधान,किसान नेता मोहम्मद ताकि खान, समीम खान, रियल अहमद, अल्ताफ खान, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह समेत सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का आश्वासन दिया।मण्डल अध्यक्ष धर्मचंद महेश ने कहा कि किसानों के साथ हमारा संगठन हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेंगा।किसानों की जो भी समस्याएं होगी,संगठन के सभी लोग मिलकर समाधान करेंगे। भारतीय किसान यूनियन भानू हमेशा किसानों के बीच रहकर काम करने का संकल्प लिया।

## रोड़वेज बस ने एएनम को रौदा मौके पर हुईं मौत



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एलबीएस चौराहे के पास देर रात हुई सड़क हादसे में एक तीस वर्षीय स्कूटी सवार एएनएम की रोडवेज बस के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई है।मृतक एएनएम प्रियंका अपने जानकी नगर स्थित घर से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए शहर में ही जा रही थी।जहां घर से निकलते ही लाल बहादुर शास्त्री चौराहे पर प्रतापगढ़ डिपो की रोडवेज बस की चपेट में आ गई जहां मौत हो गई है।फिलहाल सूचना पाकर मौके पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने देर रात ही मृतक एएनएम प्रियंका के शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच में पुलिस जुटी हुई है।मृतक प्रियंका की एक बहन ने पहले ही सुसाइड कर ली गई थी दूसरी बहन पुलिस विभाग में है और पांचवें नंबर वाली बहन भी स्टेट बैंक में है।प्रियंका वर्तमान समय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक में एएनएम के पद पर तैनात थी।प्रियंका की सड़क हादसे में मौत होने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है,परिजनों ने रोडवेज चालक के खिलाफ नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।पूरे मामले को लेकर के नगर कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया-एक महिला की सड़क हादसे में मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराकर पोस्ट मॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।परिजनों को भी पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है परिजनों ने जो भी तहरीर दिया गया है।उसी के आधार पर जांच करके आगे की कार्रवाई की जा रही हैं।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखनऊ गोंडा रेल प्रखंड पर जरवलरोड रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भर कर महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र जरवल रोड के अंतर्गत लखनऊ गोंडा रेल प्रखंड पर जरवलरोड रेल क्रॉसिंग से 50 मीटर की दूरी पर अप लाइन पर ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत हो गई। महिला की उम्र करीब 55 वर्ष आंकी जा रही है। सूचना पर आरपीएफ बुढवल और जीआरपी गोण्डा की पुलिस की टीम ने पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने बताया कि शायद महिला किसी ट्रेन से गिरकर कट गई है। महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

## उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद की परिक्षाओं के लिए जारी की गई समय-सारिणी

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फारसी/अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी/अरबी) परीक्षा वर्ष-2025 की परीक्षा कार्यवाही से सम्बन्धित समय-सारणी निर्गत की गई है। समय-सारणी के अनुसार छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन-पत्र सम्बन्धित मदरसे के माध्यम से मदरसा पोर्टल पर भरे जाने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 निर्धारित की गयी है। जबकि चालान के माध्यम से राजकोष में परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 28 दिसम्बर 2024 है। श्री मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा आवेदन फार्म 13 से 31 दिसम्बर 2024 तक भरे जायेंगे। सभी मदरसों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समयसारिणी के अनुसार परीक्षा सम्बन्धी कार्यवाही ससमय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

## महाकाल भैरव मंदिर वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस आयोजित हुआ कार्यक्रम

बहराइच। कैनविज टाइम्स संवाददाता शहर के त्रिमुहानी घाट श्मशान पर स्थित श्री श्री महाकाल भैरव मंदिर के सप्तम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव का महाभिषेक किया गया इसके बाद अष्ट भैरव पूजन, चौसठ योगिनी पूजन, मात्रिका पूजन के साथ महाकालिका पूजन किया गया। श्री श्री काल भैरव श्मशान घाट सेवा मण्डल के तत्वाधान में शहर के स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट स्थित महाकाल भैरव मन्दिर पर सप्तम वार्षिकोत्सव का आयोजन चल रहा है। जिसके क्रम में आयोजन के प्रथम दिवस उत्तरदिशानी अघोर अखाड़ा परिषद तारा पीठ के नाथ योगी नटेश्वरी पंथ के साधक श्री श्री 1008 अघोरी बाबा वैद्यनाथ,अघोरी बाबा ज्ञानी नाथ महाराष्ट्र के अघोरी बाबा अविनाश नाथ, अघोरी बाबा उतुल अघोरी बाबा गणेश नाथ एवं गुजरात के नाथ योगी अघोरी बाबा शिवनाथ योगी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजक शाक्त ईशान रजनीश ने महाकालिका पूजन किया। इस दौरान महाराजाधिराज महाकाल भैरव को षोडशोपचार पूजन भी दिया गया। बाबा वैद्यनाथ अघोरी ने बताया कि तंत्र मार्ग ईश्वर को प्राप्त करने का सबसे सरल मार्ग है। यदि स्वच्छ मन से ईश प्राप्ति के लिए अनुष्ठान किया जाए तो तंत्र मार्ग से ईश्वर प्राप्ति सूक्ष्म समय में सम्भव है। कहा कि आज कई नकली तांत्रिकों के कारण तंत्र मार्ग को हीन भावना से देखा जाने लगा है जबकि तंत्र उपासना,भक्ति और ईश्वर प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है।

# जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने दस मेधावी बच्चों को दी स्कॉलरशिप,बोले युवा करेंगे देश का नेतृत्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान गोंडा जिले में आयो जित स्वर्गीय सत्यदेव सिंह प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की,लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आयो जित कार्यक्रम में उनका स्वागत डीएम नेहा शर्मा,एसपी विनीत जायसवाल और स्वर्गीय सत्यदेव सिंह की पुत्री वर्षा सिंह ने बुके देकर किया।समारोह का शुभारंभ उपराज्यपाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में सत्य सरोज फाउंडेशन के माध्यम से दस गरीब और मेधावी बच्चों को स्कॉलरशिप प्रदान की गई।इसके अलावा,महाविद्यालय के विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।उपराज्यपाल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, ''शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है।शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति को न केवल सफलता दिलाती है बल्कि उसे समाज और देश के विकास के लिए प्रेरित करती है।''अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने युवाओं को देश की रीढ़ बताते हुए कहा कि ''देश के विकास का नेतृत्व युवा करेंगे।हमें आधुनिक सोच और तकनीकी के साथ आगे बढ़ना होगा।'' उन्होंने भारत को विश्व स्तर पर आर्थिक रूप से और मजबूत बनाने का संकल्प लेने की बात कही। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों से कहा कि वे बच्चों को ऐसी शिक्षा दें,जो आने वाले समय में मिसाल बनेगा।उन्होंने बताया कि शिक्षा नीति में बद लाव से अब बच्चे पढ़ाई के प्रति अधिक रुचि ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पहले बच्चे विषयों के बोझ के कारण पढ़ाई से भागते थे,लेकिन नई शिक्षा नीति ने शिक्षा को रुचिकर और प्रभावी बना दिया है।''उपराज्यपाल ने अपने संबोधन के दौरान एक राजा और उसके सेनापति की कहानी सुनाकर यह संदेश दिया कि ''अगर आप अपनी जीत को लेकर संकल्पित हैं और आपके पास ईश्वर का आशीर्वाद है, तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

# महाकाल भैरव जी के महाभिषेक संग आरंभ हुआ वार्षिकोत्सव महानिशा पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। शहर के त्रिमुहानी घाट श्मशान पर स्थित श्री श्री श्री महाकाल भैरव मंदिर के सप्तम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव में महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव का महाभिषेक व अष्ट भैरव संग चौसठ योगिनी पूजन, मात्रिका पूजन, महाकालिका पूजन के साथ ही नादी संस्कार भी किया गया। इस दौरान गुप्तवास के कारण परिसर में ही महाराजाधिराज बाबा काल भैरव जी की नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई जहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने यात्रा पर पुष्पार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्री श्री काल भैरव श्मशान घाट सेवा मण्डल के तत्वाधान में शहर के स्वर्ग धाम त्रिमुहानी घाट स्थित श्री श्री श्री महाकाल भैरव मन्दिर पर सप्तम दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन में महाराजाधिराज बाबा महाकाल भैरव जी का महाभिषेक,दश महाविद्या पूजन,महाकालिका पूजन एवं खप्पर भोग दिया गया। सर्वप्रथम प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक मन्दिर में बाबा का अभिषेक हुआ इसके उपरान्त भैरव नाम संकीर्तन हुआ। रात्रि 9 बजे पुष्पों से सजे रथ में सवार होकर बाबा नगर भ्रमण के लिये निकले। इस बार गुप्तवास के चलते श्मशान परिसर में ही बाबा की शोभा यात्रा निकाली गई। रथ पर विराजित होने से पूर्व अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर राकेश कुमार सिंह ने बाबा महाकाल भैरव एवं दण्ड पूजन कर सम्पूर्ण नगरवासियों के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजन शुरू होने से पूर्व पूरे श्मशान परिसर सहित शव पीठों को दीपों से सजाया गया था। समूचे श्मशान में दीपावली जैसा दृश्य नजर आ रहा था। सभी भक्तगण बाबा के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। बाबा महाकाल भैरव के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का संयोजन शाक्त ईशान रजनीश ने किया जबकि उत्तरदिशानी अघोर अखाड़ा परिषद तारा पीठ से पधारे नटेश्वरी पंथ के साधक श्री श्री श्री 1008 अघोरी बाबा बैजनाथ एवं अघोरी बाबा ज्ञानी नाथ,महाराष्ट्र राज्य के अघोरी बाबा अविनाश नाथ,गुजरात राज्य के नाथ योगी अघोरी बाबा शिवनाथ योगी के निर्देशन में विधिवत पूजन अर्चन सम्पन्न हुआ। इस दौरान भैरव जी को षोडशोपचार पूजन दिया गया। पूजन उपरान्त तीन भक्तों को अघोर अखाड़े में सम्मिलित करते हुए उनका नादी संस्कार,चोटी संस्कार,नामकरण संस्कार के साथ ही षोडस संस्कार किया गया।

# परिषदीय विद्यालयों की समस्याओं को चौबीस घण्टे में निस्तारित करने का करुंगा प्रयास : सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**ब्लाक प्रमुख ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को प्रमाण पत्र प्रदान किया**

**परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के साथ अभिवावकों से सम्पर्क करने की बात कही**

अमेठी। शिक्षक समाज को नई दिशा प्रदान करता है और शिक्षित व्यक्ति क्षेत्र के साथ ही समाज का विकास और उत्थान कर सकता है इसलिये आज के बदलते परिवेश में शिक्षा बहुत जरुरी है और परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक निष्ठा लगन और ईमानदारी से कार्य कर विद्यालय के साथ ही साथ बच्चों को भी सजाने और संवारने का कार्य करें।यह बात ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कही। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि कायाकल्प के साथ ही अन्य योजनाओं के तहत परिषदीय विद्यालयों को जनप्रतिनिधियों द्वारा सजाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी विद्यालय में कोई समस्या आ रही है तो वहां का प्रधानाध्यापक हमसे अपनी बात कह सकता है उसकी समस्या चौबीस घण्टे में निस्तारित करने का प्रयास करुंगा।खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप ने अपने सम्बोधन में कहा कि कायाकल्प योजना के तहत तिलोई ब्लाक ने जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि चौदह हजार दो सौ तिरसठ बच्चे नामांकित हैं जिसमें से आठ सौ उनचास बच्चों के आधार कार्ड नही बन पाये है आप सब लोग उनके अभिवावकों से सम्पर्क करें जिससे इन बच्चों के अभिवावकों के खाते में धनराशि भेजी जा सके।ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने पर कोटवा, भेलाई कला, तिलोई,गड़ेहरी व असनी के ग्राम प्रधान को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने प्रमाण पत्र भेंट किया और खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप ने ग्राम प्रधानों को अंगवस्त भेंटकर स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि द्वारा क्विज प्रतियोगिता में विजेता सात बच्चों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को ग्राम प्रधान देवी शरण बाजपेई, एआरपी माधवेंद्र सिंह, ब्रजेश सिंह,धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंह ने किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान भाष्कर सिंह, संतोष तिवारी, रमाकंात मौर्य,मोनू जायसवाल,देव नारायण, अमिता गौतम,ध्रुवराज पासी मोहम्मद अशरफ, बबलू मिश्रा, विनोद मौर्या, राजेन्द्र सैनी, कामता दीक्षित,अतुल श्रीवास्तव, हरि शंकर बाजपेई, हर्षित वर्मा, विजय सिंह, शुभम मिश्रा, राहुल सोनकर, आराधना सिंह, शालिनी सिंह, निर्मला सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान ने अपनी पंचायत में वितरण किए कंबल खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कम्बल वितरण का कार्य क्रम किया गया। कार्यक्रम मे प्रधान व लेखपाल गजेंद्र कुमार ने सामूहिक रूप से कंबलों का वितरण किया गया है। प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत के विधवा असहाय और विकलांगों को कम्बल का वितरण किया गया।कंबल वितरण कार्यक्रम को संबोधन करते हुए प्रधान विवेकानंद सरकार ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की ओर से दी जा रही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।ग्रामीण आवास योजना, शौचालय निर्माण एवं उज्जवला गैस योजना के तहत लाभार्थियों को सीधा लाभ दिया जा रहा है।तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पक्की सड़कों का निर्माण सरकार के द्वारा करवाया जा रहा है।कम्बल वितरण करते समय प्रधान विवेकानंद सरकार ने कहा हर वर्ष की तरह हम पंचायत में कंबल वितरण करते हैं ।और इस कड़ाके की ठंड में गरीबों असहाय को कंबल देना सबसे पुण्य कार्य है।भीषण ठंड में कम्बल पाकर बुजुर्ग,असहाय,विधवा महिलाओ के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर लेखपाल गजेंद्र यादव सहित क्षेत्र के कई लोग मौजूद रहे हैं।

# शराब की लत ने महिला की छीनी जिंदगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नशे की आदी एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे झूरहू मजरे हलियापुर में रविवार रात लगभग नौ बजे नशे की आदी राजकुमारी (उम्र लगभग 45 वर्ष) शराब के नशे मे किसी काम से छत गई थी वहां से वह अचानक नीचे गिर गई। छत से नीचे गिरने पर महिला बेहोश होकर रात भर ठंड में पड़ी रही जब घर में सो रहे महिला के पति सुबह उठे तो अपनी पत्नी को आवाज लगाई लेकिन जबाब न मिलने पर वह ढूढ्ने लगा बाहर देखा तो पत्नी राजकुमारी पुवाल पर पड़ी थी, पति ने नजदीक से देखा तो राजकुमारी की मृत्यु हो चुकी थी। पति रामस्वरूप ने आशंका जताई कि उसकी मौत ठंड में पड़े रहने से हुई है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतका का पति रामस्वरूप विदेश में रहकर मजदूरी का काम करता है। अभी नौ दिसंबर को वह वापस अपने घर आया था मगर होनी को कुछ और ही मंजूर था। इस संबंध में थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पति रामस्वरूप ने थाने में तहरीर दी है जिसमें उसने नशे में छत से गिरकर ठंड में पड़े रहने से मौत की आशंका जताई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल पायेगा। रविवार की रात घटित हुई घटना की सूचना जैसे ही मृतका के मायके वालो को मिली तत्काल उन लोगो ने इसकी सूचना सांसद के पी आर ओ सुरेन्द्र निषाद को दी। पीआरओ मे तत्काल इस सूचना को हलियापुर पुलिस को देकर कार्यवाही के लिए कहा मायके वालो ने कहा है कि राजकुमारी की हत्या की गई है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक मायके वालो ने थाना हलियापुर में तहरीर नही दी थी।

# अमेठी जनपद के उन्नीस मण्डलों की चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक चुनाव के तहत मण्डल अध्यक्ष पद के लिए सभी उन्नीस मंडलों में चुनाव प्रक्रिया पूरी हो गई है।जनपद के मंडलों में लगाएं मंडल चुनाव अधिकारियों ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी कर जिला चुनाव अधिकारी को सौंप दी। जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा एवं जिला सह चुनाव अधिकारी सुधांशु शुक्ला प्रदेश में पहुंचाने का काम करेंगे।इसके बाद प्रदेश नेतृत्व मंडल अध्यक्ष की घोषणा बीस दिसम्बर के बाद करेगा। भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने संग्रामपुर के मिश्रौली स्थित केपीएस अकादमी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराया।जिसमें नौ लोगों ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया अमेठी में उमाशंकर पाण्डेय,भेंटुआ में गिरीश चंद्र शुक्ला भादर में भवानी दत्त दीक्षित गौरीगंज नगर भागीरथी मौर्य गौरीगंज ग्रामीण मनोज जायसवाल जमी काशी प्रसाद तिवारी मुसाफिरखाना रामकृष्ण भारती शाहगंज उमाशंकर तिवारी जगदीशपुर विधानसभा के विश्वकर्मा नगर मंडल में प्रभात शुक्ला जगदीशपुर में राकेश त्रिपाठी बाजार शुक्ला में अशोक मौर्य हलियापुर में काली बख्श सिंह रानीगंज में सुरेश तिवारी तिलोई विधानसभा के सिंहपुर में उमा रमन सिंह तिलोई में दुर्गेश त्रिपाठी राजा फतेहपुर में उपमा सरोज जायस नगर में अतुल सिंह बहादुरपुर में आशा बाजपेई समेत सभी उन्नीस मंडलों में पार्टी के मंडल चुनाव अधिकारीयों ने चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली।आपको बता दें मंडल अध्यक्ष पद पर पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता ही अध्यक्ष बन पाएंगे?।इसके लिए अर्हता थोड़ी सख्त की गई है?।मंडल अध्यक्ष के लिये पिछले दो बार का सक्रिय सदस्य होना जरूरी है। जिन्हें भी मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा वह पूर्व में मंडल के पदाधिकारी जरूर रहे होने चाहिए।एससी और महिला वर्ग को अर्हता में कुछ ढील दी गई है।

## भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर 9 सूत्रीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत भारती किसान यूनियन चढूनी के द्वारा सोमवार को एक बजे किसानों की समस्याओं को लेकर एमएसपी पर फसल खरीद गांरटी कानून बनाने की मांग सहित प्रधानमंत्री को संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि किसानों का गन्ना मूल्य 450 रुपए करने व 14 दिनों में भुगतान करने की मांग की। एमएसपी पर फसल खरीद करने व गारंटी कानून बनाने एवं मुरादाबाद की तहसील ठाकुरद्वारा के गांव बथुवाखेड़ा अलीगंज आदि पाँच गावों के किसानों की भूमि पर 1989 में नेपा पेपर मिल लगाने के सस्ते दामों अधिग्रहण की गई। परन्तु उक्त जमीन पर कौई फैक्ट्री नहीं लगाई गई है। उक्त जमीनों को किसनों को लौटाने की मांग की है। विधुत नीजिकरण पर रोक लगाने सहित 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।

## अवधेश भारद्वाज बने उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज़िला अध्यक्ष एम ए जीलानी ने जिला उपाध्यक्ष अनुज खंडेलवाल के आग्रह पर कढेर चौराहा निवासी भारद्वाज खाद भंडार के मालिक जाने माने समाज सेवी अवधेश भारद्वाज को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत कढेर चौराहा कानगर अध्यक्ष मनोनीत किया है।जिला अध्यक्ष ने नव मनोनित नगर अध्यक्ष अवधेश भारद्वाज को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की है। कि वह संगठन व व्यापारी हितों के लिए कार्य करेंगे।नव मनोनित नगर अध्यक्ष अवधेश भारद्वाज ने दायित्व दिए जाने पर जिला नेतृत्व और युवा तेज तर्रार व्यापारी अनुज खंडेलवाल का आभार प्रकट करते हुए पूर्ण निष्ठा एवं कर्मठता के साथ संगठन का कार्य करने एवं व्यापारी हितों के प्रति सर्वदा समर्पित रहने के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है।

# अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त के आदेश पर उपजिलाधिकारी कादीपुर के निर्देशन में आबकारी व पुलिस टीम के द्वारा संयुक्त रूप से अवैध कच्ची शराब की धर पकड़ हेतु दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान कादीपुर खुर्द तिराहे पर झारखंड निवासी एक व्यक्ति को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जो अवैध रूप से शराब बेचने काम करता है। जिस पर अभियोग पंजीकृत कर थाने में सुपुर्द किया गया। आबकारी टीम का नेतृत्व गिरिराज सिंह आबकारी निरीक्षक द्वारा किया गया। टीम में सूर्यकांत द्विवेदी हेड कांस्टेबल, सूबेदार यादव कांस्टेबल, शैलेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल आदि थे।

## मोहनगंज पुलिस ने चालीस ग्राम स्मैक के साथ महिला को भेजा जेल

अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत चालीस ग्राम स्मैक के साथ एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़ी गई महिला के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ्लनशा मुक्त अमेठी अभियानङ्क के तहत सोमवार को उप निरीक्षक हरि शंकर वर्मा मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर राजदेई पत्नी राम सुफल निवासी पूरे मुकुन्द मजरे रमई थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बयालीस वर्ष को उसके घर के पास से दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में महिला के कब्जे से कुल चालीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## इन्हौना में पीरबाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स कल से शुरु होगा

तिलोई अमेठी। क्षेत्र के क़स्बा इन्हौना स्थित हजरत अल्लामा मौलाना ख़्वाजा कयामुद्दीन चिश्ती उर्फ मौलाना पीर बाबा की मजार पर सालाना उर्स का आयोजन बुधवार से किया गया है जो कि अनवरत कई वर्षो से लगातार किया जाता है। क्षेत्र में इंसानियत, एकता व भाईचारे की मिशाल है। सभी वर्गों के लोग उर्स में बड़ी संख्या में शामिल होते है। बाबा की मजार पर तीन दिवसीय उर्स का आयोजन बीस दिसम्बर तक रहेगा। जिसमें पहले दिन बुधवार को मिलाद दूसरे दिन गुरुवार को चादर पोशी व कव्वाली का प्रोग्राम व तीसरे दिन शुक्रवार को लंगर का प्रोग्राम होगा। बाबा की मजार लगने वाली सालाना उर्स में काफी दूरदराज के क्षेत्रों से लोग हिस्सा लेने आते है। उर्स की तैयारी का सिलसिला पिछले कई दिनों से चल रहा हैं। अगल बगल के साथ मजार को जोड़ने वाले मुख्य रास्ते पर चमचमाती लाइट व झालरों से सजाया गया है। हजरत ख्वाजा मोहम्मद सबाहत हसनशाह की सरपरस्ती में रियाजुद्दीन हसन सबाहती की कयादत में यह तीन दिवसीय उर्स हो रहा है। उर्स की तैयारी बड़े ही धूमधाम के साथ क्षेत्रीय लोगों के सहयोग के साथ की जा रही हैं।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ शातिर अपराधी को धरदबोचा

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक अदद तमंचा एक अदद जिन्दा कारतूस व एक अदद मिस कारतूस के साथ एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को उप निरीक्षक हेम नारायण सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु के दौरान मोटर साइकिल सवार राम सागर सिंह उर्फ बादल सिंह पुत्र स्वर्गीय राकेश सिंह निवासी ग्राम करपिया थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब तेइस वर्ष को नहर पटरी मुसाफिरखाना के पास से समय करीब सवा एक बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में शातिर अपराधी के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस बरामद हुआ है। मोटर साइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सका। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ एक दर्जन अपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

## अमेठी के एक दर्जन रजबहा में पानी का संचालन शुरु

अमेठी । अधिशासी अभियंता (नोडल) शारदा सहायक खण्ड 41 मनीष रंजन ने बताया है कि जनपद अमेठी में नहरों की सिल्ट सफाई के उपरान्त शाहमऊ रजबहा, अमेठी रजबहा, टिकरी रजबहा, औरंगाबाद रजबहा, चिलबिला रजबहा, डीह रजबहा, नागापुर रजबहा, गोपालपुर रजबहा, जायस रजबहा, इन्हौना रजबहा एवं कल्याणपुर रजबहा में पानी का संचालन हो रहा है। इसके अतिरिक्त जौनपुर शाखा तथा इससे सीधे निकलने वाली अल्पिकाओं में आवश्यकतानुसार पानी का संचालन हो रहा है। नहरों के कमाण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त सम्मानित कृषकों से अनुरोध है कि नहर संचालन के दौरान सिंचाई कार्य कर लें, कृपया जल का अपव्यय न करें। सिंचाई विभाग के टोल फ्री नम्बर 18001805450 पर सिंचाई से सम्बन्धित शिकायतों मांगों को भी अवगत करा सकते हैं।

# जेआर प्रिपेरटॉरी स्कूल के बच्चों ने धूम-धाम से मनाया वार्षिकोत्सव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही ब्लॉक मानसी सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**विविध रूपों की झलक सुर-संगीत नाटक के मिश्रित कलेवर में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति**

**ता में सफल छात्रों को ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

पूरनपुर। नगर में स्थित जेआर प्रिपेरटॉरी स्कूल के बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिक उत्सव बच्चों ने बड़े ही उत्साह और जोश के साथ वार्षिक समारोह मैरिज हॉल में मनाया हैं। वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रही ब्लाक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह बच्चों ने संस्कृति के विविध रूपों की झलक सुर-संगीत-नाटक के मिश्रित कलेवर में लपेट कर इस समारोह में प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का शुभांरभ ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया गया है। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया है।अतिथियों के स्वागत के उपरांत विद्यालय के बच्चों ने समागम से शानदार आगाज़ किया इसके बाद विद्यालय-गान और प्री-प्राइमरी की प्रस्तुतियाँ हुईं। संस्कृतियों को नृत्स शैली में प्रस्तुत किया गया प्राइमरी के बच्चों ने कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर मनमोहक अंदाज़ में प्रस्तुत किया बड़े बच्चों ने जहाँ भरतनाट्यम पर मोहक प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त समूह गायन में शास्त्रीय गायन एवं पाश्चात्य गायन की अलग-अलग प्रस्तुतियों ने संगीत का ऐसा जादू बिखेरा जो देर तक दर्शकों के मस्तिष्क पर छाया रहा समारोह में विद्यालय के होनहार छात्रों द्वारा पेंटिंग के सजीव एवं नायाब प्रदर्शन को देखकर देर तक सभागार तालियों से गूंजता रहा।भाव, मुद्रा,रस,सुर,ताल,साज से सराबोर यह यात्रा नाट्य-कथा,गीत, संगीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से पूर्ण होकर उमंग,उत्साह एवं आनंद के चरम पर आकर ग्रैंड फिनाले की विविध रंगों से रंगी मनमोहक और धमाकेदार प्रस्तुति के साथ समाप्त होती है।विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम अग्रवाल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रदर्शित की और शैक्षिक उद्देश्य और मिशन को दिखाया गया इसके साथ ही खेल,तैराकी,कंप्यूटर शिक्षा, रोबोटिक्स,कला और एनिमेशन,नृत्य और संगीत, जीवन कौशल व मूल्य आदि विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय तथा छात्रों की प्रगति को प्रदर्शित किया गया है।कार्यक्रम में अभिभावकों का भारी जनसमूह रहा और उन्होंने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया समारोह में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नूरी बुसरा ने किया है।

## सीएचसी में तैनात सुरक्षा गार्ड ने गर्भवती महिला से की अभद्रता

पूरनपुर। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा और मरीजों की सुविधाओं के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं। यह सुरक्षा गार्ड आए दिन मरीजों के साथ अभद्रता करते हैं। सोमवार को गांव धर्मापुर के सर्वजीत अपनी गर्भवती पत्नी आरती की दवा लेने आए थे।बाइक खड़ी कर अस्पताल में पत्नी को दवा दिलाने चले गए। वापस आने पर वह बाइक निकाल कर घर जा रहे थे। सर्वजीत दवा का पर्चा डॉक्टर के पास भूलने पर बाइक सीएचसी परिसर में खड़ी कर के पर्चा लेने चला गया। इस दौरान गार्ड ने बाइक के पास खड़ी गर्भवती महिला आरती से बाइक हटाने के लिए कहा। आरती ने पति के आने पर बाइक हटाने की बात कही। इस पर गार्ड ने आरती के साथ अभद्रता करते हुए उनकी बाइक के टायर की हवा निकाल दी। महिला के मना करने पर भी गार्ड नहीं माना। इस बीच पर्चा लेकर वापस लौटे सर्वजीत ने भी हवा निकालने का विरोध जताया। इस पर गार्ड ने उसके साथ भी गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। दोनों में धक्का मुक्की होने लगी। सर्वजीत ने गार्ड से बाइक में हवा डलवाने को कहा। अस्पताल परिसर में काफी देर तक इसको लेकर हंगामा होता रहा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# भारत और बांग्लादेश: सहयोग से साकार हो सकते हैं विकास के नए आयाम

भारत और बांग्लादेश का रिश्ता इतिहास, भूगोल और संस्कृति की गहराई से जुड़ा हुआ है। दोनों देशों के बीच चार हजार किलोमीटर से अधिक की सीमा साझी है, जो आपसी सहयोग के असीमित अवसरों को जन्म देती है। यदि दोनों देशों के संबंध मधुर और सामंजस्यपूर्ण हों तो यह क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक समृद्धि, तकनीकी विकास और सतत विकास के नए आयाम खोल सकता है। भारत के पास तकनीकी और कच्चे माल का विशाल स्रोत है, जो बांग्लादेश के वस्त्र और परिधान उद्योग को मजबूती दे सकता है। दोनों देश संयुक्त उपक्रम के माध्यम से वैश्विक बाजारों में बेहतर पहुंच बना सकते हैं। भारत की कंपनियां बांग्लादेश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों में निवेश कर औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में योगदान दे सकती हैं। वहीं, बांग्लादेशी कंपनियां भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में निवेश कर व्यापार और विकास को बढ़ावा दे सकती हैं। संपर्क और परिवहन क्षेत्र में सहयोगसीमाओं के पार संपर्क बढ़ाने के लिए सड़क और रेलवे कनेक्टिविटी को उन्नत करना बेहद जरूरी है। ऐतिहासिक रेलवे कनेक्टिविटी को पुनर्जीवित कर बीबीआईएन मोटर वाहन समझौते को लागू किया जा सकता है। बांग्लादेश के चटगांव और मोंगला बंदरगाह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए प्रवेश द्वार बन सकते हैं, जिससे व्यापार में तेजी और लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। ऊर्जा सहयोग और पर्यावरणीय स्थिरतादोनों देश सीमा-पार बिजली व्यापार और अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के जरिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही, जलवायु परिवर्तन के मुद्दों जैसे समुद्र का बढ़ता स्तर और बाढ़ से निपटने के लिए मिलकर रणनीतियां बनाई जा सकती हैं। कृषि और नदी प्रबंधन में साझेदारीसतत कृषि के लिए जलवायु-रिसायलेंट फसलों और जल-संवेदनशील खेती पर अनुसंधान और ज्ञान साझा किया जा सकता है। साथ ही, सीमा-पार नदियों के प्रबंधन के लिए सहयोगात्मक समझौते, जैसे तीस्ता जल बंटवारा, पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। शैक्षिक और तकनीकी विकासशिक्षा और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान, संयुक्त शोध और छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। भारत के आईटी क्षेत्र की मजबूती बांग्लादेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक का काम कर सकती है। स्वास्थ्य और सांस्कृतिक सहयोगटेलीमेडिसिन जैसी स्वास्थ्य सेवाओं को साझा कर दोनों देश गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ा सकते हैं। वहीं, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधों को मजबूत करने के लिए विरासत सर्किट, कला प्रदर्शनी, और संगीत कार्यक्रम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। खेल और पर्यटन को बढ़ावाक्रिकेट और अन्य खेल दोनों देशों के नागरिकों को नजदीक लाने का माध्यम बन सकते हैं। वीजा प्रक्रिया को सरल बनाकर और पर्यटन परियोजनाओं को बढ़ावा देकर यात्रा और पर्यटन क्षेत्र को मजबूत किया जा सकता है। वैश्विक मंच पर संयुक्त नेतृत्वभारत और बांग्लादेश का साझा नेतृत्व क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों पर गरीबी, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकता है। दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए यह साझेदारी एक आदर्श प्रस्तुत कर सकती है। भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग और विश्वास को मजबूत करके एक उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है। साझा संसाधनों और क्षमताओं का बेहतर उपयोग क्षेत्रीय विकास और स्थिरता के नए अध्याय लिख सकता है।

# आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र

**संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया।**

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया। जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है। जवाब में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया कि आरक्षण की जो व्यवस्था अभी लागू है, उनकी सरकार उस पर आंच नहीं आने देगी, लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोई भी कोशिश वह सफल नहीं होने देगी। जाहिर है, इसमें मतदाताओं को अपनी पाली में करने की दोनों पक्षों की कोशिश भी देखी और पहचानी जा सकती है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से किया, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास को ही बल दे रहा था। लगता है कि विपक्षी नेता यह समझने को तैयार नहीं कि लोकसभा चुनाव के समय उन्होंने संविधान के खतरे में होने का जो हौवा खड़ा किया था, वह अब असरकारी नहीं रह गया है। विपक्ष के रवैये से यही लगा कि उसे यह बुनियादी बात समझने में मुश्किल हो रही है कि जाति जनगणना कराने-न कराने से संविधान की सेहत पर क्या असर पड़ने वाला है? कांग्रेस के लिये यदि जाति जनगणना इतनी ही आवश्यक है तो नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के कार्यकाल में क्यों नहीं कराई गई? अच्छा होता कि कांग्रेस नेता पहले इस प्रश्न का जवाब देते और फिर जाति जनगणना की आवश्यकता रेखांकित करते। लेकिन विपक्ष एवं विशेषकर कांग्रेस ऐसे मुद्दों को उछालकर खुद ही निरुत्तर होती रही है। पूरी बहस में महापुरुषों को घसीटने का बिंदु ऐसा था जो न केवल बहस का जायका बिगाड़ने वाला कहा जा सकता है बल्कि यह निरुद्देश्यता एवं स्तरहीनता को ही दर्शाने वाला कहा जा सकता है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह भी बताना चाहिए कि संविधान पर बहस करते समय सावरकर का नाम लेना और मनुस्मृति दिखाना क्यों आवश्यक हो गया था? कांग्रेस को यह समझ आ जाए तो बेहतर कि सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी का उल्लेख करते रहने से उसे कोई राजनीतिक लाभ नहीं मिलने वाला। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष की तू-तू मैं-मैं चलती रहती है, लेकिन इसमें महापुरुषों को घसीटना अब बंद होना चाहिए। हमारे हर महापुरुष ने अपने समय, समाज और समझ की सीमाओं में रहते हुए कुछ ऐसा योगदान किया, जिसके लिए हम कृतज्ञ महसूस करते हैं। इसका मतलब उनके हर विचार से सहमति रखना या उनके हर कृत्य को समर्थन देना नहीं है। लेकिन उनके प्रति समाज की या उसके एक हिस्से की भी भावनाओं का सम्मान हमारी राजनीति का हिस्सा होना चाहिए। सत्ता पक्ष ने इमरजेंसी का पुराना आरोप भी उछला, लेकिन नई बात यह रही कि इस पर बचाव की मुद्रा अपनाने के बजाय कांग्रेस इस तर्क के साथ सामने आई है कि भाजपा को भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगनी चाहिए। लेकिन यहां इमरजेंसी जैसी कोई भाजपा की गलती बताने में कांग्रेस नाकाम ही रही। एक और बड़ी विडम्बना यह देखने को मिली कि संविधान निर्माण को किसी दल विशेष की देन कहा गया जबकि संविधान निर्माण में सभी दलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर विशेषतौर पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि संविधान एक पार्टी की विशेष देन है, जबकि वास्तविकता यह है कि संविधान के निर्माण में बहुत से लोगों की भूमिका रही है जिसे पूरी तरह से नकार दिया गया। संविधान सभा ने जो संविधान तैयार किया था, वह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं था, बल्कि वह जनआकांक्षाओं का प्रतिबिंब था। उन्होंने कहा कि संविधान पार्टी विशेष नहीं बल्कि राष्ट्र का है, पार्टी विशेष ने संविधान निर्माण को हाईजैक कर लिया। निश्चित ही संविधान देश का सुरक्षा कवच है। लोकसभा में संविधान पर बहस की मूल आवश्यकता उन कारणों पर बुनियादी चर्चा की थी जिनके चलते संविधान निर्माताओं के सपने अभी भी अधूरे हैं और नियम-कानूनों पर संविधान की मूल भावना के अनुरूप पालन नहीं हो पा रहा है। बहरहाल, इसमें शक नहीं कि बहस का केंद्र यही सवाल रहा कि कौन संविधान और संवैधानिक मूल्यों को लेकर समर्पित है और कौन इस पर दोहरा खेल खेल रहा है? नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जहां सावरकर के सहारे भाजपा पर निशाना साधा वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की गलतियां गिनाईं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने संविधान के रूप में मिले सुरक्षा कवच को तोड़ा है। भारत का संविधान, संघ का विधान नहीं है। इसी बात को दोहराते हुए अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि आज देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं। विपक्ष के इन आरोपों में कितनी सच्चाई है यह तो देश एवं दुनिया भलीभांति देख रही है। मोदी के शासन में न केवल देश के भीतर शांति एवं अमनचैन बना है बल्कि सीमाओं पर भी सुरक्षा मजबूत हुई है। पडोसी देश भारत की ओर नजर करने का दुस्साहस नहीं कर पा रहे हैं तो इससे अधिक सीमा की सुरक्षा एवं देश की सुरक्षा क्या हो सकती है? उचित होता संविधान पर चर्चा के दौरान बहस के स्तर को ऊंचा उठाते हुए आरोप-प्रत्यारोप से बचते हुए संविधान को प्रभावी तरीके से लागू करने में सहायक बनने वाले बिंदुओं पर सहमति कायम की जाती। – **ललित गर्ग**

# एक चुनाव को लेकर विरोधाभास क्यों?

**प्रेम शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है। उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। लेकिन अभी भी कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। अब एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं। एक चुनाव को लेकर विपक्ष और सत्तापक्ष में काफी विरोधाभास है। लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि वहां इसके सभी पहलुओं पर बारीकी से विचार-विमर्श होगा और फिर सभी पक्षों के हितों व तर्कों को ध्यान में रखते हुए ही कोई अंतिम फैसला लिया जाएगा।इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है।सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फ सुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। वैसे दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां पर सारे चुनाव एक साथ ही कराए जाते हैं। साउथ अफ्रीका में संसद, प्रांतीय विधानसभा और नगर पालिकाओं के चुनाव एक साथ होते है।बेल्जियम में पांच तरह के चुनाव होते हैं. ये हर पांच साल के अंतर पर होते हैं. और सारे चुनाव साथ कराए जाते हैं।यूके में हाउस ऑफ कॉमन्स, स्थानीय चुनाव और मेयर चुनाव साथ में होते हैं। यहां पर मई के पहले हफ्ते में सारे चुनाव कराए जाते हैं। यूके के संविधान के तहत, समय से पहले चुनाव तभी हो सकते हैं जब सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कोई दूसरी पार्टी सरकार न बना सके।इंडोनेशिया में राष्ट्रपति और लेजिस्लेटिव इलेक्शन साथ में होते हैं। इनके अलावा जर्मनी, फिलिपींस, ब्राजील, बोलीविया, कोलंबिया, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, गुआना, होंडुरस जैसे देशों में भी एक साथ ही सारे चुनाव होते हैं। आज भले ही देश में लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक-साथ नहीं होते हों, लेकिन एक समय ऐसा होता था।

## सेहत मंत्र

# खाएंगे कूल फूड तो रहेंगे कूल-कूल

गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूडि़यां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। महिलाएं होममेकर हों या कामकाजी हैं, गर्मी में दोनों को हाइड्रेशन मेंटेन करना बहुत जरूरी है यानी पानी खूब पीयें। ठंडे पदार्थ जैसे जौ, काला चना, चावल आदि को अपने भोजन में शामिल करें। इनमें पोषक तत्व भी भरपूर होते हैं। गर्म पदार्थ जैसे कि मांसाहारी भोजन, अंडे, गरम मसाला, तली हुई पूड़ियां वगैरह एवॉयड करें। नॉनवेज के शौकीन सप्ताह में एकाध बार ही खाएं। तेज गर्मी में आपकी कुछ कोशिशें आपको कूल रखने में कामयाब रहेंगी। सुबह नाश्ते में छांछ या ठंडा दूध ले सकती हैं। स्वाद के लिए दूध में इलायची पाउडर मिलाया जा सकता है। खाली पेट मौसमी फल का भी सेवन कर सकती हैं। दो घंटे बाद एक कटोरी दलिया या एक प्लेट पोहा खाएं। लंच में यदि गेहूं की रोटी खाती हैं तो उसमें थोड़ा चने का आटा भी मिक्स करें। यह न सिर्फ ठंडा होता है, बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। यही नहीं चना न केवल वजन घटाता है, बल्कि शुगर भी कम करता है। ऑफिस जाने वाली महिलाएं अपने साथ नींबू पानी, छांछ, नारियल पानी आदि अवश्य रखें। दो-दो घंटे के अंतराल पर उनका सेवन करें। पहले गर्मी के मौसम में गुलाबरस शर्बत, ठंडाई आदि ली जाती थी। आज भी इनका महत्व कम नहीं हुआ है। इन्हें घर में तैयार कर या फिर बाजार में उपलब्ध ऐसे शर्बतों का प्रयोग किया जा सकता है। खाली पेट रहने से बचें। जो महिलाएं ऑफिस जाने के क्रम में अधिक यात्रा करती हैं, वे अपने पास मूंगफली आदि का पैकेट जरूर रखें, क्योंकि खाली पेट रहने पर लू या डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। पानी की बॉटल तो जरूर रखें। सनग्लासेज और बिना पावर के चश्मे से आंखों का बचाव करें। धूप में सिर को कवर करके चलें।


मौसमी फलों जैसे कि तरबूज खरबूज आदि का सेवन दिन में एक बार जरूर करें। खीरा, ककड़ी, प्याज आदि को भी भोजन में शामिल करें, ताकि जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति हो सके। नेचुरल फ्रूट्स में शुगर की मात्रा भी बेहद कम होती है। रात में फल खाने से नुकसान तो नहीं है, लेकिन फायदा भी नहीं है। इसलिए दिन में ही इसे खाएं।

## धर्म मंत्र

# अपने चमत्कारों के लिए भी जाने जाते हैं साईंबाबा

अपने भक्तों के हर दुख दर्द को दूर करने के लिए विख्यात हैं शिरडी के साईं बाबा। साईं बाबा ने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया और एक ईश्वर की अवधारणा का लोगों को संदेश दिया। उनके मंदिरों में सभी धर्मों और जातियों के श्रद्धालु आते हैं और साईं बाबा आशीर्वाद देकर सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। साईं बाबा की प्रसिद्धि देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी है। माना जाता है कि सन 1854 में साईं बाबा शिरडी आए थे। वह दिव्य शक्ति के महात्मा थे। जब साईं बाबा शिरडी आए, उस समय वह एक छोटा सा गांव था। बाद में बाबा के चमत्कार से शिरडी की ख्याति दूर?दूर तक फैलती गई जिससे इस क्षेत्र का विकास होता चला गया। साईं बाबा शिरडी में एक पुरानी मस्जिद में रहा करते थे। उनके भक्तों को उनसे मिलने यहीं आना पड़ता था। साईं बाबा ने इस मस्जिद का नाम द्वारका भाई रखा था। शिरडी में कई नई इमारतें बनने के बावजूद साईं बाबा द्वारका भाई में ही रहना पसंद करते थे। साईं बाबा ने शिरडी में आने के बाद अपनी योग शक्ति से एक अग्नि जलाई थी जिसे धुनी कहा जाता है। इस धुनी में दिन?रात आग जलती रहती है। इस धुनी की राख को उदी कहा जाता है। साईं बाबा भक्तों को उदी दिया करते थे, इसी उदी से भक्तों के रोग दूर होते थे और उनके कष्टों का निवारण होता था। आज भी साईं बाबा के मंदिरों में भक्तों को यह उदी दी जाती है। साईं बाबा अंतर्यामी भी थे उन्हें अपने भक्तों पर आने वाले संकट का आभास हो जाया करता था।

## पर्यटन



# पर्यटकों को आकर्षित करता है पंचगनी का ठंडा मौसम और जादुई झरने

महाराष्ट्र में वैसे तो कई प्रसिद्ध हिल स्टेशन हैं लेकिन सतारा जिले के पंचगनी की बात ही कुछ और है। यह इलाका कई प्रमुख आवासीय शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रसिद्ध है। पंचगनी की खोज ब्रिटिश लोगों ने की थी और गर्मियों में यह ब्रिटिश लोगों के रुकने का स्थान होता था। यह उल्लेख मिलता है कि 1860 के दशक में जॉन चेस्सों नामक अंग्रेज अधिकारी ने यहां पश्चिमी दुनिया के बहुत सारे पौधों की प्रजातियों को लगाया जिसमें सिल्वर ओक एवं पोइंसेटिया प्रमुख हैं। पंचगनी की खासियत यह है कि यहां का मौसम साल भर खुशनुमा रहता है इसलिए यह अंग्रेजों की आरामगाह थी। पंचगनी का अर्थ है पाँच पहाड़ियाँ। यह क्षेत्र समुद्री सतह से लगभग 1,350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ का शांत और ठंडा मौसम लगातार गर्म और झुलसे हुए पठार से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहाँ के पहाड़ जादुई झरनों और सँकरे, छोटी तथा घुमावदार धाराओं से आच्छादित हो जाते हैं। यदि आप ड्राइव करते हुए यहां आएं तो आपको और मजा आयेगा। अगर आप मुंबई से आ रहे हैं तो मुंबई-पुणे राजमार्ग का उपयोग करने पर जल्दी यहाँ पहुंच सकते हैं। पंचगनी पहाड़ी के नीचे के रास्ते पर है जो सतारा की ओर जाता है। यदि आप बहुत बड़े समूह में यात्रा कर रहे हैं तो यह ठीक रहेगा कि आप पंचगनी-महाबलेश्वर रोड पर अंजुमन ए इस्लाम शाला के सामने स्थित बंगले किराये पर ले लें। यहां घूमने के लिए सबसे सही समय सितंबर से मई तक है जब मानसून धीमा पड़ जाता है। ठंड में पंचगनी का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस होता है। जून से सितंबर के भारी वर्षा के दिनों में भी परिवार और पर्यटक यहां आते हैं और इस स्थान के अलौकिक सौंदर्य को देखते ही रह जाते हैं। पंचगनी सहयाद्री पर्वत श्रृंखला के पाँच पहाड़ियों के मध्य में है और इसके चारों ओर पांच गांव- दंदेघर, खिंगर, गोद्वाली, अमरल एवं तैघाट हैं भी बसे हैं।

# जिला पुस्तकालय समिति की बैठक, साज़ सज्जा पर चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। विकास भवन में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राजकीय जिला पुस्तकालय समिति की बैठक आहूत की गयी।पुस्तकालयाध्यक्ष ने विशेष बैठक में लिये गये निर्णयों की प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया जिनके द्वारा मानव संसाधन उपलब्ध करा कर पुस्तकालय समयावधि प्रातःआठ से सांय 8 बजे करके पुस्तकालय में आने वाले पाठकों को लाभान्वित किया जा सका। इस बैठक में पुस्तकालय समिति की बैठक 30 अगस्त में लिये गये निर्णयों/मुख्य विकास अधिकारी के निर्णयानुसार की गयी नीलामी पर अद्यतन हुई प्रगति के संबंध में पुस्तकालयाध्यक्ष ने समिति को अवगत कराया । बैठक में एजेंडा बिन्दुओं पर चर्चा की गयी और निर्णय लिया गया कि संग्रहालय की छत मरम्मत हेतु आज लिये गये निर्णय के क्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित करें। पुस्तकालय सदस्यता शुल्क से फर्नीचर की मरम्मत हेतु बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में जिलाधिकारी से अनुमति प्राप्त की जा सकती है। क्षतिग्रस्त विद्युत केवल बदलने / विद्युत भार में वृद्धि हेतु मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश प्रदान किये गये। नव निर्मित कक्ष में सोलर सिस्टम की व्यवस्था हेतु परियोजना निदेशक नेडा से बात कर अग्रिम कार्यवाही करने का आश्वासन प्रदान किया गया। माह सितम्बर से अद्यतन समाचार पत्र-पत्रिकाओं का भुगतान पुस्तकालय सदस्यता शुल्क से ऋण के रूप में किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी। होमगार्ड्स की ड्यूटी महाकुम्भ में लगने के कारण पुस्तकालय की सुरक्षा के दष्टिकोण से पुस्तकालय पूर्ववत प्रातः 10 से सांय पांच बजे तक संचालित होगा, होमगार्ड्स की वापसी पर समयावधि पुनः बढ़ायी जा सकेगी। पुस्तकालयाध्यक्ष द्वारा अतिरिक्त अग्निशमन यंत्रों की आवश्यकता के संदर्भ में समिति को अवगत कराये जाने पर आपदा की स्थिति से निपटने के लिये मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष को निर्देश प्रदान किये गये कि अग्निशमन अधिकारी के माध्यम से पुस्तकालय का निरीक्षण करवाकर आवश्यकतानुसार मांग पत्र तैयार कर विभाग को प्रेषित किया जाये। इस बैठक में पुस्तकालय समिति के सदस्य मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी (उपाध्यक्ष), प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर, बाराबंकी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बाराबंकी, सचिव जिला साक्षरता समिति/जिला बेसिक अधिकारी, बाराबंकी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, पुस्तकालयाध्यक्ष, जवाहर लाल नेहरू पी.जी कालेज आर डी यादव, पेंशन भोगी सदस्य, श्रीमती सुशीला देवी प्रतिनिधि महिला मंगल दल, जिला सूचना अधिकारी, समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, डॉ0 अम्बरीश अम्बर, विपिन राठौड़, निदेशक साई शिक्षण संस्थान, (विशेष आमंत्रित सदस्य), अधिशासी अभियन्ता राजकीय निर्माण निगम, लखनऊ (विशेष आमंत्रित सदस्य), अधिशासी अभियन्ता सिडको, बाराबंकी (विशेष आमंत्रित सदस्य), जिला समाज कल्याण अधिकारी, बाराबंकी (विशेष आमंत्रित सदस्य) उपस्थित थे। पुस्तकालयाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कौशलेंद्र सिंह बने करणी सेना भारत के जिलाध्यक्ष, बधाईयों का लगा तांता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेहीघाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के दादूपुर निवासी कौशलेंद्र सिंह को करणी सेना भारत के मंडल अध्यक्ष ने तहसील अध्यक्ष से पदोन्नति देते हुए बाराबंकी जनपद में सनातन प्रकोष्ठ युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया, जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया इससे पहले कौशलेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे, शीर्ष नेतृत्व द्वारा श्री सिंह को जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर तहसील उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जीत बहादुर सिंह उपाध्यक्ष आदित्य सिंह मोनू सरदार शुभम शुक्ला, सुरेन्द्र पाल राहुल सिंह रवि भारती अनिल दुबे बीपी सिंह अजय सिंह अमरजीत सिंह शिवहरष सिंह हिमांशु मिश्रा शिवम पाठक सौरभ बाजपेई मनोज बाजपेई आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई,



**कौशलेंद्र की छवि व कार्यप्रणाली श्रेष्ठ है: विवेकानंद शुक्ला**

स्थानीय निवासी व समाजसेवी व विवेकानंद शुक्ला ने बधाई देते हुए कहा कि कौशलेंद्र सिंह की कार्यप्रणाली बहुत ही श्रेष्ठ है सनातन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी है,उनको जिला अध्यक्ष सनातन युवा मोर्चा बनाया जाना शीर्ष नेतृत्व का बहुत ही सही निर्णय है।

**संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी सर आंखों पर विश्वास बरकरार रखूंगा**

कौशलेंद्र सिंह ने कहा कि मैं करणी सेना के समस्त उच्च पदाधिकारियों का हार्दिक वंदन करते हुए आभार प्रकट करता हूं। मुझे शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिलाध्यक्ष सनातन प्रकोष्ठ युवा मोर्चा की जो जिम्मेदारी दी गई है उसके लिए बड़े भैय्या अभिनव सिंह जी का आभार व्यक्त करता हूं ।। और ये विश्वास दिलाता हूं कि संगठन द्वारा जो भी दायित्व मुझे दिया गया है उसका मै पूरी कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करूंगा । तथा मेरे द्वारा कोई भी ऐसा कृत्य नहीं किया जाएगा जिससे संगठन या किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का ठेस पहुंचे,

वही मंडल अध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि कौशलेंद्र सिंह संगठन के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं पूरी मेहनत से तहसील अध्यक्ष के पद पर रहते हुए अपने उत्तरदायित्वो को निभाने का काम किया है इसलिए संगठन के निर्देश मैं इन्हें जिला अध्यक्ष मनोनीत करता हूं कौशलेंद्र सिंह को एक वर्ष के लिए जिला अध्यक्ष मनोनीत किया जाता है।

# खो-खो एवं अन्य खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । बालाजी ग्रुप स्कूल के तत्वाधान में चल रही स्पोर्ट्स मीट उड़ान 2024 के चौथे दिन लॉन्ग जंप खो -खो स्केटिंग बैकपैक रेस फ्रॉग रेस आयोजित की गई। बालाजी ग्रुप का स्कूल के डायरेक्टर अंकुर माथुर ने बताया की बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की सारी शाखाएं पहले अपने स्कूल में प्रतियोगिताएं संपन्न कराती हैं फिर जो बच्चे जीते हैं वह बच्चे दूसरे स्कूल से प्रतियोगिता में प्रतिभा करते हैं और जीतने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल एवं ब्रॉन्ज मेडल का खिताब मिलता है इसी क्रम में बालाजी अकैडमी एवं बालाजी का बचपन स्कूल के बीच में इंटर स्कूल खो खो प्रतियोगिता हुई जिसमें बालक वर्ग में बालाजी के बचपन के बच्चों ने विजय प्राप्त करी एवं बालिका वर्ग में बालाजी अकैडमी ने बालाजी के बचपन को हराकर जीत दर्ज करी इसी क्रम में लंबी कूद में ग्रुप सी से बालक वर्ग से प्रथम स्थान कृष्ण शुक्ल ने द्वितीय स्थान हिमांशु यादव एवं तृतीय



स्थान अभिषेक मौर्य ने प्राप्त किया लंबी कूद बालिका वर्ग ग्रुप सी से प्रथम स्थान हिबा सिराज द्वतीय स्थान अर्चना भारती तृतीय स्थान पर दो बालिकाएं रही जिसमे महक पटेल एवं रश्मि यादव रही इंटर स्कूल कंपटीशन से ग्रुप बी से बालक वर्ग में प्रथम स्थान अबू हुजैफा द्वितीय स्थान अर्पित वर्मा एवं तृतीय स्थान अनंत वर्मा ने प्राप्त किया बालिका वर्ग से ग्रुप बी में प्रथम स्थान अनुराधा भारती द्वितीय स्थान मुस्कान यादव एवं तृतीय स्थान मौर्य ने प्राप्त किया ग्रुप ए से स्केटिंग में सूर्यांश श्रीवास्तव रक्षित गुप्ता रोहन सिंह एवं चौथा स्थान सिद्धांत पटेल ने प्राप्त किया बैकपैक रस से प्रथम स्थान पार्थ प्रजापति द्वितीय स्थान अभिराज वर्मा तृतीय स्थान नित्या एवं चौथा स्थान आयशा एवं पांचवा स्थान जयश गुप्ता ने प्राप्त किया फ्रॉग रेस में प्रथम स्थान इशाईयू श्रीवास्तव द्वितीय स्थान दिव्यांश गुप्ता तृतीय स्थान वैद्य गुप्ता चतुर्थ स्थान ईफरा एलिजा एवं पांचवा स्थान निया ने प्राप्त किया इंट्रा स्कूल कंपटीशन में क्लास यूकेजी ग्रीन से बैकपैक रेस में प्रथम स्थान आदया शुक्ला द्वितीय स्थान अव्यान शेखर गुप्ता तृतीय स्थान युवन्या गुप्ता सांत्वना पुरस्कार एलिशबा को मिला कक्षा यूकेजी ग्रीन से फ्रॉग रेस में पहला पुरस्कार शिवांश पांडे दूसरा स्थान सैयद मोहम्मद हैदर तृतीय स्थान सफिया और सांत्वना पुरस्कार दक्ष निगम को मिला फर्स्ट ग्रीन से बैकपैक रेस में प्रथम स्थान अजेंद्र सिंह द्वितीय स्थान शौर्य गुप्ता तृतीय स्थान अभिमन्यु जायसवाल और सांत्वना पुरस्कार अनुष्का और अंश को मिला कर फर्स्ट ग्रीन की फ्रॉग रेस में प्रथम स्थान अजेंद्र सिंह द्वितीय आयांश मिश्रा तृतीय अंश और सांत्वना पुरस्कार प्रियांश सोनी और वैष्णवी त्रिपाठी को मिला इस अवसर पर बालाजी ग्रुप का स्कूल की प्रधानाचार्य सविता कौर और उप प्रधानाचार्य अल्पना कौर सानिया ऋचा शगुन जागृति खुशी अलीशा आदि उपस्थित रही ।

# रोजगार मेला आयोजित 109 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली, बाराबंकी। प्रदेश की योगी सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार रोजगार मेले आयोजित कर रही है।इसी कड़ी में सोमवार को ब्लाक मुख्यालय मे रोजगार मेले का आयोजन किया गया. इस रोजगार मेले में 109 अभ्यर्थियों का विभिन्न निजी कंपनियों में चयन किया गया।



रोजगार मेले का उद्घाटन पूर्व विधायक शरद अवस्थी एव ब्लाक प्रमुख रईश आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत उ0प्र कौशल विकास मिशन तथा जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बाराबंकी के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। आयोजित मेले में हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आई0टी0आई0/ डिप्लोमा, स्नातक/परास्नातक एवं कौशल विकास मिशन से उत्तीर्ण योग्यताधारी बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निजी क्षेत्र की कुल 11 विभिन्न कम्पनियों कम्फर्ट हेल्थ केयर, एल0एन0 जे0 स्किल एण्ड टेक्नोलॉजी, केयर हेल्थ नर्सिंग प्रा.लि, कासमोस मैनपॉवर प्रा.लि, निमसन हर्बल प्रा0लि0, आर0आर0 मैनपॉवर मैनेजमेण्ट सर्विसेज, पुखराज हेल्थ केयर एवं मैन्गोस ऑरेन्ज सर्विसेज प्रा0लि0 ने क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से आये करीब 261 लाभार्थियों मे से 109 अभ्यर्थियों को रोजगार दिया गया ।

इस अवसर पर उनके द्वारा रोजगार मेले में चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

इस मौके पर आशुतोष कुमार सिंह, जिला समन्वयक/नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड विकास अधिकारी मसौली, अखिलेश कुमार, प्रीतम सिंह, अंकित ठाकुर, कृष्ण कुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, अंजेश शुक्ला,

एमआईएस प्रबंधक अनुज कुमार कार्यालय सहायक कौशल विकास मिशन एवं अन्य कर्मचारीगण मेले में उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली, बाराबंकी। ब्लॉक मसौली के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय करपिया में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान विनोद कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नन्हें मुन्हे बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में चक्रक्षेपण बालक वर्ग में अभय वर्मा व भाला फेंक में अंश वर्मा, चक्रक्षेपण बालिका वर्ग में रुकसार, खोखो, बैडमिंटन, कबड्डी,दौड़ ,रिले रेस,बालीबाल में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते।सभी प्रतिभागियों को ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक द्वारा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम आयोजक विद्यालय प्रधानाध्यापक /एसआरजी अवधेश कुमार पांडेय ने पीएमश्री विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में अभिभावकों, एसएमसी सद्स्यों के साथ विचारों को साझा कर सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे।अगस्तया इंटरनेशनल फाउंडेशन के इग्नेटर प्रिंस पाल वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि अगस्तया इंटरनेशनल फाउंडेशन की

चलित विज्ञान प्रयोगशाला जो सरकारी स्कूल के बच्चों को प्रयोग विधि द्वारा सीखने का कार्य कराती है। जिसमें विज्ञान मॉडल के द्वारा बच्चों को विज्ञान से अनवरत जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।इस मौके पर शिक्षिका तकदीस फातिमा ,सर्वेश कुमारी,गरिमा, अंकिता, मंजू,रश्मि,शिखा सिंह, बृजेश कुमार,अजरा खातून सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# पुण्य तिथि पर याद किए गए लौह पुरुष सरदार पटेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन द्वारा सरदार पटेल की 74वी पुण्यतिथि सभागार में मनाई गई जिसमें तमाम अधिवक्ताजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप कल्याणी जी ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरह से भारत को एकता में पिरोया और 562 रियासतों को एक किया वह बहुत ही अनुकरणीय है उनके बिना भारत के अखंडता का सपना संजोना निरर्थक है। पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ने कहा कि बड़ौदा सत्याग्रह का सफल आंदोलन के कारण उनका सरदार की उपाधि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संचालन जिला बार एसोसिएशन के



महामंत्री अशोक वर्मा ने किया.! कार्यकर्म मे पूर्व अध्यक्ष प्रदीप सिंह,पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा,पूर्व महामंत्री सुनीत अवस्थी,वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र गौतम, खुशीराम यादव शालिकराम, अमित गौतम, सुमर सिंह, योगेंद्र वर्मा ,शिवकुमार वर्मा, विजय पांडेय, नीरज वर्मा और पवन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## करियर गाइडेंस फॉर गर्ल्स, डीएम ने किया प्रशिक्षण का शुभारंभ

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । करियर गाइडेंस कार्यक्रम फॉर गर्ल्स के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रम राजकीय जिला पुस्तकालय बाराबंकी में जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा डॉक्टर पूनम सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय जिला पुस्तकालय बाराबंकी के कुशल नेतृत्व में राजकीय जिला पुस्तकालय में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार? ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के उपरांत ओ.पी त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक बाराबंकी द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया । इसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित डॉ राजेश कुमार मिश्रा, सलाहकार यूनिसेफ समग्र शिक्षा माध्यमिक उत्तर प्रदेश लखनऊ जी को भी जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया गया। इस प्रशिक्षण में बाराबंकी जनपद के 34 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक एवं नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर की भूमिका में डॉ विनोद सिंह, प्रधानाचार्य नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज जैदपुर बाराबंकी तथा श्रीमती दीपमाला वर्मा, प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल मित्तई बाराबंकी द्वारा प्रथम सत्र के प्रशिक्षण आयोजित किए गए। स्कूलों में करियर गाइडेंस कार्यक्रम के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति, स्वोट एनालिसिस, स्वयं को समझना, संचार कौशल, कठिन परिस्थितियों में संवाद कौशल, टीमवर्क तथा टेस्ट के संबंध में क्रियाकलापों की सहायता से मास्टर ट्रेनर के द्वारा विस्तृत चर्चा की गई।

## शिविर में दी श्रमिक कल्याणकारी योजना की जानकारी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देश पर असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों को पेंशन लाभ देने हेतु चलाई जा रही प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना व व्यापारियों हेतु एन पी एस-ट्रेडर्स योजना तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार तथा पंजीयन हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया।श्रम विभाग बाराबंकी द्वारा सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह के नेतृत्व में धनोखर चौराहे आयोजित, आयोजित शिविर में भारी संख्या में श्रमिक उपस्थित हुये।

## हर्षोल्लास से मनाया गया आठवां वार्षिकोत्सव

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पशु बाजार मसौली स्थित राम जानकी मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया तथा आयोजित भंडारे मे साधु संतो के आलावा आसपास गांवो के सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया । मसौली चौराहा स्थित पशु बाजार मे कस्बा मसौली निवासी लल्लू जयसवाल द्वारा स्थापित किये गये राम जानकी मंदिर का आठवा वार्षिकोत्सव के मौक़ेपर रामचरित मानस का सुंदरकांड का आयोजन किया गया अभिषेक के उपरांत प्रतिमाओं का दिव्य श्रंगार हुआ। सुबह आठ बजे से मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा आहुतियां डालकर पुण्य लाभ कमाया गया। दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के पश्चात आरती संपन्न हुई और प्रसाद का वितरण किया गया पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे साधु संतो के आलावा सैकड़ो भक्तो ने भाग लिया। इस दौरान लल्लू जयसवाल, राहुल, शुभम, शिवकरण वर्मा, लवकुश वर्मा, रोहित, लक्ष्मण, हर्षित , राकेश जयसवाल, आदि लोग मौजूद रहे।

## आउट ऑफ़ स्कूल तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत संसाधन केंद्र कोटवा सड़क में सोमवार को शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत आउट ऑफ़ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण हेतु नोडल अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय के द्वारा किया गया। श्री राय ने कहा कि प्रशिक्षण के अंतर्गत जो बच्चे नामांकित नहीं हुए हैं तथा ड्रॉप आउट हो गए हैं लगातार 45 दिन से विद्यालय नहीं आए हैं उनको मुख्य धारा से जोड़ने के लिए यह प्रशिक्षण लाभकारी होगा?।ऐआरपी अतुल कुमार ने प्रशिक्षण के आरंभ में प्रशिक्षण का संक्षिप्त परिचय, गणित एवं विज्ञान के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। ऐआरपी अरुण कुमार ने हिंदी विषय पर चर्चा की। मौके पर समस्तत ऐ आरपी के साथ 64 उच्च प्राथमिक/ कम्पोजिट और 45 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षाएं उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशन एक दिवसीय प्रशिक्षण

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जल जीवन मिशन सम्बन्ध एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लॉक सभागार कक्ष में किया गया। सोमवार को सिद्धौर ब्लॉक सभागार कक्ष में 48 ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल जीवन मिशन द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह जानकारी जल जीवन मिशन के मास्टर ट्रेनर यशवंत ने दी।

# बेटियां बने सशक्त इसके लिए पुलिस गांव गांव कर रही चौपाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**मिशन शक्ति फ़ेज 05 के तहत महिलाओं को किया जा रहा जागरूक**

बाराबंकी । ‟मिशन शक्ति फ़ेज-05” के दृष्टिगत ‟आपरेशन रक्षा'' के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ‟मिशन शक्ति फ़ेज- 05” के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन रक्षा के तहत अवैध स्पा सेन्टर/ होटलों में मानव तस्करी व महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक कर अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही व संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

## डीएम ने किया फार्मर रजिस्ट्री का आकस्मिक निरीक्षण, शीघ्रता के दिए निर्देश

बाराबंकी, । ग्राम पंचायत हसी मऊ विकासखंड बंकी तहसील नवाबगंज में जिलाधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार द्वारा



कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा की जा रही फार्मर रजिस्ट्री का आकस्मिक अवलोकन किया एवं मौके पर ही एक किसान की फार्मर रजिस्ट्री की गई तथा सीएससी एवं पंचायत सहायक तकनीकी सहायक एवं लेखपाल को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि की लिस्ट से कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूरी करें, जिससे आने वाली प्रधानमंत्री सम्मान निधि सभी कृषकों को मिल सके। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी श्री राजित राम, तहसीलदार नवाबगंज श्री शरद कुमार सहित संबंधित लेखपाल तथा प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# निवेश आधारित विकास, कनेक्टिविटी एवं आपसी व्यापार बढ़ायेंगे भारत-श्रीलंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत एवं श्रीलंका ने एक दूसरे के सुरक्षा एवं रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए वचनबद्धता व्यक्त करते हुए आज अपनी द्विपक्षीय साझीदारी में निवेश आधारित विकास, कनेक्टिविटी एवं आपसी व्यापार बढ़ाने पर सहमति जताई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत यात्रा पर यहां आए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच यहां हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में उक्त सहमति बनी। बैठक दोनों देशों के बीच क्षमता निर्माण एवं आपसी सहयोग के दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

बैठक में श्रीलंका ने तमिलनाडु के मछुआरों की समस्या के समाधान के लिए मानवीय रुख अपनाने के भारत के रुख का समर्थन किया और एक सर्वमान्य हल निकलने तक भारतीय मछुआरों द्वारा विवादित क्षेत्र में भारी मशीनों से मछली पकड़ने पर रोक लगाने का अनुरोध किया। भारत ने तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा किये जाने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी ने राष्ट्रपति दिसानायक का भारत में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा, ल्लहमें ख़ुशी है कि राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए आपने भारत चुना है। आज की इस यात्रा से हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा का सृजन हो रहा है। हमने अपनी साझीदारी के लिए एक भविष्योन्मुखी विज़न अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझीदारी में निवेश आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर बल दिया है। और, निर्णय लिया है कि भौतिक, डिजिटल और ऊर्ज़ा कनेक्टिविटी हमारी भागीदारी के अहम स्तंभ होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विद्युत ग्रिड कनेक्टिविटी और बहु उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने पर काम किया जायेगा। सामपुर सौर ऊर्ज़ा परियोजना को गति दी जायेगी। साथ ही, श्रीलंका के बिजली संयंत्रों के लिए द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति की जाएगी। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए, दोनों पक्ष 'एकता' को जल्द संपन्न करने का प्रयास करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को पांच अरब डॉलर के किफायती ऋण एवं अनुदान सहायता प्रदान की है। श्रीलंका के सभी 25 जिलों में हमारा सहयोग है। और हमारी परियोजनाओं का चयन सदैव साझीदार देशों की विकास प्राथमिकताओं पर आधारित होता है। अपने विकास सहयोग को आगे बढ़ाते हुए, हमने निर्णय लिया है कि माहो-अनुराधापुरम रेल सेक्शन के सिग्नलिंग सिस्टम, और कांकेसंथुराई बंदरगाह के पुनरुद्धार के लिए अनुदान सहायता दी जाएगी। शिक्षा सहयोग के तहत अगले वर्ष से जाफना और पूर्वी प्रान्त के विश्वविद्यालयों में 200 छात्रों को मासिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। अगले पाँच वर्षों में श्रीलंका के 1500 लोकसेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवासन, नवीकरणीय ऊर्ज़ा और बुनियादी ढांचे के साथ-साथ, श्रीलंका में कृषि, डेयरी और फिशरीज के विकास के लिए भी भारत सहयोग देगा। श्रीलंका में यूनीक डिजिटल पहचान परियोजना के लिए भी भारत भागीदारी करेगा। श्री मोदी ने कहा, हम दोनों इस बात से पूरी तरह सहमत हैं, कि हमारे सुरक्षा हित एक दूसरे से जुड़े हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने का निर्णय लिया है। हाइड्रोग्राफ़ी पर भी सहयोग की सहमति बनी है। हम मानते हैं कि कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और विकास के लिए अहम प्लेटफार्म है। इसके अंतर्गत, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद से मुकाबले, साइबर सुरक्षा, तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत जैसे विषयों पर सहयोग बढ़ाया जायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। जब भारत में पाली भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्ज़ा दिया गया, तो श्रीलंका में भी उसकी खुशी मनाई गई। फ़ेरी सेवा और चेन्नई-ज़ाफ़ना विमान कनेक्टिविटी से पर्यटन को बढ़ावा मिला है, और साथ ही, हमारे सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूती मिली है। उन्होंने कहा, ल्लहमने निर्णय लिया है कि नागपट्टिनम और कन्केसंथूराई फ़ेरी सेवा की सफल शुरुआत के बाद, अब रामेश्वरम और तलैमन्नार के बीच फ़ेरी सेवा शुरू की जायेगी। 'बौद्ध सर्किट' और श्रीलंका के 'रामायण ट्रेल' के माध्यम से पर्यटन की अपार संभावनाओं को साकार करने पर भी काम किया जायेगा। उन्होंने कहा, हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम सहमत हैं, कि हमें इस मामले में एक मानवीय रुख के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने श्रीलंका में पुनर्निर्माण और मेलमिलाप पर भी बात की। राष्ट्रपति दिसानायके ने अपने समावेशी दृष्टिकोण के बारे में मुझे बताया। हम आशा करते हैं कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। और श्रीलंका के संविधान के पूर्ण क्रियान्वयन, और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। मैंने राष्ट्रपति दिसानायके को आश्वासन दिया है, कि श्रीलंका के विकास के लिए उनके प्रयासों में, भारत एक भरोसेमंद और विश्वसनीय साझीदार बना रहेगा। मैं उनकी बोधगया यात्रा के लिए शुभकामनाएँ देता हूँ कि यह आध्यात्मिक ऊर्ज़ा और प्रेरणा से भरपूर हो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा श्रीलंका के राष्ट्रपति बनने के बाद, यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। मैं बहुत खुश हूं कि मैं अपनी पहली राजकीय यात्रा पर दिल्ली आ सका। मैं इसके लिए भारत को धन्यवाद देना चाहता हूं मुझे निमंत्रण दिया गया और मेरे सहित पूरे प्रतिनिधिमंडल को दिए गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू को धन्यवाद देना चाहता हूं। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच सहयोग को और विकसित करने का मार्ग प्रशस्त किया। श्री दिसानायके ने कहा, ल्लसामाजिक सुरक्षा और टिकाऊ विकास वे आधारशिलाएं हैं जिनके आधार पर हमारे देशों की जनता ने हम दोनों को सत्ता में चुना है। यह वह संसद है जिसमें एक ही पार्टी के सबसे अधिक सांसद हैं। इतिहास में कभी भी हमारी ऐसी रचना नहीं हुई। नेशनल पीपुल्स पावर ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रपति चुनाव और आम चुनाव में ऐतिहासिक चुनावी जीत हासिल की। श्रीलंका के लोगों द्वारा व्यक्त किए गए संदेश ने श्रीलंका में एक नई संस्कृति के उभरने का मार्ग प्रशस्त किया। लोगों ने हम पर अपना विश्वास रखा है। देश के सभी हिस्सों में सभी समुदायों, पंथों और धर्मों के लोगों ने हमें वोट दिया है। विविधता लोकतंत्र की आधारशिला है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा, हमने लगभग 2 साल पहले एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना किया था और भारत ने उस दलदल से बाहर निकलने में हमारा भरपूर समर्थन किया था। इसके बाद भी इसने हमें काफी मदद की है, खासकर ऋण-मुक्त संरचना प्रक्रिया में। मुझे पता है कि भारत की विदेश नीति में श्रीलंका का स्थान बहुत महत्वपूर्ण स्थिति में है।



# तथ्यों को तोड़मरोड़ कर नेहरू को बदनाम करने के लिए जनता और संसद से माफी मांगें मोदी: खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देने के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करने के लिए तथ्यों को तोड़मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को उनसे देशवासियों और संसद से माफी मांगने की मांग की।

श्री खरगे ने सदन में भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में भाग लेते हुए यह मांग की। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन आयरन लेडी कही जाने वाली इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े करके और बंगलादेश को आजाद करके तथा एक लाख सैनिकों को बंदी बनाकर इस देश को बचाया। इससे पूरी दुनिया में इस देश के गौरव का पता चला। आयरन लेडी ने बता दिया कि हमारे पास



आये तो खैर नहीं। उन्होंने कहा कि एक आज का दिन है कि ये लोग वहां के अल्पसंख्यक को बचाने की कोशिश तो करे। उन्होंने कहा कि हम सब ने संविधान को अंगीकार किया है लेकिन सत्तापक्ष वाले लोग समाजवाद की बात करते हैं जो मनुस्मृति पर चलने वाले हैं। ये झंडे और अशोक चक्र से नफरत करते हैं। ये लोग संविधान से नफरत करते हैं। जब संविधान लागू हुआ, उस दिन इन लोगों ने लाल किला मैदान में जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और डॉ बाबा साहेब अंबेडकर के पुतले जलाये थे। उन्होंने श्री जगदीप धनखड़ के सात दिसंबर 2022 को सदन के सभापति के रूप में कार्यभार संभालने के दिन का उल्लेख करते हुए कहा, उस दिन मैंने जो कहा था उस पर आप ध्यान दीजिये। समतावादी भारत का सपना देखने वालों का मैं आभारी हूं। यह संविधान आजादी की लड़ाई से बना है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना के अनुसार समानता होनी चाहिए। भाईचारा होना चाहिए, आजादी होनी चाहिए लेकिन अब वे लोग इसके स्थान पर समाजवाद और अर्थशास्त्र पर चर्चा कर रहे हैं। आज जो संविधान की बात कर रहे हैं, यह बदलाव कब हुआ। इस देश की जनता ने 2024 के आम चुनाव में इनका मन बदलने का काम किया है। यह संविधान मनुस्मृति पर आधारित नहीं था, इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर में संविधान के विरोध में लिखा गया। अदालत के आदेश पर 2002 में आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा फहराया गया।

# शहीद जवानों के परिजनों से मिलकर शाह ने व्यक्त की संवेदनाएं

एजेंसी



रायपुर/ जगदलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को अमर वाटिका में नक्सली हमले में शहीद जवानों और नक्सली हिंसा से पीड़ित नागरिकों के परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

इससे पहले श्री शाह ने जगदलपुर स्थित अमर शहीद वाटिका पहुंचकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी और अमर जवान स्तम्भ में पुष्प चक्र अर्पित कर नक्सल अभियान के दौरान शहीद जवानों की शहादत को नमन किया श्री शाह ने परिजनों से चर्चा करते हुए कहा कि एक लम्बी और वेदनापूर्ण लड़ाई में आपने अपने परिजनों को खोया है, इस दर्द को कम नहीं किया जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ है। शहीदों के त्याग और बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार उनकी पुण्य स्मृतियों को सहेजने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जैसे अपने परिजनों को खोया है, वैसे किसी और को खोना न पड़े। मैं नक्सली हमलों में शहीद हुए जवानों और जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्णतः समाप्त कर देंगे।

श्री शाह ने कहा कि केंद्र सरकार की सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस के जवान मजबूती के साथ नक्सल मोर्चे पर काम कर रहे हैं। पिछले एक साल की सटीक रणनीति से नक्सलवाद का दायरा सिमटा है और ढेर सारे विकास के कार्यों को गति देने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन अभियान को केंद्र सरकार का पूरा समर्थन और सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन के लिये सरकार तीनों मोर्चों पर काम कर रही है। माओवादी उग्रवाद का रास्ता छोड़कर आत्म सर्मपण करने वालों का स्वागत किया जा रहा है। नक्सल अभियान के दौरान उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है और जो दूसरे की जान लेने पर आमादा हैं, उन्हें उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहीदों के परिजनों की समस्या सुनने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में सप्ताह में एक दिन नियत किया गया है। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आईजी कार्यालय में कलेक्टर भी मौजूद रहें और इस मुहिम का हिस्सा बने। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि अपनों को खोने का दर्द कोई कम नहीं कर सकता किंतु हम कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएंगे, जिससे आपकी पीड़ा को कम किया जा सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आपके परिजनों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार साथ मिलकर आपके हितों का ध्यान रखेगी। आप सभी के लिए जो बेहतर होगा वह कार्य करने के लिए हम सभी दृढ़संकल्पित हैं।

## समाधान पोर्टल पर हो रहा 80 फीसदी शिकायतों का निपटारा: मांडविया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में सोमवार को कहा कि समाधान पोर्टल पर 80 प्रतिशत से अधिक विवादों का समाधान हो रहा है। श्री मांडविया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में कहा कि किसी भी कंपनी और कर्मचारी के बीच विवाद को हल करने के लिए समाधान पोर्टल लाया गया है, जिस पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीने के आंकड़े बताते हैं कि 80 प्रतिशत से अधिक विवादों का समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनी में काम करने वाले लोग समाधान पोर्टल पर शिकायत करते हैं। इसमें राज्य और केंद्र सरकार मिलकर काम करते हैं, जहां मिलकर समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी पंजीकृत करने के लिए सरकार ने ईश्रम पोर्टल शुरु किया गया। तीन वर्षों की अवधि में 30 करोड़ से अधिक श्रमिक अब तक ई-श्रम पर अपना पंजीकरण करा चुके हैं। असंगठित क्षेत्र के श्रमिक भी अपनी शिकायत के लिए समाधान पोर्टल पर जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ से अपने पैसे निकालने में लोगों को दिक्कत न हो उसके लिए ईपीएफओ 3.0 वर्जन लाया जा रहा है। इपीएफओ में आ रही शिकायतों में पचास प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि देश में जिस तरह से मैनुफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर बढ़ रहा है। उसको देखते हुए राज्य और केंद्र की ओर से कौशल विकास को बढ़ावा देने के उपाय किए जा रहे है। इसमें अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## फिल्म इंडस्ट्री के कामगारों को मिले समुचित वेतन: अरुण गोविल

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अरुण गोविल ने सोमवार को लोकसभा में फिल्म इंडस्ट्री के कामगारों को नियमानुसार वेतन और अन्य सुविधाएं न मिलने का मुद्दा उठाया और इस समस्या के समाधान के लिये एक समिति के गठन की मांग की। श्री गोविल ने शून्य काल के दौरान कहा कि फिल्म और टीवी सीरियल निर्माण में छोटे और मध्यम श्रेणी के कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन उन्हें समुचित वेतन, भविष्य निधि, अवकाश आदि नहीं मिल पाता। उनके काम के घंटे भी निर्धारित नहीं होते हैं। इसके मद्देनजर सरकार को श्रम और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एक संयुक्त समिति बनाकर इन श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण करना चाहिये। कांग्रेस के डॉ. मोहम्मद जावेद ने सांसदों को स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत मिलने वाली निधि कम होने का मुद्दा उठाया और इसे बढ़ाने की मांग की। समाजवादी पार्टी की प्रिया सरोज ने अपने निर्वाचन क्षेत्र मछली शहर के जलालपुर स्टेशन पर वरुणा एक्सप्रेस और शटल ट्रेनों का ठहराव किये जाने की मांग की। समाजवादी पार्टी के ही धर्मेन्द्र यादव ने अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के आय प्रमाण पत्र बनाने के समय उनके परिजनों के वेतन और कृषि आय को जोड़े जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के परिजनों के वेतन और कृषि आय को जोड़कर आय प्रमाण पत्र बनाने की वजह से संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में उत्तीर्ण बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं। भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि 1971 के बंगलादेश युद्ध में तत्कालीन रक्षा मंत्री जगजीवन की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण थी, लेकिन उनका जिक्र नहीं किया जाता है।

## सुशासन पर जोर दे सरकार : विपक्ष

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को सत्ता पक्ष ने कहा कि पहले संविधान को 'एक परिवार' का हित साधने के लिए संशोधित किया जाता रहा है जबकि विपक्ष ने कहा कि सरकार को सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकार संरक्षित करने के साथ संवैधानिक व्यवस्थाओं के अनुसार सुशासन पर जोर देना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 'भारतीय संविधान की 75 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा' पर चर्चा शुरू करते हुए कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की मजबूती के बजाय एक परिवार की मजबूती के लिए संविधान संशोधन किये। उन्होंने कहा कि संविधान विशेषज्ञों के अनुसार संविधान संशोधनों को कुछ कसौटियों से गुजरना होता है, लेकिन कांग्रेस ने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया।

# पेज एक का शेष

## भारत में राम-कृष्ण...

सीसामऊ भी सफाचट ही था। अगली बार यही होगा। कुंदरकी, कटेहरी, खैर, मझवा, गाजियाबाद, मीरापुर, फूलपुर की जीत भारत के संविधान की जीत है। सीएम ने कहा कि भारत अकेला देश है, जहां बहुसंख्यक समाज अपने लिए विशेष अधिकार की नहीं, बल्कि समान नागरिक कानून की मांग कर रहा है। सीएम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश के समान नागरिक कानून के बयान की वकालत की तो राज्यसभा के सभापति (उपराष्ट्रपति) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस पर भी सपा-कांग्रेस को घेरा। सीएम ने कहा कि यह लोग गन प्वाइंट पर संवैधानिक संस्थाओं से अपनी बात मनवाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षियों की खिंचाई करते हुए कहा कि संभल में धार्मिक स्थल से बिजली के मिनी स्टेशन संचालित हो रहे हैं। वहां कई मस्जिद ऐसी पाई गईं, जहां अवैध सब स्टेशन बनाकर फ्री में कनेक्शन बांटे गए थे। प्रदेश में पावर कॉरपोरेशन का लाइनलॉस 30 से कम है, लेकिन संभल के दीपासराय व मीरासराय मोहल्ले में लाइन लॉस 78 व 82 फीसदी है। यह देश के संसाधनों पर लूट है। सीएम ने कहा कि बहराइच व संभल की घटना में प्रशासन की कार्रवाई न्यायसंगत तरीके से बढ़ रही है। संभल की घटना में ज्यूडिशियल कमीशन गठित किया गया है। इसके सदस्य बयान लेंगे, सबकी बात सुनेंगे और सच को सामने लेकर आएंगे। सीएम योगी ने कहा कि 2025 में जब दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक, धार्मिक और सामाजिक उत्सव महाकुम्भ होने जा रहा है, तब विपक्ष के अपने साथियों से कहना चाहूंगा कि प्रदेश के माहौल को अपने वक्तव्यों और करतूतों से खराब न करें। सीएम योगी ने कहा कि 25 करोड़ जनता को सुरक्षा देना, हर प्रकार से हिफाजत करना ये प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है। किसी प्रकार की अराजकता, पत्थरबाजी के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। जो माननीय न्यायालय में आदेश दिया है, उसके खिलाफ कानून को हाथ में लेकर कानून को ठेंगा दिखाने का प्रयास करेगा उससे सख्ती से निपटने का कार्य किया जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट में फिर...

में कथित धर्म संसद की अनुमति देना शीर्ष अदालत के आदेशों की जानबूझकर अवमानना का मामला है। याचिका में कहा गया है शीर्ष अदालत अदालत ने सभी सक्षम और उपयुक्त अधिकारियों को सांप्रदायिक गतिविधियों और नफरत भरे भाषणों में लिप्त व्यक्तियों या समूहों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। याचिका में दावा किया गया, यह यति नरसिंहानंद फाउंडेशन द्वारा 17-21 दिसंबर के बीच गाजियाबाद में आयोजित की जा रही धर्म संसद के मद्देनजर है। इस संसद की वेबसाइट और विज्ञापनों में इस्लाम के अनुयायियों के खिलाफ कई सांप्रदायिक बयान शामिल हैं, जो मुसलमानों के खिलाफ हिंसा भड़काते हैं। शीर्ष अदालत ने 28 अप्रैल, 2023 को शाहीन अब्दुल्ला की एक रिट याचिका पर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को बिना किसी शिकायत के नफरत भरे भाषण के मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153ए, 153बी, 295ए और 506 आदि के तहत स्वतः संज्ञान लेते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था।

## महिला विरोधी अपराध...

के दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले की बरसी का जिक्र करते हुए कहा कि कई मामलों में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने निर्भया' से लेकर 'अभया' मामले का भी जिक्र किया और आगे कहा कि कई कड़े कानून और दंड हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या उनका क्रियान्वयन हो रहा है इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की जांच करने पर सहमति जताई। याचिका में महिलाओं, बच्चों और तीसरे लिंग के मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए 'पैरेंस पैट्रिया' के सिद्धांत को लागू करने का अनुरोध किया, जिसमें सुरक्षा, सुरक्षित कार्यस्थल, पर्याप्त स्वच्छता, व्यक्तिगत गरिमा, शारीरिक अखंडता और सुरक्षित वातावरण का अधिकार शामिल है। याचिकाकर्ता ने अन्य बातों के अलावा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों में शामिल सभी दोषियों को रासायनिक बधियाकरण की सजा देने के अलावा आजीवन कारावास और मृत्युदंड की सजा पाने वाले दोषियों के लिए स्थायी बधियाकरण का प्रावधान करने के लिए कड़े कानून लाने का निर्देश देने की मांग की है। याचिका में देश भर के सभी संस्थानों और कार्य स्थलों पर सीसीटीवी लगाने, अप्रतिबंधित अश्लील सामग्री पर प्रतिबंध लगाने, ऑनलाइन शिकायत प्रणाली के लिए जागरूकता बढ़ाने, मामलों में शीघ्र सुनवाई, साफ और स्वच्छ शौचालयों की व्यवस्था, कुशल सुरक्षा गार्डों की प्रतिनियुक्ति, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने, पीड़ितों को दोषी ठहराने के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश देने की मांग की गई हैं।

## कांग्रेस ने एक परिवार...

कहा कि यह संशोधन जन कल्याण और लोकतंत्र की मजबूती के लिए नहीं बल्कि पार्टी और प्रधानमंत्री की छवि को ध्यान में रखकर लाया गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद बॉलीवुड कलाकार बलराज साहनी और उर्दू शायर एवं हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि आज संविधान की प्रति हाथ में लेकर मौजूदा सरकार पर संविधान का अपमान करने वाली कांग्रेस ने हमेशा संविधान के प्रावधानों को ताक पर रखकर बड़ी-बड़ी हस्तियों को प्रताड़ित किया। उन्होंने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी के निर्वाचन को चुनौती देने वाले मामले के न्यायालय में लंबित होने के बावजूद 39वां संशोधन लाया गया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए संसद में संविधान का संशोधन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह संशोधन परिवार और नेता को बचाने के लिए किया गया। उन्होंने कांग्रेस को महिला विरोधी करार देते हुए कहा कि सामाजिक सुधार के लिए शाह बानो मामले में न्यायालय के आदेश के बाद कांग्रेस सरकार ने संसद में संशोधन लाकर इस फैसले को बदल दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों के साथ कभी भी सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान समूचे विपक्ष को जेल में डालकर लोकसभा का कार्यकाल भी बढ़ाया और संविधान की प्रस्तावना को ही बदल दिया गया और यही कांग्रेस अब संविधान की दुहाई दे रही है। उन्होंने कहा कि ये संशोधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए नहीं बल्कि एक परिवार की मजबूती के लिए लाये गये। इसके अलावा कांग्रेस ने संशोधन के जरिये संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्मनिरेपक्ष शब्द जोड़ा। उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी ने चुनाव में हार से सबक लिया और प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की सरकार ने जब 42वें संविधान संशोधन में इंदिरा सरकार द्वारा किये गये बदलावों को 44 वें संशोधन में निरस्त किया तो चुनावी हार से सबक लेने वाली श्रीमती गांधी ने भी इनका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का चित्र संसद के केन्द्रीय कक्ष में नहीं लगने दिया और न ही उन्हें भारत रत्न सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि देश की वित्त व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भी कांग्रेस ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया, लेकिन कांग्रेस सरकार ने वर्ष 1973 में आजादी के 25 वर्ष मनाने के लिए लाल किला में टाइम कैप्सूल लगाया लेकिन संसद में इस बारे में सवाल पूछने पर भी इसे रहस्य ही रखा। इस टाइम कैप्सूल को पांच हजार वर्ष तक संरक्षित रखने की बात कही गयी। श्रीमती सीतारमण ने नेहरू मॉडल पर भी सवाल उठाये। उन्होंने डॉ़ अरविंद पनगढ़िया द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल की अर्थव्यवस्था पर लिखी गयी पुस्तक का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चार महत्वपूर्ण दशक गंवा दिये और अर्थव्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। आम लोगों की आय न्यूनतम बनी रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने समाजवाद की बात की और गरीबी हटाओ का नारा दिया गया लेकिन गरीबी उन्मूलन नहीं हो सका।

## संभल के मंदिर को ...

15-20 फुट की गहराई पर मिली। यह मंदिर खग्गू सराय इलाके में स्थित है, जो शाही जामा मस्जिद से सिर्फ एक किलोमीटर दूर है। इस मस्जिद में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर किए गए सर्वे के दौरान विरोध प्रदर्शन होने पर हिंसा हुई थी। जिला प्रशासन ने कुंए और मंदिर की 'कार्बन डेटिंग' के वास्ते भारतीय पुरात्व सर्वे को पत्र लिखा है। 'कार्बन डेटिंग' प्राचीन स्थलों से मिली पुरातत्विक कलाकृतियों के काल निर्धारण की एक प्रविधि है। प्रशासन ने कहा कि भक्तों ने मंदिर में जाना शुरू कर दिया है और इसकी चौबीसों घंटे सुरक्षा की जा रही है। पेंसिया ने कहा था, ''यह कार्तिक महादेव का मंदिर है। यहां एक कुआं मिला है। यह अमृत कूप है। यहां सुरक्षा गार्ड स्थायी रूप से तैनात किए गए हैं और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मंदिर में पूजा भी शुरू हो गई है। यहां अतिक्रमण है, जिसे हटाया जा रहा है।

## नेहरू से जुड़े...

भेजकर उनसे अनुरोध किया था कि वह या तो उन दस्तावेजों को पुस्तकालय को वापस कर दें या मूल दस्तावेजों को स्कैन करने की अनुमति दें। उन्होंने दावा किया कि पुस्तकालय से हटाए गए दस्तावेजों में नेहरू और भारत में अंतिम ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड लुइस माउंटबेटन की पत्नी एडविना माउंटबेटन द्वारा एक-दूसरे को भेजे गए पत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व गृह मंत्री गोविंद बल्लभ पंत और समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण द्वारा नेहरू को लिखे गए पत्र भी संग्रह का हिस्सा थे। कादरी ने कहा, ''जब सोनिया गांधी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला तो मैंने राहुल गांधी को ईमेल भेजकर उन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को वापस लाने में पुस्तकालय की मदद करने का आग्रह किया है। ये पत्र राष्ट्रीय धरोहर और हमारी विरासत हैं। इन्हें विद्वानों और शोधकर्ताओं को उपलब्ध कराया जाना चाहिए। हम सभी को यह जानना चाहिए कि उन नेताओं के बीच हुए पत्राचार में क्या था। कादरी ने कहा कि फरवरी में आयोजित सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने सवाल उठाए थे कि जब ये दस्तावेज पहले ही पुस्तकालय को दान किए जा चुके थे और वे इतने साल से संग्रह का हिस्सा थे तो कोई इन्हें कैसे ले जा सकता है। कादरी ने कहा कि उन्होंने पुस्तकालय में एक व्यक्ति को 'श्रेडर' (कागज कुतरने की मशीन) का उपयोग करके कुछ कागजात नष्ट करते हुए भी देखा था। उन्होंने कहा, ''उस घटना के बाद हमने एक फोरेंसिक जांच कराने की मांग की थी, ताकि पता चल सके कि फाइलों से पन्ने कैसे हटाए गए और नष्ट किए गए तथा इसके पीछे क्या मकसद था। इस मामले की जांच के लिए प्रशासन ने एक आंतरिक जांच समिति भी गठित की थी। कादरी ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि गांधी परिवार मेरे अनुरोध का सम्मान करेगा। मैं एक शोधकर्ता हूं और मेरा उद्देश्य वास्तविक एवं तटस्थ रूप से इतिहास को संरक्षित करना है। मैं नेहरू और लेडी माउंटबेटन के बीच हुए पत्राचार का एक शोधकर्ता के रूप में हमेशा से अध्ययन करना चाहता हूं। मैं 2019 से मांग कर रहा हूं कि इस संग्रह को शोधकर्ताओं के साथ साझा किया जाना चाहिए।

## नेहरू के पत्रों ...

गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए पात्रा ने कहा कि यह व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है बल्कि ऐतिहासिक दस्तावेज भारत के 'खजाने' का हिस्सा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चूंकि नेहरू इस परिवार के सदस्य थे, इसलिए वे उनके पत्रों पर हक की भावना से ग्रस्त हैं। उन्होंने पूछा, ''पत्र की सामग्री क्या थी जिसे प्रथम परिवार ने महसूस किया कि सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए? उन्होंने कहा कि संग्रहालय में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया 2010 में शुरू हुई थी लेकिन गांधी परिवार ने उससे पहले ही पत्रों को वापस लेने का फैसला किया। पात्रा ने इससे पहले लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया था, लेकिन केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह कहते हुए जवाब देने से इनकार कर दिया कि उनका प्रश्न पहले से प्रस्तुत लिखित प्रश्न से संबंधित नहीं है। मंत्री ने यह भी कहा था कि सदस्य ने जो सुझाव दिया है, उस पर विचार किया जाएगा।

# निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज मेयर प्रत्याशी ज्वालापुर क्षेत्र का बनाने की उठी मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। नगर निगम चुनाव में मेयर सीट ओबीसी महिला आरक्षित होने के बाद ओबीसी समाज के नेता सक्रिय हो गए। इसी क्रम में ज्वालापुर धीरवाली स्थित बैंक्वेट हॉल में ज्वालापुर क्षेत्र से कांग्रेस के निवर्तमान पार्षदों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने बैठक का आयोजन किया। बैठक में वक्ताओं ने ज्वालापुर क्षेत्र से मेयर प्रत्याशी बनाने की मांग उठाई। सभी ने एकमत होकर युवा नेता वरुण बालियान के परिवार के सदस्य को टिकट देने पर सहमति जताई।

पूर्व विधायक अमरीश कुमार की धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा ने कहा कि ज्वालापुर क्षेत्र के विकास के लिए मेयर भी ज्वालापुर क्षेत्र से होना चाहिए। शिवालिकनगर नगर पालिका बना और उसका विकास हुआ। जबकि ज्वालापुर शिवालिकनगर से पुराना क्षेत्र है। ज्वालापुर के साथ भेदभाव होता है। पूर्व राज्यमंत्री नईम कुरैशी और हाजी इरफान ने कहा कि सभी एकजुट होकर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी को जिताएंगे। ज्वालापुर क्षेत्र ने पिछले चुनाव में भी सबसे अधिक वोट देकर कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी को जिताया। एक-एक वोट कीमती है। जो जिताऊ प्रत्याशी है उसको टिकट मिलना चाहिए। तीर्थपाल रवि, अरविंद चंचल ने कहा कि ज्वालापुर ने समर्पण भाव से कांग्रेस को अधिक से अधिक वोट दिया है। पार्टी जिसको भी प्रत्याशी बनाएगी सोच समझ कर बनाएगी। ज्वालापुर की आवाज शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचनी चाहिए। निवर्तमान पार्षद इसरार सलमानी और सोहेल कुरेशी ने कहा कि पूर्व विधायक अमरीश कुमार ने ज्वालापुर की आवाज को समय समय पर उठाया था। वैसा ही नेता अब चाहिए। युवा नेता वरुण बालियान उसी मार्ग पर चलते हैं। एकजुट होकर ज्वालापुर के युवा नेता वरुण बालियान के परिवार से किसी को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए। अमरीश कुमार के सपनों को वरुण बालियान पूरा कर सकता है। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौहान, पप्पू वाल्मीकि ने कहा कि ज्वालापुर क्षेत्र भाईचारे का क्षेत्र है। आज ज्वालापुर को अमरीश कुमार की बहुत आवश्यकता है। उनकी कमी वरुण बालियान का परिवार पूरी कर सकता है। वरुण बालियान ने कहा कि संगठन अवसर देगा तो संगठन को निराश नहीं किया जाएगा। जिसको भी संगठन प्रत्याशी बनाएगा उसको पूरा समर्थन रहेगा। बीजेपी धर्म के नाम पर तोड़ रही है जिसका जवाब वोट के माध्यम से देना होगा। युवाओं में नशाखोरी बढ़ रही है और सरकार इस पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही।

# मोदी सरकार के दिए गए 1000 करोड़ कांग्रेस सरकार ने बर्बाद कर दिए: भंडारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जालंधर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व संसदीय सचिव कृष्ण देव भंडारी ने जालंधर शहर में हो रहे नगर निगम, चुनावों को लेकर सोमवार को घोषणा पत्र जारी करते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए दिए गए एक हजार करोड़ रुपये कांग्रेस सरकार ने बर्बाद कर दिए। श्री भंडारी ने पिछले आठ वर्षों में कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकाल में हुए घोटाले के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि पंजाब में कांग्रेस सरकार के समय केन्द्र सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए दिए गए एक हजार करोड़ रुपये कांग्रेस सरकार ने खुर्दबुर्द कर दिए जिसकी जांच करने का नाटक भी सत्तारूढ़ आप सरकार ने किया था। उन्होने कहा कि करोड़ों रुपये का घोटाला करने वाले कांग्रेस काल के पार्षद और महापौर आप में शामिल हो गए, जिसके कारण जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। श्री भंडारी ने कहा कि जालंधर शहर में कांग्रेस के समय पांच किलोमीटर की सड़क 50 करोड़ रुपए की लागत से बनाकर भ्रष्टाचार के सभी रिकार्ड तोड़ दिये, जो जांच का विषय है। शहर में सभी जगहों पर सीवेज की समस्या जस की तस है और पूरे जालंधर शहर के लोग खराब सीवरेज की समस्या से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का नगर निगम में महापौर बनने पर इन सभी घोटालों की जांच पर तेजी लाई जाएगी और तय समय में इन घोटालों की जांच की जाएगी। श्री भंडारी ने भाजपा का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा कि भाजपा के इरादे नेक, वादे पक्के इसी नारे को मुख्य रखते हुए भाजपा सभी शहरों में बहुत ही तीव्र गति से विकास के कार्यो को अमलीजामा पहनाएगी। चुनावी घोषणा पत्र में उन्होंने कहा कि केबल टीवी इंटरनेट केबल की स्थापना के लिए सख्त दिशा निर्देश लागू किए जाएंगे, शहर में सभी सरकारी खंभो पर लटक रही असुरक्षित केबल हटा दिए जाएंगे और भूमिगत केबल लगाए जाएंगे, असुरक्षित झूलते केबलों की जांच की जाएगी और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रात में सुरक्षित माहौल बनाने के लिए स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए पिछले आठ साल से लटके स्ट्रीट लाइट के टेंडर फिर से शुरू किए जाएंगे और सभी डार्क जोन खत्म किए जाएंगे जिससे कि अपराध और अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। खतरनाक प्लास्टिक स्पीड ब्रेकरों को हटाने का काम किया जाएगा और सड़क सुरक्षा और यातायात में सुधार भी सुनिश्चित किया जाएगा। हम ट्रैफिक की सभी समस्यायो के लिए एक मास्टर प्लान लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि डेंगू, टाइफाइड, चिकनगुनिया और मलेरिया खतरनाक बीमारियों से बचाव के लिए हर क्षेत्र में लार्वानाशक छिड़काव और फॉगिंग अभियान चलाया जाएगा। पानी की समुचित निकासी के लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# हल्द्वानी में दर्दनाक सड़क हादसा, मां-बेटे की मौके पर मौत, एक गंभीर घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हल्द्वानी। हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित बेलबाबा के पास शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तड़के 2 से 3 बजे के बीच हुआ, जब एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।दुर्घटना इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। मृतकों की पहचान बनभूलपुरा लाइन नंबर 13 निवासी शबाना (45) और उनके बेटे अब्दुल यज्जान (15) के रूप में हुई है। हादसे में घायल अब्दुल रहमान उर्फ लवी (19) को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया जा रहा है कि यह परिवार मुरादाबाद से हल्द्वानी लौट रहा था। रात के समय ड्राइविंग के दौरान कार बेलबाबा के पास अनियंत्रित हो गई और तेज गति से पेड़ से जा टकराई। स्थानीय लोगों ने तेज आवाज सुनकर तुरंत मौके पर पहुंचकर पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।जब तक सहायता पहुंची, शबाना और उनके बेटे अब्दुल यज्जान की मौत हो चुकी थी। घायल लवी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों की मददर्दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया और मौके पर जमा भीड़ ने पुलिस को जरूरी जानकारी दी। पुलिस ने कार को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल किया। परिवार में मातमइस हृदयविदारक घटना के बाद मृतकों के घर बनभूलपुरा में मातम छा गया है। पड़ोसियों के अनुसार, यह परिवार बेहद शांत और मिलनसार था। शबाना अपने बच्चों के साथ मुरादाबाद में एक पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने गई थीं और लौटते समय यह हादसा हो गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है, हालांकि प्रारंभिक जानकारी में तेज गति और ड्राइवर को नींद आने की आशंका जताई जा रही है।

# हरिद्वार : भीषण आग में जलकर राख हुई पॉलिथीन फैक्ट्री, दमकल की 10 गाड़ियों ने बचाई बड़ी तबाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। जनपद के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मंडावली गांव स्थित एक फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वहीं फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दंगल विभाग की टीम में कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो गई। बताया गया है कि फैक्ट्री के अंदर पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली पॉलीथिन के रोल बनाए जाते हैं।

जानकारी के मुताबिक मंगलौर के मंडावली गांव स्थित बांग्ला नाम की एक फैक्ट्री है और इस फैक्ट्री में पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली पॉलिथीन बनाई जाती है। बीती देर रात फैक्ट्री में कर्मचारी काम कर रहे थे, इसी दौरान फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगने से कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की लपटें आसमान की तरफ निकलने लगी। बताया गया है कि आग की लपटें कई किलोमीटर दूर से देखी जा रही थी और आसपास क्षेत्र में भी इस अग्निकांड से हड़कंप मच गया। वहीं आग लगने की सूचना दमकल विभाग की टीम को दी गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाना शुरू किया, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि मौके पर दमकल की दस गाड़ियों को बुलाना पड़ा। हालांकि फैक्ट्री के आसपास की फैक्ट्रियों को भी खाली कराकर बिजली की आपूर्ति बंद करानी पड़ी। जिसके बाद दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और राहत की सांस ली। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं नहीं हुई, हालांकि इस अग्निकांड में पूरी फैक्ट्री जलकर राख हो गई। फिलहाल दमकल की टीम द्वारा आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# जालंधर में कीमती सामान के साथ दो चोर गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जालंधर। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने सोमवार को दो अपराधियों को गिरफ्तार करके उनके पास से कई कीमती सामान बरामद किया।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में चोरों का एक समूह सक्रिय है। इसके बाद, उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक साक्ष्य और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनकी पहचान हरमन उर्फ गोलू, निवासी लालियां, जालंधर और साहिल उर्फ लकी, निवासी गांव खांबड़ा, जालंधर के रूप में हुई है। श्री स्वप्न शर्मा ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक इन्वर्टर बैटरी, एक एल.ई.डी., 11 पीतल के गिलास, एक फैंसी पीतल का गिलास, एक पीतल का खाना पकाने का बर्तन, एक घड़ी तथा छह चांदी के सिक्के बरामद किए हैं। उन्होने बताया कि चोर कई अपराधों में संलिप्त थे तथा पुलिस को उनकी तलाश थी।


# केंद्र व राज्य सरकार किसानों की मांगें तुरंत स्वीकार करें: चंदूमाजरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रो प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने सोमवार को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत की जानकारी दी। प्रो चंदूमाजरा ने कहा कि सरकार को लंबे समय से धरने पर बैठे किसानों के साथ केंद्र और पंजाब सरकार को तुरंत सहयोग कर उनकी मांगों के प्रति गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से धरने पर बैठे किसानों के प्रति केंद्र और पंजाब सरकार की पूर्ण चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कृषि मंत्री से तुरंत किसानों से बातचीत कर सार्थक समाधान निकालने की अपील की।

# विस्थापित कुलिग गांव की उम्मीदें अधूरी, सड़क के बिना जिंदगी मुश्किल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोपेश्वर। चमोली जिले के देवाल विकास खंड का आपदाग्रस्त गांव कुलिंग का सरकार की ओर से विस्थापन दिदिणा तोक में तो किया गया लेकिन सड़क स्वीकृत हुए 16 वर्ष गुजर जाने के बाद भी मोटर सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। दिदिणा के ग्रामीणों को गांव तक पहुंचने के लिए छह किलोमीटर की पैदल दूरी नापनी पड़ती है। 15 जुलाई 2018 को हुई अतिवृष्टि से कुलिग गांव के नीचे छोर से भूस्खलन से गांव खतरें की जद में आ गया था। वर्ष 2022 में प्रशासन ने गांव के तोक दिदिणा में 60 परिवारों को बसा दिया गया है। दिदिणा जाने के लिए ग्रामीणों को तीन किलोमीटर की चढ़ाई और तीन किलामीटर उतराई के साथ नदी नालों को पार कर आवाजाही करनी पडती है। बच्चे, बूढ़े, बीमार, गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए सड़क तक पहुंचाने के लिए डंडी कंडी का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरकार से मिले साढ़े चार लाख रूपयों से घर तो बना लिए हैं, लेकिन विस्थापित गांव में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। ग्राम प्रधान हुकम सिंह बिष्ट ने जिलाधिकारी संदीप तिवारी को भेजें ज्ञापन में कहा है कि वर्ष 2008-09 में साढ़े नौ किलोमीटर स्वीकृत हुई है। सड़क के लिए काटे जाने वाले पेड़ों की क्षतिपूर्ति के लिए पोधरोपण के लिए 12 हेक्टेयर भूमि का चयन किया है, लेकिन अभी तक सड़क की फाइल आगे नहीं बढ़ पा रही है। ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर गत लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का ऐलान किया था। जिस पर क्षेत्रीय विधायक भूपाल राम टम्टा ने छह माह में सड़क निर्माण शुरू करने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों ने इस आश्वासन के बाद चुनाव बहिष्कार वापस लिया और वोट किया। लेकिन 10 माह बीतने के बाद समस्या जस की तस बनी हुई है। अधिशासी अभियंता बोले-जल्द शुरू होगा सड़क का काम इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के ईई (अधिशासी अभियंता) दिनेश मोहन गुप्ता ने बताया कि कुलिग-दिदिणा नौ किलोमीटर सड़क मार्ग स्वीकृत है। अभी वन भूमि हस्तांतरण की फाइल की प्रक्रिया गतिमान है। जल्द ही सड़क का काम शुरू किया जाएगा।

# अंग्रेजों के जमाने में किसानों के शोषण की याद दिला रही केंद्र सरकार : सैलजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सोमवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को हठधर्मिता छोड़कर इस दिशा में उचित कदम उठाना चाहिए। सुश्री सैलजा ने यहाँ जारी बयान में आरोप लगाया कि श्री डल्लेवाल स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम खुला पत्र लिखकर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून समेत 13 मांगों को उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार किसानों की बात सुनने को तैयार ही नहीं है, सरकार ने पंजाब और हरियाणा के बॉर्डर को भारत-पाकिस्तान का बॉर्डर बनाकर रख दिया है। किसानों की बात सुनने के बजाय उन पर पानी की बौछार की जा रही है, उन पर आंसू गैस के गोले दागे जा रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ही कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन को किसानों से एमएसपी लागू समेत तमाम वायदे कर समाप्त करवाया था पर सरकार किसानों से किए वायदे भूल गई। कांग्रेस नेता ने कहा है कि उनकी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक किसानों के हक की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भाजपा किसानों के बजाय पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है। सुश्री सैलजा ने आरोप लगाया कि किसानों पर बर्बरता का हरियाणा सरकार का कृत्य तानाशाही, अमानवीय है। उन्होंने कहा कि किसानों के न्याय की हुंकार से डरी मोदी सरकार जिस तरह अन्नदाताओं के साथ सलूक कर रही है वह अंग्रेजों के दौर में किसानों के शोषण की याद दिलाता है।

# मसूरी माल रोड पर दौड़ेंगी गोल्फ कार्ट, देश-दुनिया के पर्यटक करेंगे सुगम और रोमांचक सफर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**


■ पर्यावरण अनुकूल गोल्फ कार्ट से निखरेगी पहाड़ों की रानी मसूरी की सुंदरता



देहरादून। पहाड़ों की रानी मसूरी के मशहूर माल रोड पर यातायात का दबाव कम करने और स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों को सुगम आवागमन सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही गोल्फ कार्ट दौड़ती नजर आएंगी। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में यह योजना रंग लाने लगी है। नगर पालिका परिषद ने इस पहल के तहत पहले चरण में चार गोल्फ कार्ट चलाने का निर्णय लिया है। माल रोड पर प्रशिक्षकों ने स्थानीय रिक्शा चालकों को गोल्फ कार्ट चलाने का प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत चालकों को गोल्फ कार्ट के संचालन और इसके तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण के बाद ये चालक पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को माल रोड पर सुगम और प्रदूषण मुक्त सफर कराएंगे।दरअसल, माल रोड पर वाहनों के आवागमन से होने वाली समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने वाहनों पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इस रोक के कारण स्थानीय लोगों और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए गोल्फ कार्ट को एक आदर्श समाधान के रूप में प्रस्तुत किया गया। जल्द शुरू होगी सेवा प्रशिक्षण के पूरा होते ही गोल्फ कार्ट की सेवाएं चालू कर दी जाएंगी। इससे न केवल माल रोड पर यातायात का दबाव कम होगा बल्कि यह पर्यटकों को एक नया अनुभव भी प्रदान करेगा। गोल्फ कार्ट चलने से क्षेत्र का पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा और स्थानीय चालकों को रोजगार का अवसर मिलेगा। माल रोड पर यातायात दबाव होगा कम डीएम सविन बंसल ने कहा कि मसूरी की सुंदरता और शांति को बनाए रखने के लिए यातायात प्रबंधन में सुधार हमारी प्राथमिकता है। गोल्फ कार्ट न केवल एक सुगम साधन होगा बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। हम इसे जल्द ही शुरू करेंगे ताकि स्थानीय नागरिक और पर्यटक इसका लाभ उठा सकें। पर्यटकों के लिए खास आकर्षणगोल्फ कार्ट न केवल एक यात्रा का साधन होगा बल्कि यह पर्यटकों के लिए एक खास अनुभव भी साबित होगा। प्रदूषण मुक्त और आरामदायक सेवा मसूरी को आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। यह पहल न केवल माल रोड पर यातायात दबाव कम करेगी, बल्कि मसूरी की प्राकृतिक खूबसूरती और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी। पर्यावरण संरक्षण और रोजगार में योगदानगोल्फ कार्ट की यह पहल क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने में भी सहायक होगी। चालक जो पहले रिक्शा संचालन करते थे, अब प्रशिक्षित होकर इन आधुनिक गोल्फ कार्ट का संचालन करेंगे।

# तेज रफ्तार की मार! डंपर ने बाइक सवार दो भाइयों को कुचला, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

हरिद्वार। बाइक सवार दो भाइयों को भगवानपुर इमली रोड पर सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजवाया। जबकि गंभीर घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश कर रही है। दरअसल, मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाई कंपनी के लिए घर से निकले थे। बाइक सवार जैसे ही भगवानपुर इमली रोड पर पहुंचे तो इसी बीच तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया। घटना के बाद चालक डंपर सहित मौके से फरार हो गया। सड़क पर लहूलुहान युवकों को पड़ा देख राहगीरों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस 108 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063